

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 30 अप्रैल 2024 ■ बैसाख कृष्ण पक्ष-7 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-032 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 1 मई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112




## संक्षेप

### ईडी की हिरासत में खाद्य विभाग व मार्कफेड के अधिकारी

**रायपुर,30 अप्रैल.** कस्टम मीलिंग घोटाले में ईडी ने कारवाई करते हुए खाद्य विभाग तथा मार्कफेड के अधिकारियों को हिरासत में लिया हैं। बता दे कि मार्कफेड के अधिकारी 175 करोड़ के कस्टम मीलिंग घोटाले में बयान देने ईओडब्लू पहुंचे थे। पूछताछ के दौरान ही ईडी की टीम अचानक पहुंची और अधिकारी को गाड़ी में बिठाकर लेकर चली गई। ईडी ने हिरासत में लेने के बाद अधिकारी को गिरफ्तार किया है या सिर्फ पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है, इसकी कोई सूचना नहीं है।

विदित हो कि ईओडब्लू ने कस्टम मीलिंग घोटाले में जांच तेज कर दी है। हजारों करोड़ के घोटाले में कथित मास्टर माइंड रोशन चंद्राकर से कल पूछताछ हुई थी और आज खाद्य विभाग के पूर्व विशेष सचिव और बीएसएनल अधिकारी मनोज सोनी को पूछताछ के लिए ईओडब्लू तलब किया गया है। मनोज सोनी मार्कफेड के एमडी भी रहे हैं। मनोज सोनी के खिलाफ ईओडब्लू में भी केस दर्ज है। सोनी के ठिकानों पर ईडी का दो बार छापा भी पड़ चुका है। इसी कस्टम मीलिंग घोटाले में ईओडब्लू ने भी मुकदमा दायर किया है। इसमें मनोज सोनी, रोशन चंद्राकर समेत कई अफसरों, कांग्रेस नेताओं और राईस मिलरों के नाम हैं।

### बनारस समेत 30 हवाई अड्डों को विस्फोटक से उड़ाने धमकी भरा मेल

**नई दिल्ली,30 अप्रैल.** 30 एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिल रही है. वाराणसी समेत कई हवाईअड्डों को उड़ाने की धमकी मिली है। ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली है। फिलहाल जिस मेल आईडी से मेल आया है उसका पता लगाया जा रहा है। वाराणसी समेत देशभर के कुल 30 हवाईअड्डों को सोमवार को ईमेल से बम की धमकी मिली, जिसके बाद परिसर में सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया। वाराणसी हवाईअड्डे के अधिकारियों को कल शाम उनके आधिकारिक ईमेल पते पर धमकी भरा मेल मिला। मेल में दावा किया गया है कि सभी हवाईअड्डों पर बम फिट कर दिए गए हैं और एक बटन दबाते ही परिसर को उड़ा दिया जाएगा। मेल मिलने के तुरंत बाद सीआईएसएफ और उत्तर प्रदेश पुलिस के सुरक्षा अधिकारियों ने एक आपात बैठक की और वाराणसी हवाईअड्डा परिसर में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया. सभी गेटों पर निगरानी बढ़ा दी गई और गहन निरीक्षण शुरू किया गया जो देर रात तक जारी रहा। जिस मेल आईडी से धमकी दी गई है उसकी जांच की जा रही है लेकिन अभी तक इसे भेजने वाले के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है.

# मुठभेड़ में 3 महिला समेत 9 नक्सली ढेर

## एके-47 सहित भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक जब्त



**नारायणपुर,30 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 9 नक्सली मारे गए हैं। नारायणपुर के अबूझमाड़ के टेकामेटा इलाके में डीआरजी और एसटीएफ के जवानों के साथ नक्सलियों का आमना-सामना हुआ। मंगलवार सुबह ही दोनों तरफ से जमकर गोलीबारी हुई। पुलिस ने सभी सातों मारे गए नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं। इनमें तीन महिला नक्सली भी शामिल हैं। सभी की शिनाख्त की कोशिश की जा रही है। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल से एक एके-47 समेत भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद हुआ है. फिलहाल, इलाके में सर्चिंग जारी है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर के टेकामेटा इलाके में बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर सोमवार की देर रात जवानों को सर्च ऑपरेशन के लिए निकाला गया था। जवान मंगलवार की सुबह जब इस इलाके में पहुंचे तो यहां नक्सलियों ने उन्हें देखते ही फायर खोल दिया। इसके बाद जवानों ने भी नक्सलियों की गोलियों का जवाब दिया। सूत्रों के मताबिक यहां पर नक्सलियों के बड़े कैडर्स मौजूद थे।

मुठभेड़ पश्चात घटनास्थल की सर्चिंग के दौरान अब तक दो महिला माओवादी सहित कुल सात माओवादी कैडर के शव बरामद किए गए, जिसकी शिनाख्तगी की जा रही है.

बता दे कि पिछले हफ्ते कांकेर के आमाटोला इलाके में नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच जोरदार मुठभेड़ हुई थी जिसमें जवानों ने 29 नक्सलियों को मार गिराया था। यह पहला मौका था जब इतनी बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौत हुई थी। इसके बाद से कई छुटपुट मुठभेड़ भी हुए जबकि बड़ी संख्या में माओवादियों की गिरफ्तारी भी की गई। लगातार जारी सर्चिंग और धरपकड़ के साथ नक्सल उन्मूलन की दिशा में आगे बढ़ रहे पुलिस का हौंसला सातवें आसमान पर हैं जबकि दूसरी तरफ नक्सलियों का मनोबल गिरा हुआ हैं। केंद्र और राज्य सरकारों की तरफ से आने वाले दो सालो के भीतर नक्सलवाद के सफाये का दावा किया जा रहा हैं।

### हमारे जवान की कोशिश से बस्तर नक्सलवाद से मुक्त होगा : साव

कांकेर जिले और नारायणपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में फिर एक बार नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई है। मुठभेड़ अभी भी जारी है। नारायणपुर-कांकेर सीमावर्ती इलाके के अबुझमाड़ में डीआरजी-एसटीएफ जवानों और नक्सलियों की मुठभेड़ में करीब 7 नक्सलियों के मारे जाने की खबर मिली है। वही नारायणपुर में हुए नक्सली मुठभेड़ को लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव का बयान सामने आया हैं उन्होंने कहा कि मारी सरकार ने पूरे योग्यता से बस्तर को नक्सलवाद से मुक्त करने का संकल्प किया है, मजबूती से केंद्र और राज्य सरकार मिल कर काम कर रहे है, हमारे जवान की कोशिश से बस्तर नक्सलवाद से मुक्त होगा।

# धर्म के आधार पर लादे गये आरक्षण को खत्म करेंगे: शाह

**गुवाहाटी,30 अप्रैल.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुवाहाटी में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की दूसरी पार्टियों पर करारा निशान साधा। अमित शाह ने कहा कि सरकार बनने के बाद धर्म के आधार पर लादे गये आरक्षण को खत्म करेंगे। वहीं कांग्रेस ने मेरा फेक वीडियो बनाकर राजनीति स्तर को नीचे गिराया है। मैं मानता हूं कि अब फेक वीडियो प्रसार करके फर्जी जनसमर्थन प्राप्त करने का प्रयास निंदनीय है और भारतीय राजनीति में किसी प्रमुख दल के द्वारा कभी ऐसा नहीं किया गया। सरकार बनने के बाद फेक वीडियो के खिलाफ भी कड़ा कानून लाएंगे। अमित शाह ने कहा कि सबसे पहले कांग्रेस ने संयुक्त आंध्र प्रदेश में मुसलमानों को रिजर्वेशन दिया, उसकी वजह से ओबीसी का आरक्षण कटा है। उसके बाद कर्नाटक में कोई सर्वे किए बिना सारे मुसलमानों को चार प्रतिशत का कोटा रिजर्व कर दिया, इससे भी ओबीसी का आरक्षण कटा है।



शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि हमने पूर्ण बहुमत का प्रयोग अनुच्छेद 370 खत्म करने में किया। कोरोना के खिलाफ लड़ने में किया, अंग्रेजों के कानून बदलकर भारतीय पद्धति के कानून लाने और त्रिपल तलाक को खत्म करने में किया। इसके बाद कोर्ट से जनादेश मिलने के बाद राम मंदिर बनाने में भी हमारी सरकार ने भूमिका निभाई। वहीं कांग्रेस पार्टी झूठ फैलाकर जनता के बीच में भ्रांति फैलाना चाहती है। भारतीय जनता पार्टी एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण की समर्थक और हमेशा इसके संरक्षण के लिए भूमिका निभाएगी। ये बात नरेंद्र मोदी ने भी कई बार बोला हैष। एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में किसी दल ने डाटा डाला है, तो वह कांग्रेस पार्टी है।

अमित शाह ने आगे कहा कि सबसे पहले कांग्रेस ने संयुक्त आंध्र प्रदेश में मुसलमानों को रिजर्वेशन दिया। उसकी वजह से ओबीसी का आरक्षण कटा। उसके बाद कर्नाटक में कोई सर्वे किए बिना सारे मुसलमानों को चार प्रतिशत का कोटा रिजर्व कर दिया। इससे भी ओबीसी का आरक्षण कटा है। धर्म के नाम पर आरक्षण संविधान संवत नहीं है, गैर-संवैधानिक है। जब भी इन राज्यों में हमारे पास अधिकार आएगा, हम इस धर्म के आधार पर लादे गए आरक्षण को खत्म करके एससी, एसटी और ओबीसी के आधार पर न्याय दिलाने का काम करेंगे. अमित शाह ने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि उनकी हताशा-निराशा इस तर्क पर पहुंच गई है कि उन्होंने मेरा और कुछ बीजेपी नेताओं का फेक वीडियो बनाकर सार्वजनिक तौर पर फॉरवर्ड करने का काम किया है। जब से राहुल गांधी कांग्रेस की कमान संभाले हैं, राजनीति का स्तर नीचे ले जाने का काम कर रहे हैं। इसका चरम लोकसभा में चर्चा ना होने देना, राज्यसभा में बहिष्कार करा देना, शोर-शराबे करना और झूठ बोलकर प्रजा में भ्रांति फैलाने के काम उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी कर रही है।

## आलू से भरे पिकअप से 50 लाख रुपए जब्त

**रायपुर,30 अप्रैल.** लोकसभा चुनाव मद्देनजर आरंग पुलिस द्वारा रात्रि में महासमुंद तिराहे के पास चेकिंग के दौरान आलू से भरे



पिकअप ढेंकानाल ओडिसा निवासी ड्राइवर प्रताप प्रधान था, को रुकवाया गया तो उसके अंदर कार्टून में छिपा कर रखा लगभग 50 लाख रुपए मिला। पैसे संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज न होने से 102 सीआरपीसी के तहत जप्त किया गया है और इनकम टैक्स विभाग को सूचित किया गया है। पुलिस द्वारा जांच जारी है। जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर संतोष सिंह के द्वारा कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी तथा लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर थाना क्षेत्र में चेक पोस्ट और एसएसटी, फ्लाइंग स्क्वाड के माध्यम से राज्य/जिले से बाहर आने जाने वाली वाहनो पर सतत निगरानी रखने के उद्देश्य से जगह-जगह चेक पोस्ट लगाकर वाहनों की तलाशी करने निर्देशित किया गया है, जिसके दौरान यह कार्यवाही की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर के साथ उक्त कार्यवाही में टीआई आरंग सत्येंद्र श्याम, प्रधान आरक्षक ऋषि पटेल, गिरधर प्रजापति एवं अन्य स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सांसद प्रज्वल रेवन्ना जेडीएस से निलंबित

**बेंगलुरु,30 अप्रैल.** पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को जेडीएस ने निलंबित कर दिया है। रेवन्ना के ऊपर यौन उत्पीड़न के आरोप लगे हैं और वह फिलहाल देश से बाहर भागे बताए जा रहे हैं। देवेगौड़ा के सांसद पोते के खिलाफ लगातार ऐक्शन की मांग उठ रही थी और पुलिस ने भी केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में पार्टी ने प्रज्वल रेवन्ना को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है। रेवन्ना पर आरोप है कि उन्होंने कई महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया था। इसके कथित वीडियोज भी सामने आए थे। यही नहीं आज ही होम मिनिस्टर अमित शाह से भी इस बारे में सवाल पूछा था। इस पर उन्होंने कहा था कि ऐसी हरकतों का बचाव नहीं किया जा सकता। प्रज्वल रेवन्ना को उनके खिलाफ चल रही एसआईटी की जांच पूरी होने तक के लिए निलंबित किया गया है। यदि एसआईटी जांच उनके खिलाफ आती है तो यह निलंबन बढ़ जाएगा, लेकिन क्लीन चिट मिली तो यह खत्म हो जाएगा। सांसद प्रज्वल रेवन्ना को लेकर भाजपा को भी मुश्किलें आ रही हैं क्योंकि उसका जेडीएस के साथ गठबंधन है। ऐसे में कांग्रेस की ओर से सवाल पूछे जा रहे हैं कि आखिर भाजपा क्यों जेडीएस के साथ है, जिसके नेता पर इतने गंभीर आरोप लगे हैं। यही नहीं



प्रज्वल रेवन्ना के देश से बाहर जाने को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। इस मामले को लेकर सियासत इसलिए भी तेज है क्योंकि एचडी रेवन्ना जेडीएस और भाजपा के संयुक्त उम्मीदवार भी हैं। उन्होंने हासन लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा है, जहां 26 अप्रैल को वोटिंग हुई थी। बता दें कि इस मामले में एचडी कुमारस्वामी ने पहले ही कहा था कि भले ही रेवन्ना मेरे भतीजे हैं, लेकिन यदि कोई दोषी साबित हुआ तो कोई रहम नहीं किया जाएगा। कुमारस्वामी ने कहा था, एसआईटी का गठन हो गया है, जांच चल रही है। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ ऐक्शन होगा। कानून का पालन होगा और जरूरी कार्रवाई होगी। हम अपनी पार्टी के स्तर पर भी बिना कोई रहम दिखाए कड़ा ऐक्शन लेंगे। ऐसे मामले में बचाव करने का कोई सवाल ही नहीं है।

## झंडा विवाद में देवेंद्र यादव पर भी एफआईआर

**बिलासपुर 30 अप्रैल।** बिलासपुर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव की मुश्किलें बढ़ गयी है। झंडा विवाद में पुलिस ने देवेंद्र यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है। दरअसल देवेंद्र यादव के साथ विवाद को लेकर एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें देवेंद्र यादव और पुलिस-प्रशासन के बीच नोंकझोंक हुई थी। इस वीडियो में देवेंद्र यादव ये कहते हुए भी दिखाई दे रहे थे कि अगर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करना है, तो कर लीजिये, लेकिन झंडे मत निकलवाईये। जानकारी के मुताबिक राहुल गांधी की सकरी में सभा के पहले देवेंद्र यादव का पुलिस-प्रशासन के साथ विवाद हुआ था। सभा स्थल के पास डिवाइडर पर झंडे लगे थे। आरोप था कि बिना अनुमति के झंडे लगाये गये थे। जिसके बाद पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। वहीं फ्लाइंग स्कावाड की टीम ने 50 से ज्यादा झंडे उतार लिये थे। उड़नदस्ता प्रभारी की शिकायत पर पुलिस ने मामले में जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।वन विस्तार अधिकारी सुंदर ध्रुव तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के उड़नदस्ता प्रभारी हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि शनिवार को शिकायत मिली कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सकरी क्षेत्र के मेन रोड और डिवाइडर में बिना अनुमति के पार्टी के पक्ष में झंडे लगाए हैं। सूचना पर उड़नदस्ता टीम के सदस्य और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस के साथ उड़नदस्ता टीम मौके पर पहुंची। मौके पर से 50 झंडे जब्त किए गए। उड़नदस्ता प्रभारी ने इसकी शिकायत सकरी थाने में की।

# जग्गी हत्याकांडः याहया ढेबर ने किया सरेंडर

**रायपुर 30 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

रामवतार जग्गी हत्याकांड में एक और आरोपी ने सरेंडर कर दिया है। जग्गी हत्याकांड से जुड़ी मामले में कोर्ट में पहले से ही दो आरोपियों ने सरेंडर कर दिया था। अब आरोपी याहया ढेबर ने भी रायपुर कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। आपको बता दें कि 2003 में रामावतार जग्गी की हत्या हुई थी। आपको बता दें कि जग्गी हत्याकांड मामले में कुल 31 आरोपी बनाये गये थे। 15 अप्रैल को दो शूटर विनोद सिंह राठौर और चिमन सिंह ने स्पेशल कोर्ट में सरेंडर किया था। जग्गी हत्याकांड का मुख्य आरोपित याहया ढेबर रायपुर के ढेबर बंधुओं में से एक है। पांच भाइयों में एजाज ढेबर रायपुर के मौजूदा मेयर हैं। वहीं एक भाई अनवर ढेबर शराब कारोबारी है।

छत्तीसगढ़ के शराब घोटाला केस में ईडी ने उसे छह मई, 2023 को गिरफ्तार किया था।हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने हत?याकांड मामले की सुनवाई करते हुए पांच दोषियों को सरेंडर के लिए तीन सप?ताह का अतिरिक?त समय दिया था। इनमें क्राइम ब्रांच के प्रभारी रहे आरसी त्रिवेदी,



तत्कालीन मौदहापारा थाना प्रभारी वीके पांडे, सीएसपी कोतवाली अमरीक सिंह गिल, सूर्यकांत तिवारी सहित मेयर एजाज ढेबर के भाई याहया ढेबर शामिल हैं। गौरतलब है कि 21 वर्ष पहले 4 जून 2003 को एनसीपी के कोषाध्यक्ष रामअवतार जग्गी की गोली मारकर हत्या की गई थी. उसके बाद उनके बेटे सतीश जग्गी ने मौदहापारा थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी. इस मामले में निचली अदालत ने 31 मई 2007 को कुछ आरोपियों को बरी करते हुए शेष आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाई थी. हाई कोर्ट ने उस फैसले को बरकरार रखा है. अब शूटर चिमन सिह, याहया ढेबर, तत्कालिक सीएपी अमरिंदर गिल,आरसी त्रिवेदी, व्हीके पाण्डेय, अभय गोयल सहित 27 लोगों को उम्र कैद की सजा दी गई है. गौरतलब है कि इस मामले की सीबीआई जांच हुई थी. एनसीपी नेता रामअवतार जग्गी की हत्या के मामले में सीबीआई ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को भी मुख्य आरोपी बनाया था. हालांकि, सेशन कोर्ट ने 31 मई 2007 को अमित जोगी को बरी कर दिया, जबकि 28 लोगों को सजा सुनाई थी. सूत्र बताते हैं कि इस मामले के एक आरोपी यहिया ढेबर के भाई अनवर ढेबर ने उस वक्त कहा था कि उसका भाई बेगुनाह है. उसने एक जज के बेटे का स्टिंग ऑपरेशन करने का दावा भी किया था. अनवर ढेबर स्टिंग ऑपरेशन की सीडी को लेकर तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह के पास भी गए थे. इसके बाद सिंह ने मामले की जांच का आश्वासन दिया था.

# अमित शाह फेक वीडियो केस में दो बंदी

**नई दिल्ली,30 अप्रैल.** गृह मंत्री अमित शाह के फेक एडिटेड वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर किए जाने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. अहमदाबाद साइबर क्राइम टीम ने 2 लोगों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए दोनों आरोपी आम आदमी पार्टी और कांग्रेस से जुड़े हुए हैं. अमित शाह की 2 सभाओं के वीडियो को काटकर खास एजेंडे के तहत वायरल किया गया था. पकड़े गए दोनों आरोपियों के नाम सतीश वनसोला और आर बी बारिया है. सतीश वनसोला कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवानी का क्षेत्रीय कार्यालय संभालता है जबकि आर बी बारीया आम आदमी पार्टी के दाहोद जिले का प्रमुख है. दोनों ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किए थे. बता दें कि इस मामले में दिल्ली पुलिस ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है और कई राज्यों में इसकी जांच की जा रही है. दिल्ली पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पुलिस की जांच का दायरा कई राज्यों तक फैल गया है. एडिटेड वीडियो की जांच के लिए झारखंड, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, नागालैंड के लिए दिल्ली पुलिस की अलग- अलग टीमें भेजी गई हैं. फर्जी वीडियो मामले में पुलिस ने तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी को भी तलब किया गया है. फर्जी वीडियो को शेयर किए जाने के मामले में यूपी में समाजवादी पार्टी के एक लोकसभा प्रत्याशी को नोटिस दिया गया है और पूछताछ के लिए बुलाया गया गया है. झारखंड में कांग्रेस के एक नेता को भी नोटिस मिला है. पूछताछ के लिए दिल्ली बुलाया गया है. नागालैंड के कांग्रेस नेता को भी नोटिस भेजा गया है. इन सभी को अपना मोबाइल साथ लाने को कहा गया है. जानकारी के मुताबिक, तेलंगाना सीएम रेड्डी समेत छह लोगों को दिल्ली पुलिस ने पूछताछ के लिए बुलाया है. एडिटेड वीडियो मामले में कई राज्यों के लोग शामिल हैं. बता दें कि अमित शाह के जिस फर्जी वीडियो को सोशल मीडिया पर तेजी से शेयर किया जा रहा था वो आरक्षण से जुड़ा हुआ था. अमित शाह ने गुवाहाटी में उस फेक वीडियो को लेकर कांग्रेस पर हमला भी बोला. अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठ फैलाकर जनता के बीच में भ्रांति फैलाना चाहती है. भारतीय जनता पार्टी एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण की समर्थक और हमेशा इसके संरक्षण के लिए भूमिका निभाएगी. ये बात नरेंद्र मोदी ने भी कई बार बोला है.

# भारत का लक्ष्य महाशक्ति बनने का है, हम पैसे के लिए भीख मांगते फिर रहे

### पाकिस्तानी सांसद ने संसद में उठाए सवाल

**करांची,30 अप्रैल.**भारत के साथ तुलना करते हुए पाकिस्तानी विपक्षी नेता मौलाना फ्ज़लुर रहमान ने संसद में अपने भाषण में कहा कि पड़ोसी देश वैश्विक महाशक्ति बनने का प्रयास कर रहा है और पाकिस्तान दिवालियापन की ओर बढ़ रहा है। अगस्त 1947 में भारत और पाकिस्तान को एक साथ आजादी मिली। आज, भारत एक वैश्विक महाशक्ति बनने का सपना देख रहा है, जबकि हम दिवालिया होने से बचने के लिए भीख मांग रहे हैं। जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम पाकिस्तान के प्रमुख फ्ज़लुर रहमान ने साथी सांसदों से पूछा कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है? नकदी



संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से 3 बिलियन डॉलर का बेलआउट फंडिंग पैकेज मिल रहा है, और एजेंसी सोमवार को इसकी अंतिम किश्त तुरंत वितरित करने पर सहमत हो गई है। इस्लामाबाद आईएमएफ से और अधिक फंड मांगने की योजना बना रहा है। पाकिस्तान के प्रमुख दक्षिणपंथी इस्लामी नेता ने भी हाल ही में हुए आम चुनावों की आलोचना की और कहा कि चुनावों और देश को चलाने में प्रतिष्ठान और नौकरशाही की कोई भूमिका नहीं है। यह कैसा चुनाव है जहां हारने वाले संतुष्ट नहीं हैं और जीतने वाले परेशान हैं। उन्होंने वर्तमान संसद की वैधता पर भी सवाल उठाया और इसके सदस्यों पर सिद्धांतों को त्यागने और लोकतंत्र को बेचने का आरोप लगाया, स्थानीय मीडिया स्रोतों का हवाला देते हुए बताया है। फ्ज़लुर रहमान ने कहा कि दीवारों के पीछे कुछ शक्तियां हैं जो हमें नियंत्रित कर रही हैं और वे निर्णय लेते हैं जबकि हम सिर्फ कठपुतली हैं। विपक्षी नेता ने आगे कहा कि सरकारें महलों में बनती हैं, और नौकरशाह तय करते हैं कि प्रधानमंत्री कौन होगा। हम कब तक समझौता करते रहेंगे? हम कब तक कानून निर्माताओं के रूप में चुने जाने के लिए बाहरी ताकतों से मदद मांगते रहेंगे?

# आईपीएस जीपी सिंह को कैट से मिली बड़ी राहत

## चार हफ्तों में प्रकरण को निराकृत कर बहाल करने का निर्देश

**रायपुर 30 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

अनिवार्य सेवानिवृत्त किए गए आईपीएस जीपी सिंह को कैट से राहत मिल गयी है। कैट ने चार हफ्तों के भीतर जीपी सिंह से जुड़े सभी मामलों को निराकृत कर बहाल करने का आदेश दिया है। आपको बता दें कि 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी जीपी सिंह को राज्य सरकार की अनुशंसा पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछली सरकार के कार्यकाल में बर्खास्त कर दिया था।



जुलाई के महीने में अनिवार्य सेवानिवृत्ति के आदेश को जीपी सिंह ने कैट में चुनौती दी थी। आपको बता दें कि एसीबी की टीम ने एक जुलाई 2021 को सिंह के पुलिस लाइन स्थित सरकारी बंगले के अलावा राजनांदगांव व ओडिशा के 15 अन्य स्थानों पर छापामार कार्रवाई की थी, जिसमें 10 करोड़ की अघोषित संपत्ति के साथ कई संवेदनशील दस्तावेज मिले थे। छापे से मिली संपत्ति के आधार पर एसीबी ने भ्रष्टाचार के मामले में एफआईआर दर्ज किया था, वहीं दूसरी ओर सरकार ने राजद्रोह का केस दर्ज किया था। आपको बता दें कि जीपी सिंह पर 2022 में छत्तीसगढ़ सरकार ने राजद्रोह का केस दर्ज किया था। इस मामले में उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। हालांकि बाद में हाईकोर्ट से जमानत ले ली थी। लेकिन इस आदेश के बाद उनकी सेवा समाप्त हो जाएगी।सिंह को लेकर एक अफवाह ये भी फैल गई कि उन्हें बर्खास्त किया गया है, लेकिन ऐसा नहीं है। उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी गई है। सिंह को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने के लिए बाकायदा एक समिति बनाई गई थी। राज्य शासन से अनुशंसा के बाद केंद्र यह समिति बनाती है। सिंह के मामले में राजस्थान के आईपीएस अफसर के नेतृत्व में यह समिति बनी थी। इसकी अनुशंसा पर मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स ने फैसला लिया। नियमों के मुताबिक 20 साल की सेवा या 50 साल की उम्र पूरी करने के बाद कंपलसरी रिटायरमेंट के लिए अनुशंसा की जा सकती है।

### ट्रक ने हाइवा को मारी टक्कर,चालक की मौत

**सारंगढ़,30 अप्रैल.** हाइवा और डाला ट्रक मे हुई भिड़ंत में एक चालक की मौत हो गई.यह घटना बीते रात्रि 2-3 बजे की बताई जा रही है, यह घटना सारंगढ़ के ग्राम बंजारी के पास की है। एक हाइवा वाहन का चक्का पंचर हो जाने से रोड किनारे गाड़ी लगाकर चालक सो रहा था, तभी रात्रि मे पीछे से आ रहा ट्रक ने रोड किनारे खड़े वाहन को टक्कर मार दिया, टक्कर इतना जबरदस्त था.

## एक नजर

### फर्जी अंकसूची से नौकरी,युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 30 अप्रैल।** भिलाई फर्जी अंक सूची के आधार पर बीएसपी में फर्जी अनुकंपा नियुक्ति का दस्तावेज तैयार कर भिलाई इस्पात संयंत्र में नौकरी करने वाले कर्मी किशन लाल (59वर्ष) को भट्ठी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने किशन लाल के खिलाफ धारा 420,467, 468, 471 के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है भट्ठी टीआई विपिन रंगारी ने बताया कि गुंडरदेही बालोद निवासी मंथीर राम टंडन ने पिछले साल एसपी कार्यालय में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके पिता लैनू राम टंडन बीएसपी के कोक ओवन विभाग में सीनियर आपरेटर के पद पर कार्यरत थे। वर्ष 1990 पिता मेडिकल अनफिट हो गए। इसके चलते छोटे भाई ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन लगा दिया। उस दौरान उसने 10वीं पास का सार्टिफिकेट लगाया था। जबकि उनका भाई 10वीं की परीक्षा में फेल हो गया,लेकिन फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर छोटे भाई किशन लाल ने बीएसपी में नियमित कर्मचारी के रूप में एमएम सिविल मेंटनेस विभाग सेक्टर - 9 अटेंण्डेंट सिविल के पद पर नियुक्ति पा ली भट्ठीटीआई ने बताया कि शिकायत मिली कि किशन लाल फर्जी अंकसूची के आधार पर बीएसपी में नौकरी कर रही है। पूरे मामले की जांच करने पर किशन लाल ने वर्ष 1993 में एन.एम.आर की श्रेणी में अनुकंपा नियुक्ति के समय जो दस्तावेज अपनी शैक्षणिक योग्यता के संबंध में जमा किया था। वह फर्जी पाया गया। इस आधार पर भट्ठी पुलिस ने आरोपी किशन लाल निवासी ग्राम-पुरई उतई निवासी को गिरफ्तार कर लिया है।

### कार चालक ने ई रिक्शा को टक्कर मारी,4 घायल



**भिलाई, 30 अप्रैल।** भिलाई कुम्हारी थाना क्षेत्र नशे में धुत होकर कार चलाने वाले चालक ने ई रिक्शा को ठोकर मार दी। घटना में चार लोगों को चोट आई है। घटना के बाद कार चालक फरार हो गया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि ई-रिक्शा चालक रविवार रात 3 महिला समेत एक बुजुर्ग को लेकर कुम्हारी से भिलाई की ओर आ रहा था इसी दौरान एक कार सीजी 08 एएस 3921 का चालक तेज रफ्तार में आया और ई-रिक्शा को पीछे से ठोकर मार दी रिक्शा उछलकर पलट गया हादसे में एक बुजुर्ग का पैर टूट गया है, तो वहीं तीनों महिलाओं को काफी चोटें आई हैं हादसे के बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों ने कार चालक को पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई भी कर दी खबर लगते ही कुम्हारी पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को हिरासत में लिया इसके बाद घायलों को इलाज के लिए कुम्हारी अस्पताल भेजा गया जहां से बुजुर्ग रायपुर रेफर किया गया है पुलिस ने कार चालक गंडई निवासी लोमन नेताम को गिरफ्तार कर लिया चालक का पुलिस ने एल्कोहल टेस्ट करने पर जमकर शराब पीना बताया गया है

### नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई की



**भिलाई, 30 अप्रैल।** भिलाई ट्रैफिक पुलिस ने भारी वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई किया है डीएसपी ट्रैफिक सतीश ठाकुर ने बताया कि सडक दुर्घटना के मुख्य कारणों में से 1 नो पार्किंग में खडे वाहन है। ट्रैफिक पुलिस ने धारा 283 के तहत कार्रवाई कर वाहनों को जप्त किया है निरीक्षक चंद्रकांत कोसरिया, निरीक्षक बोधीराम धीरहे और उनकी टीम के द्वारा नेशनल हाईवे, नंदनी रोड में सडक पर खडे 5 भारी वाहन सीजी 04 एमसी 4114, एमएच 27 बीएक्स 7771, एनएल 01 एफ 9727, आरजे 09 जीडी 6956, आरजे 27 जेडी 0996 के खिलाफ कार्रवाई किया थाना छावनी, कुम्हारी पुलिस ने कार्रवाई किया है पुलिस ने वाहन जप्त कर वाहन मालिक चालक को अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायालय पेश किया जाएगा सड़क किनारे गैरेज संचालन करने वाले को समझाईश दी गई है ।



### पेंटिग से वोट देने के लिए किया प्रेरित

**भिलाई।** शत प्रतिशत मतदान को प्रेरित करने के लिए प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी ने नयनाभिराम पेन्टिंग का निर्माण किया है। इस माध्यम से उन्होंने प्रदर्शित किया है कि देश के विकास, अच्छे सरकार और भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए वोट जरूर दें। पेन्टिंग में उन्होंने मतदाता को ही प्रजातंत्र की सबसे बहुमूल्य कड़ी बताया है जिसके उंगली पर संसद भवन टिका हुआ है।

# मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने निकाली देवबलोदा तक साइकिल रैली



**भिलाई, 30 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी, दुर्ग के सहयोग से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत, 28 अप्रैल को इस्पात नगरी, भिलाई में मतदान में जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली सिविक सेंटर स्थित महात्मा गांधी कलामंदिर से प्रारंभ होकर आदर्श इस्पात ग्राम देवबलोदा के पुरातात्विक शिव मंदिर प्रांगण पर पहुंची, तथा वहां से वापस कलामंदिर लौटकर रैली का समापन हुआ। मतदाता जागरूकता विषयक इस साइकिल रैली को महात्मा गांधी कलामंदिर प्रांगण में संयंत्र के कार्यपालक निदेशक समीर स्वरुप ने सुबह 6:30 बजे झंडी दिखाकर रवाना किया, तथा रैली का नेतृत्व कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने किया। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक एस के सोनी, ओए के महासचिव परविंदर सिंह सहित संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगणों ने रैली को रवाना किया। पवन कुमार के नेतृत्व में कलामंदिर से रवाना हुई इस साइकिल रैली में मुख्य महाप्रबंधक अरूण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक तुषार कांत, महाप्रबंधक वी सी शेखर, महाप्रबंधक अजीत कुमार गुप्ता, उप महाप्रबंधक एस के पाटीदार, उप महाप्रबंधक प्रताप शेखर नायक, उप महाप्रबंधक सुश्री रेणु गुप्ता, सहायक महाप्रबंधक योगेश कुमार वर्मा, सहायक महाप्रबंधक अभिलाष गुप्ता, सहायक महाप्रबंधक अभिषेक श्रीवास्तव, सहायक महाप्रबंधक पुनीत कुमार वर्मा, सहायक महाप्रबंधक शैलेष तिलासी सहित सेवानिवृत्त कर्मचारी आर मूर्ति व आर एस सिंह तथा हरभजन गिल, सुश्री स्मिता भट्टाचार्य, चंदन बघेल, अंशुल सगनानी ने भी रैली में भाग लेकर शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त रैली में जिला प्रशासन के गणमान्य व्यक्ति, इस्पात नगरी के नागरिक, भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारी व कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। दुर्ग जिले में अधिक संख्या में मतदान को सुनिश्चित करने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र, जिला प्रशासन के साथ मिलकर मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है।

# पुलिस ने वाहन चोर गिरोह को पकड़ा,11 वाहन जब्त



**भिलाई, 30 अप्रैल।** भिलाई पुलिस ने शातिर वाहन चोर गिरोह ह्लपकड़ा है उनके पास से 11 वाहन जब्त किया है शहर एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि वाहन चोरी की घटनाओं के मद्देनजर एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक कपिल देव पाण्डेय, थाना प्रभारी भिलाई नगर निरीक्षक राजकुमार लहरे के नेतृत्व में एसीसीयू एवं थानों की एक संयुक्त टीम गठित की। इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि दो युवक जो पूर्व में जिला रायपुर से वाहन चोरी के मामले में गिरफ्तार हुए है। वह दोनों वाहन बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में भिलाई नगर क्षेत्र में घूम रहे है। गठित टीम ने उन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्तियों से पूछताछ करने पर अपना नाम राहुल तांडी (20 वर्ष) निवासी इंदौर जलेबी के पीछे महोदापारा, रायपुर व भूषण बंजारी उर्फ सोनू (24 वर्ष) निवासी तेलीबांधा, जिला रायपुर से पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया। थाना भिलाई नगर क्षेत्र से 2 मोटर साइकिल एवं 5 नग मोटर साइकिल जिला रायपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्र से कुल 7 नग मोटर साइकिल चोरी करना बताया गया दुर्ग सीएसपी चिराग जैन ने बताया कि दूसरे मामले में दो व्यक्ति रामनगर उरला में चोरी की मोटर साइकिल बेचने के फिराक में ग्राहक तलाश रहा है। गठित टीम ने सागर ढीमर (20 वर्ष) निवासी उरला थाना मोहन नगर व दानेश्वर साहू उर्फ द्दु(19 वर्ष) निवासी रामनगर उरला थाना दुर्ग को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ करने पर 03 मोटर साइकिल थाना दुर्ग क्षेत्र से, 1 एक्टिवा थाना मोहन नगर क्षेत्र से कुल 4 नग वाहन चोरी करने का अपराध स्वीकार करने पर आरोपियों के कब्जे से उक्त चोरी की वाहन बरामद कर जब्त कर लिया है।

# मिक्स कचरा देख भड़कीं आयुक्त,सुपरवाइजर को लगाई फटकार

**रिसाली।** गीला और सूखा मिक्स कचरा देने वालों से निगम सख्ती से पेश आ रहा है। आयुक्त मोनिका वर्मा की उपस्थिति में सोमवार को आजाद मार्केट वार्ड में कर्मियों ने डोर टू डोर कचरा कलेक्शन किया। आयुक्त ने मिक्स कचरा देने वालों को कड़ी फटकार लगाते कहा कि अलग अलग कचरा देने पर ही निगम की गाड़ी कचरा लेगा। प्रगति नगर क्षेत्र की डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था देखने आयुक्त कर्मियों के साथ निकलीं। घरों से निकलने वाले कचरा का पहले वे अवलोकन करतीं, निर्देश के बाद ही स्वच्छता दूत कचरा को गाड़ी में डाल रहे थे। कई लोग ऐसे थे जिन्हे मिक्स कचरा के नाम पर आयुक्त की डाट भी खानी पड़ी। हल्का मिक्स कचरा मिलने पर घरों के सामने डस्ट बीन को पहले खाली



किया गया। किस तरह से कचरा अलग अलग रखना है उसे बताया गया। वही कई लोगों को यह कहते आयुक्त ने फटकार लगाई कि जब तक गीला सूखा कचरा नहीं मिलेगा कर्मी कचरा नहीं लेंगे। लगातार समझाइश के बाद भी डोर टू डोर व्यवस्था में सुधार नहीं आने पर आयुक्त ने पहले सुपरवाइजर की क्लास ली। काम नहीं करने पर वेतन कटौती के निर्देश दिए। आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि जो गीला सूखा कचरा अलग अलग नहीं देते हैं उनके घर से कचरा लेना बंद कर दे। अगर कोई घर का कचरा सड़क व नाली में फेकता है तो उससे जुर्माना भी लें। मिक्स कचरा देने वालों का नाम सूचीबद्ध किया जा रहा है। अब तक 30 से ज्यादा नाम नोट किया गया है। आयुक्त ने निर्देश दिए है कि ऐसे लोगों को अंतिम चेतावनी दी जाए। इसके बाद भी असर नहीं होने पर कचरा लेना बंद कर नाम सार्वजनिक किया जाए। आयुक्त ने डोर टू डोर व्यवस्था की निगरानी करने तीन चरणों में अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। स्वच्छता दूत के ऊपर सहयोगी। सहयोगी के ऊपर नोडल निगरानी कर रहे है। एस एल आर एम सेंटर में कचरा गाड़ी को ग्रेडिंग देने अलग टीम है। पूर्ण रूप से मिक्स कचरा होने पर सी ग्रेड दिया जाता है। सी ग्रेड होने पर संपूर्ण जिम्मेदारी वार्ड सुपरवाइजर की होगी।



### ऑनलाइन शिकायत के बाद बोरिंग किया दुरुस्त

**भिलाई, 30 अप्रैल।** शिवसेना के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं समाजसेवी राजू गुप्ता की शिकायत के बाद कैंप-2 वार्ड-36 फल मंडी हनुमान मंदिर के पास बोरिंग दुरुस्त का दिया गया है। 23 अप्रैल हनुमान जयंती के दिन से बंद हैंडपंप बोरिंग सोमवार 29 तारीख को रिपेयर हुआ। राजू गुप्ता ने ऑनलाइन शिकायत की थी जिसके बाद बोरिंग को सुधरवाया गया।

# वैशाली नगर कॉलेज में सभी लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई



**भिलाई, 30 अप्रैल।** इन्दिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर भिलाई में मतदान में अपने मताधिकार का अवश्य उपयोग करने के उद्देश्य के साथ अन्य लोगों को भी मतदान हेतु जागरूक करने के संकल्प के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य डा श्रीमती अलका मेश्राम जी के द्वारा महाविद्यालय के छात्र छात्राओं, प्राध्यापको, कार्यालयीन कर्मचारियों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों को मतदान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए मतदान हेतु शपथ दिलाया गया, मतदान शपथ के पश्चात एनएसएस के स्वयंसेवक महाविद्यालय के आस पास के क्षेत्रों में जागरूकता रैली के माध्यम से सभी लोगों को मतदान करने हेतु अपील किए मतदान शपथ एवं मतदान जागरूकता रैली का आयोजन एनएसएस के तत्वाधान में आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में प्राध्यापक डा नमिता गुहा रॉय, डा मीनाक्षी भारद्वाज, कार्यक्रम अधिकारी सुरेश ठाकुर, गोपाल देवांगन, कार्यालयीन कर्मचारी के के यादव, श्रीमती प्रेमलता सोनवानी, श्रीमती सुनीता कटरे, श्रीमती गायत्री बंछोर, श्रीमती कल्पना पटेल, श्रीमती जयंत्री, विनय डेविड, एनएसएस वरिष्ठ स्वयं सेवक हिमाशु, विजय एवम अन्य एनएसएस स्वयंसेवक, छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### गदा चौक नवनिर्मित पुलिया पर फंसा ट्रेलर

**भिलाई, 30 अप्रैल।** भाजपा नेता शारदा गुप्ता ने विज्ञप्ति में जानकारी दी है कि भिलाई नगर निगम के महापौर नीरज पाल दौरे के दौरान आम जनता ने पुलिया की बात की गई थी पुलिया बनाया गया था जो एक ट्राले के जाते ही फंस गया। पुलिया मानक अनुरूप नहीं बनाया गया है। इसमें भ्रष्टाचार है। आखिर इंजीनियर ने इसकी रूपरेखा कैसे बनाई निर्माण किया जिससे यह स्थिति पैदा हो रही है इसकी जांच होनी चाहिए। भाजपा नेता शारदा गुप्ता ने महापौर पर आरोप लगाया कि नगर निगम के पैसे का दुरुपयोग कर हर जगह क्षेत्र में भ्रष्टाचार की गई है। इसी तरह शांति नगर दशहरा मैदान में भी एक करोड रुपए खर्च कर मैदान में घास लगाया गया है इसमें भी भारी भ्रष्टाचार हुआ है इसकी भी जांच होनी चाहिए। अवंती बाई चौक को भी बिना प्लान के बनाया गया है रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं। बेमौत लोग मारे जा रहे हैं। इसकी जवाबदारी किसकी बनेगी इस पर विचार किए जाने की आवश्यकता है ।

# बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए निगम कर रहा वाहन व्यवस्था




**भिलाई-चरोदा।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा कार्यालय सभागार में सोमवार को लोकसभा निर्वाचन 2024 के संबंध में आवश्यक बैठक आयोजित रही। इस बैठक को निगम के कार्यपालन अभियंता सुनील जैन एवं स्वास्थ्य अधिकारी अश्विनी चन्द्राकर ने संबोधित किया। यह बता दे कि जिला निर्वाचन विभाग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार प्रत्येक 80 वर्ष से अधिक और दिव्यांग मतदाताओं को चुनाव दिनांक 07 मई 2024 को घर से मतदान केंद्र और मतदान केन्द्र से घर तक निशुल्क परिवहन सुविधा प्रदान की जायेगी। इस कार्य में निगम क्षेत्र के स्व सहायता समूह में कार्यरत 58 महिलाओं को 40 वार्ड में दायित्व निर्वहन हेतु संलग्न किया गया है।स्व सहायता समूह की महिलाएं मतदान रथ के माध्यम से वरिष्ट एवं दिव्यांग मतदाताओं का सहयोग करेगी साथ ही निर्वाचन दिनांक को वरिष्ट एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक पहुंचने में सहायता प्रदान करेगी। बैठक में एन.यू.एल.एम. मैनेजर आदित्य भटनागर, सामुदायिक सगठक कुंती वर्मा, सुषमा पांडेय तथा अमित वर्मा ने उपस्थित एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं को जानकारी से अवगत कराया ।

# साहू समाज नें मनाया दानवीर भामाशाह महोत्सव

- मोटरसाइकिल रैली एवं भव्य शोभायात्रा के साथ समाज की एकता एवं जागरूकता का दिया संदेश
- समाज को सुशिक्षित एवं संस्कारवान बनाना हम सबकी जिम्मेदारी

**कुरूद, 30 अप्रैल।** तहसील साहू समाज कुरुद के द्वारा अपनी मातृभूमि, धर्म संस्कृति,की रक्षा हेतु संपूर्ण संपत्ति दान करने वाले तेली समाज के वैभव दानवीर भामाशाह की जयंती महोत्सव का आयोजन तहसील, परिक्षेत्र एवं ग्रामीण साहू समाज के सहयोग से किया गया द्य कार्यक्रम के अतिथि अवनेंद्र साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी, मालक राम साहू उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ, चितरंजन साहू उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ, रघुनंदन साहू पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, शारदा साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद, तपन चंद्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत, सुमन संतोष साहू सभापति जिला पंचायत धमतरी, मंजू प्रमोद साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत कुरुद थे द्य कार्यक्रम में समस्त स्तर के पदाधिकारीगण, सदस्यगण एवं सामाजिकजन शोभायात्रा हेतु मां चंडी मंदिर प्रांगण में एकत्र होकर पूजा आरती कर मंगलकामना किये द्य तहसील युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष देवव्रत साहू के नेतृत्व में युवाओं द्वारा मोटरसाइकिल रैली निकाली गई द्य सामाजिक परिसीमन के बाद प्रथम निर्वाचित तहसील साहू संघ कुरुद के अध्यक्ष राधेश्याम साहू के द्वारा समस्तजनों को दानवीर भामाशाह जयंती की बधाइयाँ एवं शुभकामना दी गई द्य तत्पश्चात समाज के देवी देवताओं के जयकारे के साथ शोभायात्रा निकाली गई



द्य दानवीर भामाशाह का भव्य झांकी बनाकर धुमाल पार्टी के साथ महिला-पुरुष, बच्चे नाचते- गाते, आतिशबाजी करते, खुशी मनाते, कलश धारण कर, भामाशाह ध्वज लहराते, जयकारा लगाते, अपने समाज की एकता और जागरूकता का परिचय देते हुए शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। शोभायात्रा मां चंडी मंदिर से पुराना बाजार चौक, सरोजिनी चौक, कारगिल चौक, सूर्य नमस्कार चौक से पुरानी मंडी पहुंचीद्य जहां कार्यक्रम के अतिथिगण समाजिकजनों के साथ विशाल जनसमुदाय द्वारा दानवीर भामाशाह की महाआरती कर साहू समाज के साथ ही सर्वसमाज हेतु उनकी दानशीलता, जनकल्याण के कार्य, सेवा, त्याग,भक्ति के लिए नमन करते हुए, समाज एवं पूरे क्षेत्र की खुशहाली, सुख, शांति, समृद्धि की कामना किया गया । कार्यक्रम में तहसील उपाध्यक्ष गायत्री साहू द्वारा स्वागत भाषण के माध्यम से सामाजिक संगठन की एकता पर जोर देते हुए समाज हित में तन-मन-धन के साथ सेवा, समर्पण एवं सहयोग करने की बातें कहीं द्य अतिथियों द्वारा इस ऐतिहासिक कार्यक्रम की सराहना करते हुए अपने उद्बोधन में समाज के गौरवरूपी पूर्वजों द्वारा समाज और जनहित में किए गए कार्यों का स्मरण करते हुए सामाजिक विकृतियों को दूर करते हुए समाज हित में हमेशा संगठित रहने की की बातें कहींद्य समाज के नेतृत्वकर्ता द्वारा समाज को सशक्त, संगठित और आगे बढ़ाने के लिए किये जा रहे कार्यों में सहयोग करना सबसे बड़ा समाज सेवा बताया द्य तहसील के अंतर्गत आने वाले सभी परिक्षेत्र अध्यक्षों, उपाध्यक्षों, ग्रामीण अध्यक्षों, दानदाताओं को श्रीफल, गमछा एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर भामाशाह सम्मान से अलंकृत किया गया द्य साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गोपाल साहू, डॉ. क्षितिज साहू टेकराम साहू, बसंत साहू, प्रेमलाल साहू, रविंद्र साहू, तुलसीराम साहू, रोशन साहू, मोहन साहू, ओकेश साहू, मालकरामसाहू भी सम्मान किया गया द्य तहसील, परिक्षेत्र, ग्रामीण युवा प्रकोष्ठ के साथियों द्वारा समाजजनों के लिए विशाल भोजन प्रसादी की व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया गया। शोभायात्रा का विभिन्न संगठनों एवं समाज द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत, सम्मान एवं फल, मिष्ठान शीतल पेय, वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला साहू संघ धमतरी के सचिव लीलाराम साहू, संगठन सचिव केशव साहू, राजेंद्र साहू, कुंती साहू, ललित चौधरी, रोहित साहू, टेकराम साहू, टीकाराम साहू तहसील साहू समाज कुरूद के अध्यक्ष राधेश्याम साहू, रमेशर साहू, गायत्री साहू उपाध्यक्ष, लिखनराम सचिव, सुशील साहू कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ सलाहकार सोमन लाल, प्यारे लाल, इंद्रमण साहू, दुर्गेश साहू, रामायण लाल, गोकुल, गैंदा राम, सह सचिव शेखन राम, संतोष कुमार, दानेश्वर साहू, भंवर लाल उपकोषाध्यक्ष, कमलनारायण अंकेक्षक, महेंद्र साहू कर्मचारी प्रकोष्ठ, संगठनमंत्री लकेश्वर साहू, जागेश्वर साहू, गोधन राम, प्रेमलाल, वीरेन्द्र, निरंजन, युवा प्रकोष्ट देवव्रत, भारत राम, कुलदीप, डुमेश साहू, छत्रपाल, व्यापारी प्रकोष्ट ओमेश्वर साहू, महिला प्रकोष्ट दुर्गा साहू, जानकी साहू, यमुना साहू, कामिनी, अन्नपूर्णा, सतरूपा, प्रभा, सरस्वती, परिक्षेत्र अध्यक्ष प्रेमचंद साहू बानगर, पोखराज चिंवरी, पोषण राम मौरीखुर्द, कमलेश साहू दरबा, रिखी राम बागौद, रामप्यारे साहू कुरूद, संरक्षक मनीष साहू , मीडिया प्रभारी भुनेश्वर साहू, श्रवण साहू, गणेशराम के साथ तहसील, परिक्षेत्र एवं ग्रामीण साहू समाज के पदाधिकारी, सदस्य एवं सामाजिकजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु दानदाताओं एवं प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग करने वाले समस्तजनों का तहसील साहू संघ कुरुद के उपाध्यक्ष रमेशर साहू ने आभार व्यक्त किया।

एक नजर

### मोबाइल चोर गिरफ्तार



**राजनांदगांव 30 अप्रैल।** प्रार्थी डा. नरेन्द्र गांधी पिता स्व श्री मदन मोहन गांधी उम्र 68 वर्ष निवासी बसंतपुर राजनांदगांव आज दिनांक 29/04/2024 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि मरिजो की सुविधा के लिए व समय देने के लिए नर्सिंग होम मे पदस्थ स्टाफ को एक रियल मी कम्पनी का मोबाइल जिसमे जिओ कम्पनी का सीम लगा हुआ था को दिनांक 26/04/2024 के रात्रि 10 बजे के लगभग अस्पताल से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाने पर थाना मे रिपोर्ट दर्ज कराने पर अपराध क्रमांक 202/2024 धारा 457,380 भादवि0 कायम कर विवेचना की गई । जिले के कप्तान श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग द्वारा संज्ञान लेते हुए आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देश दिया गया जिस पर अति. पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा ,नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदशन पर थाना प्रभारी बसंतपुर निरी0 सत्यनारायण देवागन द्वारा आरोपी की पतासाजी हेतु टीम गठित की गई ,गठित टीम द्वारा सीसीटीव्ही फुटेज के आधर पर चोरी की मोबाइल कीमती 6000 रूपये को संदेही आरोपी ऋषभ केमे के मेमोरण्डम के आधार पर बरामद कर जप्त किया गया है तथा आरोपी को गिर0 कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा जा चुका है उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक सत्यनारायण देवागन , प्र0आर0 दीपक जायसवाल एवं बी-9 पेट्रोलिंग पार्टी , की भूमिका सरहानीय रही।

### गीला और सूखा कचरा अलग लेने पर निगम ने दिया जोर

**रायपुर 30 अप्रैल।** रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर निगम के सभी 10 जोनों के द्वारा गीला और सूखा कचरा अलग - अलग लेने पर जोर दिया जा रहा है। सभी जोनों के स्वास्थ्य अधिकारी स्वच्छता दीदियों के साथ घूमकर कचरा अलग - अलग देने हेतु नागरिकों को जागरूक कर रहे हैं। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ तृप्ति पाणिग्रही ने आज सुबह गुढ़ियारी के जनता कालोनी क्षेत्र में घर - घर जाकर गीला और सूखा कचरा अलग - अलग लेने के कार्य का अवलोकन किया। इस क्षेत्र में करीब 75 फीसदी नागरिक कचरे को अलग - अलग कर दे रहे हैं। यहां जोन स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिया गया कि स्वच्छता दीदियों के माध्यम से सभी नागरिकों को जागरूक कर कचरा अलग कर देने हेतु जागरूक कर 100 फीसदी कचरा अलग लेने हेतु जागरूक किया जाए। डॉ पाणिग्रही ने अशोक नगर और शिवानंद नगर में चल रहे सफाई कार्यों का अवलोकन किया। सभी जगह सफाई कर्मचारियों की गिनती की करवाई जहां कर्मचारियों की उपस्थित सन्तोष जनक पाई गई। दो दिन पहले निगम कमिश्नर श्री मिश्रा ने भी जोन क्रमांक 1 में कचरा संग्रहण कार्य का अवलोकन किये थे। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि गीला और सूखा कचरा सेकेंडरी कलेक्शन पाइट तक अलग - अलग होकर ही पहुंचे। जिसकी निगरानी लगातार की जाएगी। इस कार्य के लिएमुख्यालय में पदस्थ दो जेडएचओ को 5 - 5 जोन का कार्य दिया गया है।

### अब नहीं होगी पानी की कमी, चटोद नहर का पानी आने लगा



**रायपुर 30 अप्रैल।** खारुन नदी में तरीघाट एनीकेट से पानी आ जाने के बाद आज फिल्टर प्लांट एनीकेट का जलस्तर 15 इंच तक बढ़ गया। इसके बाद पानी के तरीघाट एनीकेट के गेट को बन्द करने के लिए कह दिया गया। सिंचाई विभाग द्वारा नहर मरम्मत के नाम पर रायपुर नगर निगम क्षेत्र हेतु पानी सप्लाई पिछले दिनों अचानक बन्द कर दिया गया था। इससे रायपुर शहर में जलसंकट गहराने का खतरा बन गया था। जलस्तर घटने लगा था। सबसे अधिक चिंता फिल्टर प्लांट के 150 एमएलडी प्लांट की हो गई थी। पानी की कमी के चलते प्लांट के पम्प एयर ले लेते और वह ठप पड़ जाता। तब उससे बनाने में ही कई दिन लग जाते और शहर में पानी सप्लाई नहीं हो पाती। स्तिथि को भांपकर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा तत्काल सक्रिय हुए और उच्च स्तर पर बातचीत की। इसके बाद धमतरी के चटोद में स्थित नहर के शाखा नहर को खारुन नदी से जोड़कर शहर के लिए पानी की व्यवस्था की गई। इससे पहले शहर में पानी के इंतजाम के लिए काठाडीह एनीकेट और मुर्रा नहर को खुलवा लिया गया। इसके बाद तरीघाट एनीकेट के दो गेट खुलवा दिए गए। आज सुबह फिल्टर प्लांट में जलस्तर 15 इंच तक बढ़ गया था। जो कि संतोषजनक है। तब निगम के कार्यपालन अभियंता जल नरसिंह फरेंद्र ने काठाडीह और मुर्रा एनीकेट को जाकर देखा। मुर्रा एनीकेट खाली हो चुका था। किंतु चटोद नहर का पानी वहां पहुंचने लगे है। जिसे देखकर जल संग्रहन हेतु मुर्रा और एनीकेट के एक गेट को बन्द कर देने के लिए कहा गया है। वहां जल संग्रहन होने के उपरांत तरीघाट एनीकेट के गेट को बन्द करवा दिया जाएगा।

निधन

### किशोर कुमार वैष्णव



**राजनांदगांव।** शहर के तुलसीपुर निवासी किशोर कुमार वैष्णव पिता शिव कुमार वैष्णव का आज तड़के सुबह 7: 00 बजे निधन हो गया है. श्री वैष्णव पेशे से शिक्षक थे. उनका अंतिम संस्कार देर शाम मोतीपुर स्थित मुक्तिधाम में किया गया है।

# परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने दक्षता विकास एवं अभिप्रेरणा प्रशिक्षण दिया



**रायपुर,30 अप्रैल ।** माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम प्रतिवर्ष घोषित किए जाते हैं विद्यार्थियों के अपेक्षित परिणाम नहीं आने से विद्यार्थी प्रायः तनाव में रहते हैं तथा कुछ विद्यार्थी तो डिप्रेशन में चले जाते हैं, राज्य शासन ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं SCERT के सहयोग से आज ऑनलाइन दक्षता विकास एवं अभिप्रेरणा प्रशिक्षण आज आयोजित की गई। अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेनू पिल्ले ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम शीघ्र बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित करने जा रहे हैं। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पहले या बाद में विद्यार्थियों को निराश होने या तनाव लेने की आवश्यकता नहीं है। पालकों को भी बच्चों से बहुत अधिक एक्सपेक्टेशन नहीं करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि यदि किसी भी बच्चे में यह प्रवृत्ति पायी जाती है या इस संदर्भ में कोई भी सूचना मिलती है तो स्वास्थ्य विभाग के टोल फ्री नंबर 104 आरोग्य सेवा निःशुल्क परामर्श पर सूचित किया जा सकता है । यह टोल फ्री नंबर 24म7 संचालित रहेगा । सूचना प्राप्त होने पर विद्यार्थियों के हित में तत्काल समाधान उपलब्ध कराया जा सकेगा । स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने कहा कि कई बच्चे अपेक्षा अनुसार परिणाम नहीं ला पाते इस स्थिति में तनाव नहीं लेना चाहिए। कम नंबर लाने का मतलब यह नहीं है कि नॉलेज कम है ,कई व्यक्तित्व ऐसे हैं जो अपने बचपन में अच्छे नंबर नहीं ला पाए पर आगे जाकर उन्होंने बहुत ख्याति प्राप्त की। श्री परदेसी ने सभी विभागीय व मैदानी अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

खनिज विभाग के संयुक्त सचिव श्री सुनील जैन ने महासमुंद जिले के अनुभव और पूर्व में किये गये नवाचार स्वयंसेवी अभियान को नवजीवन के बारे में विस्तार से बताते हुए प्रत्येक ग्राम में एक जन सहयोग आधारित कार्यक्रम, स्वयंसेवी की मदद लेने की प्रक्रिया और क्रियान्वयन के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शन दिया। विषय विशेषज्ञ डॉ.स्वाति शर्मा ने कुछ ऐसे व्यक्तित्व का उदाहरण दिया - जिनके प्रारंभिक जीवन में चुनौतियां थी परंतु बाद में भी सफल हुए। उदाहरण के लिए बिल गेट्स,अल्बर्ट आइंस्टीन, थॉमस एडिसन । साथ ही उन्होंने कहा कि बच्चों को हमेशा इनकरेज करना चाहिए , फैमिली एनवायरमेंट हमेशा पॉजिटिव होना चाहिए, बच्चों को अन्य बच्चों के साथ कंपेयर नहीं करना चाहिए और हमेशा बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिताना चाहिए।

मेडिकल कॉलेज रायपुर के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया कि बहुत बार ऐसा देखा गया है कि बहुत अच्छे रिजल्ट लाने वाले बच्चों का परिणाम खराब हो जाता है तो ऐसे बच्चे अपने रिजल्ट को एक्सेप्ट नहीं कर पाते ,ऐसे बच्चे तनाव ग्रसित हो जाते हैं कभी-कभी अपने बड़े भाई या बहनों के साथ कंपैरिजन करने पर भी वह अपने आप को कुंठित महसूस करते हैं।

कैरियर काउंसलर डॉ.वर्षा वरवंडकर ने अपने उद्बोधन में बताया कि कैरियर काउसिंलिंग विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक है उन्होंने बताया कि वर्तमान में बच्चों के लिए 5000 से अधिक करियर के ऑप्शन है तथा बच्चों में 21 वीं सदी सेंचुरी स्किल विकसित करने की अत्यंत आवश्यकता है। अतिरिक्त संचालक श्री जे.पी.रथ ने अपने उद्बोधन में कहा कि परीक्षा के बाद बच्चे तनाव ग्रसित हो जाते हैं तथा गलत रास्ते पर चले जाते हैं अतः इस हेतु तनाव प्रबंधन करना अत्यंत आवश्यक है।

# श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मोक्ष की प्राप्ति होती है:वैष्णव

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 30 अप्रैल।** समीपस्थल ग्राम ढोडिया में श्रीमद् भागवत महापुराण यक्ष डोमार साहू परिवार आयोजित राष्ट्रीय भागवताचार्य विदुषि सुश्री क्षमा निधि जी सिवनी धमतरी वाले भागवत कथा महापुराण 24 अप्रेल प्रारंभ हुआ जिसमें 29अप्रेल को योगेंद्र दास वैष्णव महामंत्री जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव ने भागवताचार्य को श्री फल भेंटकर आशीर्वाद लिया तथा भागवताचार्य सुश्री क्षमा निधि ने वैष्णव को श्री फल एवं गमछा भेंटकर सम्मानित किया कथा में सुदामा चरित परमधाम परीक्षित मोक्ष कथा श्रवण किया वैष्णव ने जनमानस को संबोधित करते हुए कहां कि भागवत कथा श्रवण एवं अनुसरण करने मोक्ष प्राप्ति होती है तथा पितरों को मोक्षधाम मिलता है सुदामा चरित में भगवान श्रीकृष्ण ने अपने बाल सखा सुदामा चांवल पोटली में से दो बार खाया दो बार में भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा गरीबी दुर किया और मोक्ष प्राप्ति आशीर्वाद दिया तथा तृतीय बार खाने की चांवल पकड़ कर खाने वाले था तो रुक्मणी माता जान गया की अब अपनी जगह सुदामा को रखेगा चांवल श्रीकृष्ण रूखमणी दोनों खाया सुदामा घर आया तो देखा महल बन गया तो सुदामा महल त्याग कर वनवास चले गया श्रीकृष्ण भक्ति लीन हो गया साथ में दिललु साहू सरपंच धर्मेन्द्र साहू मीडिया प्रभारी नरेंद्र दास वैष्णव वरिष्ठ कांग्रेसी मेघनाथ साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति डोमार साहू नीलिमा साहू दुष्यंत साहू ढाल साहू नारायण साहू खोमलाल साहू सहित ग्रामीण जन बड़ी जनसंख्या उपस्थित रहा।



7 दिवस के अंदर अनुबंध करा किराया जमा करने की दी हिदायत

# निगम स्वामित्व की दुकाने एवं विभिन्न क्षेत्रों में निर्मित दुकानों का आयुक्त ने किया निरीक्षण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 30 अप्रैल।** नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज सुबह निगम सीमाक्षेत्र में निर्मित निगम स्वामित्व की दुकाने एवं मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत विभिन्न स्थानों में निर्मित दुकानों का राजस्व अमला के साथ आकस्मिक निरीक्षण कर अनुबंध कराने तथा किराया जमा करने दुकानदारों को समझाईस दिये। उन्होंने किराया जमा नहीं कराने पर संबंधित राजस्व कर्मचारी को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता निगम स्वामित्व की दुकानों में टाका घर के सामने निर्मित दुकान, रेल्वे स्टेशन पुराना सफाई कार्यालय में निर्मित दुकान, दिल्ली दरवाजा के पास निर्मित दुकान तथा नंदई रोड भैसा कोठा में निर्मित दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुकानदारों से रूबरू हो सभी दुकानों के संबंध में संबंधित राजस्व उप निरीक्षकों से दुकानों की नीलामी, शेष प्रीमियम राशि, अनुबंध एवं किराये के संबंध में जानकारी ली। जानकारी उपरांत उन्होंने संबंधित दुकानदारों से प्रीमियम राशि जमा करने, अनुबंध करा किराया जमा करने समझाईस देते हुये कहा कि सभी अपने अपने दुकानों की शेष प्रक्रिया पूर्ण कर राशि जमा करे, अन्यथा दुकानें सील करने की कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने संबंधित राजस्व उप निरीक्षकों से कहा कि इन्हे नोटिस जारी कर 7 दिवस का समय निर्धारित करे, निर्धारित समय उपरांत अनुबंध किराया जमा नहीं करने पर दुकानें सील कर पुनः नीलामी की कार्यवाही करे। इसी प्रकार आयुक्त श्री गुप्ता निगम सीमाक्षेत्रांतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निर्मित दुकानो में से आडिटोरियंम के बाजू, हाट बाजार, मोहारा रोड व कन्हारपुरी फ्लाई ओव्हर के नीचे, लखोली पानी टंकी के पास, लखोली दुर्गा चौक, लखोली स्कूल के सामने एवं जनता कालोनी के दुकानदारों से चर्चा कर दुकान आबंटन के संबंध में जानकारी लेकर जिन दुकानों का अनुबंध नहीं हुआ है उन्हे अनुबंध कराने तथा नियमानुसार किराया जमा कराने समझाईस देते हुये कहा कि जल्द दुकानों की प्रक्रिया पूर्ण करे अन्यथा अनुबंध के अभाव में दुकान निरस्त कर दिया जावेगा। उन्होंने दुकानो के सबंध में संबंधित राजस्व उप निरीक्षकों से कहा कि मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निगम सीमांतर्गत निर्मित दुकानों में जिन दुकानों का अनुबंध नहीं हुआ है, उनका अनुबंध करावें तथा किराया जमा करावें। इसके लिये नोटिस जारी करे, नोटिस उपरांत अनुबंध व किराया जमा नही करने पर दुकाने सील करे तथा पुनः आबंटन की कार्यवाही करे। आयुक्त श्री गुप्ता ने जिन दुकान प्रभारियों के द्वारा अपने कार्य में लापरवाही बरत अनुबंध व किराया वसूली नही किया गया, उन्हे नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि निगम के राजस्व वृद्धि में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दास्त नहीं की जावेगी। निरीक्षण के दौरान राजस्व उप निरीक्षक श्री रविन्द्र ठाकुर व श्री राजकुमार बंजारे, राजस्व लिपिक श्री अभिजीत हरिहारनो व श्री प्रकाश साहू सह उद्यान प्रभारी श्री दिलीप गिरी व प्र.पटवारी श्री मिलिन्द रेड्डी उपस्थित था।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टोयोटा रुमियन का नया ग्रेड पेश किया

**रायपुर 30 अप्रैल।** 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ 1.5-लीटर के सीरीज़ पेट्रोल इंजन द्वारा संचालित। इसमें नियो ड्राइव (इंटीग्रेटेड स्टार्टर जेनरेटर आईएसजी) तकनीक है जो प्रतिक्रियाशील प्रदर्शन सुनिश्चित करती है। नए ग्रेड जी-एटी के लिए बुकिंग 29 अप्रैल से शुरू होगी। इसके लिए 11,000 रुपये की प्रतीकात्मक राशि लगेगी। इसके अतिरिक्त, ई-सीएनजी के लिए बुकिंग भी फिर से शुरू हो गई है। बैंगलोर, 30 अप्रैल 2024 टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आधिकारिक तौर पर टोयोटा रुमियन के नए ग्रेड जी-एटी की बुकिंग और कीमत की घोषणा की है। साथ ही ई-सीएनजी बुकिंग भी फिर से शुरू की है। नए लॉन्च किए गए जी -एटी वैरिएंट से उम्मीद है कि यह अपने बेजोड़ स्पेस और आराम, बेहतरीन ईंधन दक्षता, स्टाइलिश और प्रीमियम एक्सटीरियर डिज़ाइन के साथ रुमियन की बाज़ार में स्वीकार्यता को और बढ़ाएगा। टीकेएम की यह नवीनतम पेशकश 13,00,000 रुपये की आकर्षक एक्स-शोरूम कीमत पर उपलब्ध होगी।

समाचार संक्षेप

### सीमावर्ती जिलों में तीसरे चरण के मतदान के लिए उडऩदस्ता का गठन



**राजनांदगांव 30 अप्रैल ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत राजनांदगांव के सीमावर्ती जिलों में होने वाले तीसरे चरण के मतदान दिवस 7 मई 2024 तक निर्वाचन व्यय मानिटरिंग एवं आदर्श आचरण संहिता के अनुपालन के लिए विधानसभावार उडऩदस्ता दल का गठन किया है। इसके अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ अंतर्गत उप अभियंता (कार्यक्षेत्र डोंगरगढ़) कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण उप संभाग राजनांदगांव श्री संतोष बिनवार की दल क्रमांक 1 में ड्यूटी लगाई गई है। इनका कार्य क्षेत्र बोरतलाव निर्धारित किया गया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत सहायक विस्तार विकास अधिकारी जनपद पंचायत राजनांदगांव श्री बलवीर सिंह की दल क्रमांक 2 में ड्यूटी लगाई गई है। इनका कार्य क्षेत्र सोमनी निर्धारित किया गया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत उप अभियंता लोक निर्माण विभाग उप संभाग क्रमांक 2 राजनांदगांव श्री कौशल कुमार जत्ती की दल क्रमांक 3 में ड्यूटी लगाई गई है। इनका कार्य क्षेत्र बागनदी निर्धारित किया गया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग छुरिया श्री गिरधर प्रसाद लारिया की दल क्रमांक 4 में ड्यूटी लगाई गई है। इनका कार्य क्षेत्र कल्लूबंजारी निर्धारित किया गया है। सभी उडऩदस्ता दलों के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी भी साथ रहेंगे। निगरानी दल निर्धारित कार्य क्षेत्र में निर्वाचन के दौरान अलग-अलग स्थानों पर चेक पोस्ट का निर्माण कर निगरानी करेंगे। उडऩदस्ता दल द्वारा चेक पोस्ट का निर्माण किया जाएगा एवं निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन में अत्यधिक प्रचार खर्चों, रिश्वत की मदों का नगद या वस्तु रूप में वितरण, अवैध शस्त्रों, गोला बारूद, शराब या सामाजिक तत्वों आदि पर निगरानी रखेगी। जांच की सभी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाएगी। थाना प्रभारी अपने-अपने दल में आवश्यकतानुसार सुरक्षाबल के साथ रहेंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर, शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष, व्यय अनुवीक्षण सेल, नोडल अधिकारी से प्राप्त सूचना एवं निर्देशों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। आयोग द्वारा निर्वाचन व्यय मानिटरिंग में दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करेंगे।

### मतदान के लिए प्रेरित करने बाल गोपाल हॉस्पिटल दे रहा है विशेष छूट



**रायपुर 30 अप्रैल।** रायपुर के प्रतिष्ठित शिशु चिकित्सालय बाल गोपाल हॉस्पिटल रायपुर के मतदाताओं को प्रेरित करने परामर्श शुल्क व जांच में छूट की घोषणा की है। यह छूट मतदान तिथि 07 मई से 12 मई तक मतदाताओं को प्राप्त होगी। इसके लिए उन्हें अंगुली का निशान दिखाना होगा। हॉस्पिटल के फाउंडर डॉ. अशोक भट्टर ने इस आशय की घोषणा करते हुए रायपुर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह से मुलाकात कर इस संबंध में अवगत कराया है। रायपुर के मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग हेतु प्रेरित करने नगर के कई बड़े अस्पताल, होटल सहित चेम्बर ऑफ कॉमर्स से जुड़े व्यापारिक समूह लगातार अपनी सेवा शुल्क में छूट की घोषणा कर रहे हैं। इसी क्रम में आज बाल गोपाल हॉस्पिटल ने भी मतदान तिथि 07 से लेकर 12 मई तक मतदाता के बच्चों के हेल्थ चेकअप व ओपीडी परामर्श पर 30 प्रतिशत व टेस्टिंग में 10त्न छूट दिए जाने की घोषणा की है। हॉस्पिटल के फाउंडर डॉ. भट्टर ने कहा कि प्रत्येक मतदाता का मतदान देश की उन्नति के लिए आवश्यक है, ऐसे में उन्होंने मतदाताओं को प्रेरित करने इस छूट की घोषणा की है। डॉ. भट्टर ने आगे बताया कि मतदान दिवस 07 मई को ग्रीष्म ऋतु में मतदान के लिए आने वाले वोटर्स और वहां नियुक्त मतदान कर्मियों व पुलिस बल को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए बाल गोपाल अस्पताल द्वारा ओआरएस, शुद्ध ठंडा पेयजल, नींबू पानी आदि की व्यवस्था भी की जाएगी। इसके अलावा अस्पताल का नर्सिंग स्टाफ भी सहायता के लिए कटोरा तालाब क्षेत्र के बूथ पर उपस्थित रहेगा।

# तस्कर 92 हजार की शराब सहित किया गया गिरफ्तार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 30 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग सर के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा सर तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक सर के मार्ग दर्शन में पुलिस चौकी तुमडीबोड द्वारा दिनांक 28.04.2024 को ग्राम भ्रमण एवं पेट्रोलिंग दौरान मुखबीर सुचना पर तुमडीबोड बस स्टैण्ड के पास घेराबंदी करने पर एक व्यक्ति बिना नंबर बैगनी रंग के जूपीटर वाहन को पुलिस को देखकर तुमडीबोड बस्ती की ओर भागने का प्रयास करने पर पुलिस द्वारा दौडाकर पकडकर चेक करने पर आरोपी जावेद पटेल पिता दाऊत पटेल उम्र 26 वर्ष साकिन अटल आवास पेण्ड्री स्थायी पता ग्राम दुधगांव थाना ढोकी जिला उस्मानाबाद महाराष्ट्र के कब्जे के बिना नंबर बैगनी रंग के जूपीटर वाहन की पैरदानी में दो प्लास्टिक बोरी में रखे करीब 75 पौवा देशी प्लेन शराब एवं जूपीटर वाहन के डिक्की में रखे 45 पौवा जम्मू डिलक्स व्हीस्की पाये जाने पर आरेपी के कब्जे से कुल 120 पौवा शराब के संबंध में वैध दस्तावेज नोटिस देकर मांग करने पर आरोपी द्वारा उक्त शराब अपने साथी साजन यादव पेण्ड्री निवासी का होना बताने पर वैधानिक कार्यवाही करते हुए आरोपी जावेद पटेल से दो प्लास्टिक बोरी में रखे करीब 75 पौवा देशी प्लेन शराब एवं जूपीटर वाहन के डिक्की में रखे 45 पौवा जम्मू डिलक्स व्हीस्की शराब कुल 120 पौवा शराब जुमला 21.600 लीटर कीमती 12,600/रु. एवं बिना नंबर जूपीटर स्कुटी कीमती करीब 80,000/रु. कुल जुमला 92,600/रु. को गवाहो के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया एवं आरेपी जावेद पटेल को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया तथा अन्य फरार आरोपी की पता तलाश की जा रही है। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरी.कैलाश चंद्र मरई, सउनि अनिल कुमार यादव, आर. 70 प्रमोद करियारे की सराहनीय भूमिका रही।

# नाड़ी देखकर रोग बता देते हैं वैद्याचार्य वेंकटेश्वर

- सभी बीमारियों के जनक होते हैं त्रिदोष
- आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां इन्हें संतुलित करती हैं



**रायपुर 30 अप्रैल।** शरीर में तीन दोष होते हैं। वात, पित्त और कफ। यदि ये संतुलित मात्रा में हैं तो शरीर स्वस्थ रहता है। इनका असंतुलन ही रोगों को आमंत्रित करता है। सामान्य से लेकर असाध्य माने जाने वाले रोग इन्हीं दोषों के कम अथवा अधिक मात्रा में होने से जन्म लेते हैं। आयुर्वेद कहता है कि यदि इन दोषों को साध लिया जाए तो बड़ी से बड़ी बीमारी ठीक हो सकती है। तीन पीढ़ियों से नाड़ी देखकर रोगों का पता लगाने वाले वैद्यराज टीएन वेंकटेश्वर बताते हैं कि आयुर्वेद में वह गुण है जिससे बड़े से बड़ा रोग ठीक हो सकता है। अस्थमा, चर्म रोग, लकवा, लीवर संबंधी समस्या, मिर्गी, निस्संतान रोग जैसी अनेकों समस्या और रोगों का समाधान जड़ी-बूटियों से प्राप्त हो सकता है। प्रकृति में ये सारे तत्व हैं। उन्होंने बताया कि नाड़ियों में बहने वाले रक्त संचार से वे रोगों का पता लगा लेते हैं। इसके बाद संबंधित रोग के अनुसार उपचार की प्रक्रिया प्रारंभ होती है।

वैद्यराज टीएन वेंकटेश्वर ने बताया कि उनके द्वारा दी जाने वाली औषधी वनौषधियों से तैयार की जाती है। इन्हें वे स्वयं अपनी देखरेख में तैयार करते हैं। जड़ी-बूटियों और भस्म आदि के रोगी को आवश्यकता के अनुसार उचित अनुपात में मिश्रण तैयार करके उससे अवलेह, गोली, चूर्ण या घटक द्रव्य के रूप में रोगी को दिया जाता है। उन्होंने दावा किया कि कैंसर सहित कई असाध्य रोगों से ग्रसित मरीजों को उन्होंने जड़ी-बूटियों से ठीक किया है। उन्होंने बताया कि वे रोगी को चिकित्सकीय परामर्श निश्शुल्क देते हैं।

### तेलंगाना के पहाड़ों से मंगवाते हैं जड़ी-बूटी

वैद्यराज ने बताया कि उपचार के लिए जड़ी-बूटियों को तेलंगाना और अलग-अलग क्षेत्रों के वनांचलों से एकत्रित कर मंगवाते हैं। इसमें रक्त ज्योति मूल, अपूर्वगंधा, ककड़सिंधी, सुरंजन, चोपचीनी चंदनादि जड़, संजीवनी मूल, बिदारिकन्द, निर्गुड़ी, अश्वगंधा, ब्रम्हकस्तुरी, नागकेसर इत्यादि हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक पद्धति जितना भी क्रांति कर ले, लेकिन जड़ी-बूटियों के माध्यम से उपचार की प्राचीन पद्धति आज भी सबसे अधिक प्रासंगिक है। आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां रोग के मूल कारण को नष्ट करते हैं। आयुर्वेद पद्धति से बनी औषधी त्रिदोषों को संतुलित करने में सहायक हैं।

**इन गंभीर रोगों का उपचार करने का दावा**

- गर्भाशय का कैंसर, ब्रेन ट्यूमर (प्रारंभिक स्थिति में)
- माइग्रेन जड़ से ठीक चाहे कितना भी पुराना हो
- बच्चियों को मासिक धर्म में होने वाली पीड़ा
- हार्ट ब्लाकेज को नष्ट कर देते हैं

### पहले माह से दिखने लग जाता है प्रभाव

वैद्यराज ने बताया कि शरीर के सामान्य रोग दो से तीन माह की औषधियों में ठीक हो जाते हैं। गंभीर और असाध्य रोग होने पर रोग की प्रकृति के अनुरूप औषधी लेनी पड़ती है। पहले माह से ही इन औषधियों का प्रभाव दिखने लग जाता है।

संपादकीय

## अब किसी को कोई शक नहीं रहना चाहिए

जमाना तकनीक का है। देश के हर क्षेत्र में आधुनिक तकनीक का प्रयोग कर जनता को कई तरह सुविधाएं दी जा रही है, इससे जनता का समय बचता है और काम भी जल्द हो जाता है। किसी भी देश के लोग पुरानी व्यवस्था से नई व्यवस्था की ओर जाता हैं क्योंकि नई व्यवस्था पूरानी व्यवस्था से अच्छी होती है, उसमें गड़बड़ी की संभावना बहुत कम होती है। विश्व में भारत ही ऐसा देश है जहां कुछ लोग नई व्यवस्था से पुरानी व्यवस्था की ओर लौटना चाहते हैं। उनका मानना है कि नई व्यवस्था से पुरानी व्यवस्था ठीक है। भारत में इस समय विश्व की सबसे बेहतरीन आधुनिक व्यवस्था है चुनाव के लिए मतदान करने की । इसमें वक्त कम लगता है, खर्च कम आता है। कम लोगों की जरूरत होती है, वोटिंग जल्द होने के साथ ही मतगणना में भी कम वक्त लगता है। कुछ लोग इस मामले को सुप्रीम कोर्ट ले गए कि ईवीएम में गबबड़ी की जा सकती है, इसलिए देश में ईवीएम की जगह बैलेटपेपर से मतदान की पुरानी व्यवस्था लागू की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सभी पक्षों को सुना उसके बाद फैसला दिया है कि देश में चुनाव तो ईवीएम से ही होंगे। यह देश के लिए सबसे भरोसेमंद प्रणाली है। पूरे विश्व में इस प्रणाली की सराहना हो रही है। याचिता दायर करने वालों के सारे सवालों का जवाब सुप्रीम कोर्ट ने दिया और साथ ही फटकार भी लगाई कि आप लोग हमेशा बिना तथ्य के ही कोर्ट आ जाते हो और कोर्ट का समय नष्ट करते हो। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि वह चाहता तो इस याचिका सुनवाई के पहले ही खारिज कर सकता था क्योंकि सुप्रीम कोर्ट इससे पहले आठ बार ईवीएम के बारे में फैसला दे चुका है, यह सही है। इसमें कोी खामी नहीं है, इसमें कोई गड़बड़ी नहीं की जा सकती। कोर्ट ने वीवीपैंट की गिनती से भी मना कर दिया क्योंकि इसमें मतगणना में ज्यादा वक्त लगता। कोर्ट ने चुनाव आयोग कुछ सुझाव भी दिए हैं जिससे मतदान की प्रणाली को लेकर किसी को कोई शक हो तो उसे दूर किया जा सके। किसी को शिकायत को हो वह चुनाव के 45 दिन के भीतर चुनाव में शिकायत कर सकता है।चुनाव जब भी होते हैं तो चुनाव प्रचार के दौरान ईवीएम के प्रति राजनीतिक दल ही तरह के आरोप लगाकर उसके प्रति शक पैदा करते थे, इसका बुरा असर जनता पर पड़ता है। होता यह है कि चुनाव में एक दल ही जीतता है और बाकी दल हार जाते हैं तो वह अपनी हार को सहज स्वीकार नहीं कर पाते है, वह जीतने वाले पर आरोप लगाते हैं कि उसने ईवीएम में गड़बड़ी करके चुनाव जीती है। रिटायर चुनाव आयुक्त का कहना कि अगर ईवीएम में गड़बड़ी संभव होती तो कांग्रेस को कोई सत्ता से हटा नहीं सकता था। ईवीएम में गबड़ी संभव नहीं है इसलिए ही केंद्र में सत्तारूढ़ दल भी चुनाव हारता है और राज्य में सत्तारूढ़ दल भी चुनाव हारता है। इस देश में जो भी चुनाव के पहले की प्रक्रिया के बारे मे जानता है, वह कह सकता है कि ईवीएम में गड़बड़ी तो हो ही नहीं सकती क्योंकि उसमें जो कुछ किया जाता है, चुनाव से पहले व चुनाव के बाद सबके सामने किया जाता है। इस दौरान सभी दलों के लोग मौजूद रहते हैं।इस बार भी चुनाव के पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि अगर ईवीएम में कोई गड़बड़ी नहीं होती है तो भाजपा 180 सीट जीत सकती है, उन्होंने कहा नहीं लेकिन उनके कहने का मतलब यह था कि भाजपा यदि 180 सीटें से ज्यादा जीतती है तो माना जाएगा कि उसमें ईवीएम में गड़बड़ी की है। यानी उनको भरोसा नहीं है कि कांग्रेस जीतेगी या कांग्रेस को बहुमत मिलेगा या नहीं लेकिन लेकिन उनको मालूम है कि भाजपा बिनी गडहड़ी किए चुनाव नहीं जीत सकती। कांग्रेस को मालूम है कि वह इस बार चुनाव नहीं जीत रही है, इसलिए वह यह बता नहीं पा रही कि वह इस चुनाव में कितनी सीट जीतेगी। भाजपा को तो पूरा भरोसा है कि वह चुनाव जीतेगी इसलिए वह ज्यादा से ज्यादा सीट बता रही है। इससे कम सीट भी मिलने पर भाजपा जीतेगी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब राजनीतिक दलों को ईवीएम पर सवाल नहीं उठाना चाहिए।क्योंकि जो भी शंकाएं थी वह दूर की जा चुकी हैं। चुनाव में हार जीत तो होती रहती है, उसे सभा राजनीतिक दलों को सहज स्वीकारना चाहिए। मान लेना चाहिए इसकी तैयारी में कोई कमी थी।

1 मई मजदूर दिवस पर...

डॉ . सूर्यकांत मिश्रा

# मकान ,फ्लैट ,अपार्टमेंट के सृजक हैं मजदूर

अगर इस दुनिया में मजदूर का नामोनीशॉं  
न होता ,फिर न होता हवा - महल और न ही  
ताज महल होता ।

मजदूरों की अहमियत को यह दुनिया न समझ रही हो , ऐसा नहीं है , किंतु उन्हें सम्मान देने में लोगों को अपना अपमान लगता है ! इसी गलत धारणा के चलते भगवान विश्वकर्मा के



वंशज दो राहों पर छोड़े जा रहे हैं ! हम जिन सुंदर घरों की चाहर - दीवारी में आरामदायक कुर्सियों और गद्देदार सोफो में बैठकर ए सी की शीतल हवा का आनंद ले रहे हैं , वह भी इन्हीं मजदूरों के पसीनों की कहानी गढ़ते दिख रहे हैं ! मजदूरों का पसीना हमारी हर भौतिकतावादी खुशी में छलक - छलक कर उनकी मेहनत की तस्वीर हमारे समक्ष लाता रहा है । ऐसे ही मजदूरों के सम्मान में मई 1986 से मजदूर दिवस की शुरुआत अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हुई । उस समय अमेरिका के शिकागो शहर में मजदूरों ने लंबा आंदोलन चलाया था , जो एक प्रकार से उनके शोषण के खिलाफ था । मजदूरों से 16 -16 घंटे काम लिया जाता था । मानवीय समाज को यह स्वीकार करना होगा कि दुनिया की सभी प्रकार की आर्थिक , राजनैतिक , सामाजिक उन्नति का आधार केवल मजदूरों के कंधों पर टिका होता है । मानवीय समाज में जीवन - यापन कर रहा मजदूर परिवार अपना श्रम कम से कम कीमत पर बेच रहा है ! बावजूद इसके यह वर्ग बिना किसी चिंता के चैन की नींद सोता है ! मजदूरों की जिंदादिली पर नामचीन शायर मुन्नवर राणा लिखते हैं :-

सो जाता है फुटपाथ पर , अखबार बिछाकर ,  
मजदूर कभी नींद की , गोलियां नहीं खाता ।

एक समय ऐसा भी था जब मजदूरों के लिए एक मई को कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता था । अब वह गुजरे जमाने की बात होकर रह गया है ! जब मैं अपने स्कूली जीवन में था , तब एक कविता पढ़ी थी - वह तोड़ती पत्थर , इलाहाबाद के पथ पर ऐसी ही पंक्तियों में महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने मजदूर महिला का पूरा चित्रण उकेर दिया था । एक प्रकार से निराला जी ने समाज के सबसे निचले वर्ग पर अपनी कलम चलाकर उनका सम्मान ही किया था । कवि की इस तरह की लाइनों में केवल कोमल कल्पनाएं ही नहीं आतीं वरन देश के मजदूर , किसान तथा कामगार भी आते हैं । उनके आत्म संघर्ष से निकले शब्द ही मजदूरों एवं निर्धनों के दुखों पर मरहम लगाने का काम करते हैं । वास्तव में चिंतन किया जाए तो इस संसार को इन्हीं मजदूरों के कठोर हाथों ने गढ़ा है । उनकी हुनरमंद हथेलियों ने पूरी दुनिया को सुंदर शिल्प और अलंकरणों से संवारा है । आज शहरी सभ्यता हो या गांव - देहात में निर्माण कार्य हो या फिर अट्टालिकाएं बनानी हों , नहर खोदना हो ,पहाड़ तोड़कर सुगम मार्ग बनाना हो , धूप हो , शीत हो , ग्रीष्म हो , बारिश हो ये मजदूर जीवन के हर क्षेत्र में साहस के साथ अपना कर्तव्य निभाते देखे जा सकते हैं । इस देश के बड़े - बड़े कवियों ने जिन मजदूरों को अपनी लेखनी में संजोया , आज उसी मजदूर की समाज में क्या स्थिति है ,इस पर ज्यादा लिखने की जरूरत शायद नहीं है !

मजदूरों की स्थिति न सुधरने के पीछे जो कारण दिखाई पड़ रहे हैं , वे मजदूरों की कमजोरी के रूप में ही है ! न तो दुनिया के मजदूर एक हो पाए और न ही उनकी समस्याएं दूर हो पाई । हम देख रहे हैं कि वे एक मजदूर के रूप में जन्म लेते हैं और इसी रूप में इस दुनिया से विदा हो जाते हैं ! जब तक सांस रही वे एक स्थान से दूसरे स्थान को भागते रहे । उनका कोई व्यापक संगठन न बन सका , जो उनके हित में आवाज उठा सके । मजदूर होना उस नियति को प्राप्त होना है , जहां न उनके लिए कोई सम्मान है और न ही सहानुभूति । दया का भाव तो दूर - दूर तक दिखाई नहीं पड़ता है ! ये वही मजदूर हैं जिन्होंने कभी कोई मकान , फ्लैट , या अपार्टमेंट में अपना पसीना बहाया होगा ! आज उसी मजदूर को



वहां रहने वाले पहचानते भी नहीं हैं ! गला तर करने के लिए कोई दो घूंट पानी भी देने को तैयार नहीं ! अपनी जड़ों को खो चुके मजदूर न गांव के हो पाते हैं और न ही शहर या महानगरों के ! मजदूरों का पुनर्वास कैसे हो ? कैसे उन्हें नियमित रोजगार से जोड़ा जाए ? कैसे वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें ? आज ये सभी सवाल बड़ी समस्या के रूप में खड़े हैं । देखा जाए तो समाज के सभी वर्गों की तुलना में सबसे अधिक मेहनत करने वाला मजदूर आज सबसे अधिक बदहाल स्थिति में है ! मजदूरों के हक में हर सरकार उन्नयन की योजनाएं बनती हैं किंतु जब उन्हें अमलीजामा पहनाने का वक्त आता है तब वही सरकारें यहां - वहां ताकने लगती हैं ! आजादी के इतने वर्षों बाद भले ही देश में बहुत कुछ बदल चुका है , किंतु मजदूरों के हालात आज भी नहीं बदले हैं ! तब सवाल उठता है कि मजदूर वर्ग , मजदूर दिवस क्यों और कैसे मनाए ? बढ़ती मंहगाई और पारिवारिक जिम्मेदारियों ने मजदूरों के उत्साह की होली जला डाली है ! अब मजदूर दिवस महज कागजी रस्म बनकर रह गया है । न तो उन्हें रहने के लिए स्वच्छ वातावरण मिल पा रहा है और न ही पीने के लिए स्वच्छ पानी ! शहर के किसी गंदे नाले के आस - पास बसने वाली झोपड़ - पट्टियों में रहने वाले मजदूर नारकीय जीवन जीने विवश किए जा रहे हैं ! हर बार मजदूर दिवस पर सरकारें मजदूरों के हित की योजनाओं के बड़े - बड़े विज्ञापन जारी करती हैं । इन विज्ञापनों में मजदूरों के हितों की बहुत सी बातें लिखी होती हैं । आश्चर्य तब होता है जब एक भी बात पर सरकार का अमल दिखाई नहीं पड़ता ! एक नई समस्या डिजिटल युग के रूप में मजदूरों के हितों पर चोट कर रही है । मजदूरों के हिस्से में पहले की तुलना में एक चौथाई काम भी नहीं आ पा रहा है । यही कारण है कि उन्हें आजीविका चलाने के लायक भी मजदूरी नहीं मिल पा रही है ! प्रतिवर्ष एक मई को मजदूर दिवस पर राजनैतिक दलों के नेताओं द्वारा आयोजनों में बड़े - बड़े वादे किए जाते हैं , किंतु दो मई के आते - आते सब भुला दिए जाते हैं ! मैं तो बिना किसी हिचक के कह सकता हूं कि सियासी लोगों के लिए मजदूर वर्ग चुनाव के समय काम आने वाला एक मतदाता से अधिक और कुछ नहीं है । वह ई व्ही एम मशीन पर बटन दबाने वाली वस्तु मात्र मान लिया गया है ! मजदूरों के हक पर क्रांतिकारी बात करते हुए फैज अहमद फैज ने लिखा :-

हम मेहनतकश जग वालों से ,जब  
अपना हिस्सा मांगेंगे ,  
इक खेत नहीं , इक देश नहीं ,  
हम सारी दुनिया मांगेंगे ।

## आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। राजनीति में हाथ आजमा रहे लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है, विरोधी आपकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं। आपके धन में वृद्धि होने से आप प्रसन्न रहेंगे। आज आपको अपने बिजनेस तथा अन्य कार्यों पर पूरी नजर रखने की जरूरत है। लोगों के साथ मेल-मिलाप के लिए भी समय जरूर निकालें और अपने संपर्क का दायरा बढ़ाएं।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके बच्चे बिजनेस में आपका पूरा स्पोर्ट करेंगे। पूंजी के उचित निवेश के लिए आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेनी चाहिए। सिनेमा जगत के कलाकारों के लिए दिन विशेष रूप से अच्छा है। आज खुद की गलती की जिम्मेदारी न लेने से आप अच्छा महसूस नहीं करेंगे। आज आप बच्चों के करियर संबंधी सलाह लेंगे। आज किसी विशेष स्थिति में अपने जीवनसाथी का सहयोग जरूर करें।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। यदि आप घर मकान या दुकान, खरीदने की कोशिश कर रहे हैं, तो आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आज आप अपने अहम् पर काबू करके परिस्थिति को ठीक से समझने की कोशिश करेंगे तो आपको आसानी से हल मिल जाएगा। आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य संपन्न होने वाला है। आज आपको कुछ खास जानकारियां भी मिलेंगी।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरा होने से प्रसन्नता मिलेगी। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई को लेकर उत्साहित रहेंगे और ज्यादा समय पढ़ाई में बीतेगा, यह देखकर आपके घरवालों को भी खुशी होगी। आज आपके सामाजिक दायरे में बढ़ोत्तरी होगी, सोशल मीडिया पर भी लोग आपसे जुड़ेंगे।

सिंह राशि : आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज का दिन तरक्की देने वाला रहेगा। अपने आस पास की सफाई का पूरा ध्यान रखेंगे। हॉकी खेल रहे खिलाड़ियों को आज अपने कोच के द्वारा प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे वह खेल के मैदान में अच्छा प्रदर्शन कर सकें। किसी भी विपरीत परिस्थिति में अपना धैर्य ना खोएं और किसी भी कार्य को शांतिपूर्ण तरीके से व सोच-विचार करके ही पूरा करें।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। किसी बुजुर्ग की सहायता करने पर आपको अच्छा महसूस होगा। आज अच्छाईयों को अपनाएं जिससे आपका जीवन और अधिक सुंदर बनेगा। छात्रों को आज सफलता मिलने के योग बने हुए हैं। साइंस के अध्यापको का दिन आज काफी व्यस्त रहेगा। आज आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता रहेगी। परिवार में सुखद वातावरण का माहौल रहेगा। सेहत पहले की अपेक्षा अच्छी रहेगी।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज कारोबार सम्बन्धी योजनाओं को अपरिचित लोगों के सामने जाहिर न करें, कोई इसकी नकल कर सकता है। इस राशि की वर्किंग महिलाएं कामकाज की वजह से व्यस्त रहेगी। आप कोई जरूरत का सामान खरीदने मार्किट जाएंगे जहां आपकी मुलाकात किसी परिचित से होगी।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। छात्रों को सीनियर्स से कुछ नया सीखने को मिलेगा। किसी काम को लेकर आज भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। दांपत्य रिश्ते में अनबन दूर होगी, रिश्ते की नई शुरुआत करेंगे। आज बुजुर्गों के साथ समय बिताएं, उन्हें काफी अच्छा लगेगा। परिवार में आपनी जिम्मेदारियां पूरी कर लेने से मन उत्साह से भरा रहेगा। भविष्य की योजनाएं बनाने में पिता का सहयोग मिलेगा।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आपके माता-पिता आपके करियर को बेहतर बनाने के लिए आपके गुरुजनों से विचार विमर्श करेंगे। आज आपके व्यवहार में आये सकारात्मक बदलाव से जीवनसाथी आपसे प्रसन्न रहेंगे। व्यापार करने वाले लोगों के लिए दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज ऑफिस के कार्यों को पूरा करने में थोडा समय लग सकता है। लवमेट आज एक दूसरे को उपहार देंगे, रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी। लोन के लिए किया गया आवेदन आज स्वीकृत हो जाएगा।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर आप किसी अच्छे डॉक्टर से संपर्क करेंगे। ईश्वर आज आपकी सभी मनोकामनाएं पूरी करेंगे। संतान पक्ष से आपको सुख मिलेगा। किसी अनजान व्यक्ति से अपने निजी समस्याओं को शेयर करने से बचना चाहिए। किसी काम में उचित परिणाम मिलने से आज आपके चेहरे पर मुस्कान बनी रहेगी। छात्रों के लिए समय अनुकूल है, किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आएगा।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ किसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। यदि आप अपने व्यापार में किसी प्रकार का नया काम बढ़ाना चाहते हैं, तो आप किसी विशेष सलाहकार से सलाह लेकर ही नया काम शुरू करें। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, पहले से चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आपकी मकान, दुकान की परेशानी हल हो सकती है। नौकरी करने वाले लोगों के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। सैलरी इन्क्रीमेंट के साथ पदोन्नति भी होगी। आज आप अपने घर में किसी प्रकार का कोई धार्मिक कार्य कर सकते हैं, जिसमें आप अपने विशेष अतिथियों को भी आमंत्रित करने का विचार करेंगे।

मजदूर दिवस 1मई

# मन के पवित्र, जनमन के मित्र मजदूर

विजय मिश्रा 'अमित '



सृष्टि के आरंभ से ही मजदूर वर्ग का जन्म हुआ।मानव समाज का यह एक ऐसा वर्ग है जो आजीवन दूसरों का बोझ अपने सिर पर लेकर चलता है।कम दाम पर अधिक काम बड़े आराम से कर देता है।खुद के सिर पर छत नहीं होता,हाथ पावं में फफोले होते हैं पर दूसरों की आलीशान कोठी बनाने में कोताही नहीं करता।इसी लिए तपती धूप,कड़कती ठंढ और भीषण बारिश भी मजदूर की मेहनत को झूककर सलाम करते हैं। मजदूर की बलशाली भुजाओं को देखकर कठोर चट्टान,ऊंचे पर्वत कांपते हैं। ऐसे बाहुबली मजदूरों के लिए रोजी रोटी हेतु दूसरों का बोझ उठाना अगर मजबूरी है तो मजदूर की ताकत के दम पर ही गंतव्य तक पहुंचाना,नव निर्माण कार्य को पूरा करना समाज के अन्य वर्गों की भी मजबूरी है।अत्याधुनिक मशीनों के आविष्कार ने आज के युग को जेट



युग बना दिया है। तेज रफ्तार ही तेज प्रगति की पर्याय बनती जा रही है। ऐसे दौर में भी धरा पर भगवान विश्वकर्मा की भांति मजदूरों की अहमियत बनी हुई है। गांव शहर की चहल पहल,कल कारखानों की कल- कल को चलायमान रखने वाले मजदूरों ने सर्वप्रथम अमेरिका में 1 मई 1886 को अपने हक की लड़ाई लड़ी और एक दिन में आठ घंटे कार्य की समय सीमा को निर्धारित करने में कामयाबी पाई। आज भारत सहित अन्य देशों में भी कार्य समयावधि आठ घंटा मान्य है। इसी आंदोलन के बाद से एक मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाने की आधारशिला रखी गई।भारत में 1 मई 1923 से मजदूर दिवस मनाने की शुरुआत चेन्नई से हुई थी। याद रखना होगा कि मजदूरों का शोषण करना स्वयं के साथ ही अर्थ व्यवस्था को कमजोर करने वाला कृत्य होगा ,अतः मजदूरों के अधिकारों की सुरक्षा,उनके प्रति सहानुभूति रखना मालिकों के लिए भी हितकरी है। मजदूर दिवस पर यह भी स्मरणीय है कि मजदूर की गाढ़ी कमाई की पवित्रता ही उसे उबड़ खाबड़ जमीन पर मीठी नींद सुला देती है।ऐसे परिश्रम की कमाई की महत्ता को उजागर करते हुए जैन मुनि श्री तरुण सागर जी कहते हैं कि- बिना पसीना बहाये जो धन दौलत हासिल होता है,वह पाप की कमाई के समतुल्य है। पाप की कमाई से हीरा जड़ित कंगन तो पहन सकते हैं, पर यह भी संभव है कि पाप की कमाई के कारण लोहे की हथकड़ियां भी पहननी पड़ जाए। प्रायःयह भी देखने सुनने में आता है कि मालिक बने धनाढ्य लोग समान काम के लिए समान मजदूरी तथा यथा समय मजदूरी नहीं देते,या आधी अधूरी मजदूरी ही देते हैं। ऐसे कुटिल चाल के पीछे मालिकों की सोच मजदूरों को बंधुवा बनाकर रखने की होती है,जो कि हर दृष्टिकोण से अमानवीय है। नीति शास्त्रों में इस बात को उल्लेखित किया गया है कि भरण पोषण के लिए खून - पसीना बहाने वाले मजदूरों की पाई पाई का भुगतान उसके पसीना सूखने के पहले ही कर देना चाहिए।ऐसा करना मजदूर समुदाय को तन मन धन से मजबूत बनाना है। मजदूरों से काम लेने वालों को हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि मजदूर के पसीने के बिना प्रगति की कल्पना नहीं की जा सकती। ऐसे श्रम वीरों- कर्मवीरों को नमन इन पंक्तियां के साथ --मजदूर अशक्त नहीं सशक्त है, श्रम के पुजारी श्रम के भक्त हैं। मजदूर मजबूर नहीं मजबूत है,विकास की नींव विकास के सबूत है।

चर्चित मुद्दा

मनोज कुमार अग्रवाल

# बच्चों को अनाथ बता कर मदरसा चलाने का धंधा!



बिहार के उन पिछड़े इलाकों से जहां परिवारों में अधिक बच्चे पैदा किए जाते हैं कुछ कट्टरपंथी लोग बच्चों को भेड़ बकरी की तरह यूपी में तस्करी कर ले आते हैं और इन बच्चों को अनाथ बता कर चन्दा वसूली की जाती है जिन मदरसों में इन्हे लाया जाता है वह मदरसे रजिस्टर्ड तक नहीं है। ऐसा ही एक मामला यूपी के अयोध्या में उजागर हुआ है यहां बिहार के अररिया से सहारनपुर ले जाए जा रहे 93 ऐसे बच्चों को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी ने अयोध्या में रेस्क्यू किया है, जिनकी उम्र 5 साल से 9 साल के बीच है. इन बच्चों को अयोध्या के देवकली चौराहे के पास एक बस से चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के लोगों ने रेस्क्यू किया। बस में बच्चों को जानवरों की तरह भरा गया था. यह बच्चे गरीब परिवारों के हैं. कुछ ऐसे भी हैं, जिनके माता-पिता नहीं हैं. चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के सदस्यों का कहना है कि इन बच्चों में से कई के आधार कार्ड फर्जी हो सकते हैं. यह मामला बड़ी साजिश का हिस्सा भी हो सकता है।

चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की सदस्य सुनीता यादव ने कहा है कि अभी जो बच्चे मिले हैं, उनकी काउंसलिंग हो रही है. बच्चों को यह नहीं पता कि वह आपस में भाई-भाई हैं या मोहल्ले के हैं. ऐसा भी हो रहा है कि वह एड्रेस गलत बता रहे हैं. आधार कार्ड जब चेक किया तो वह अपने जिले का नाम तक नहीं बता पा रहे थे. कोई बच्चा 15 साल का लग भी नहीं रहा है. वह मदरसा जा रहे थे. बच्चों को कुछ नहीं पता कि वह कहां जा रहे थे. उनको कहां ले जाया जा रहा था।

मिली रिपोर्ट्स के अनुसार बच्चों का कहना है कि हाफिज जी ने बोला था तो मम्मी ने भेज दिया. कुछ बच्चों को हाफिज जी उनके घर से लेकर गए थे. घर से उठाया और बस में बैठाया और लेकर निकल आए और कुछ बच्चों को तो उनके घर पर बता दिया गया कि भेज दीजिए तो उन्होंने भेज दिया. बच्चों से पूछा कि आपको पता है कि आपको कहां जाना है तो उनका कहना था कि कुछ नहीं पता, हाफिज जी ने फोन किया था, मम्मी ने भेज दिया। बच्चा कुछ और पता बता रहा है और आधार कार्ड में कुछ और एड्रेस लिखा हुआ है. बच्चों को मदरसे का नाम तक नहीं पता. हो सकता है कि आधार कार्ड भी फर्जी बनाया गया हो. काउंसलिंग के दौरान बच्चे अपना एड्रेस नहीं बता पा रहे हैं. जो शख्स बच्चों को लेकर जा रहे थे, वह कह रहे हैं कि बच्चे हमारे साथ हैं. जब बच्चे से पूछा गया तो बच्चे कहने लगे कि हम इनको नहीं जानते हैं। चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की सदस्य ने बताया कि बच्चों को लेकर जा रहे शख्स ने पूछताछ में कहा कि ये भाई-भाई हैं, लेकिन किसी को नहीं पता कि कौन किसका भाई है. बच्चों को कुछ भी नहीं पता. अब हम कैसे भरोसा करें. बच्चा जो बोलेगा, वही हम मानेंगे. यह एक बड़ा घोटाला भी हो सकता है. क्या पता पहले से बच्चों को समझाया गया हो कि अगर दिक्कत हो कहीं तो यह बताना. लेकिन सब बच्चों का दिमाग एक जैसा नहीं होता. कभी-कभी उनके दिमाग से चीज निकल जाती है और दिमाग में जो रहता है, वही बोलते हैं. ऐसे में बच्चा तो सच ही बोलेगा। चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के हवाले से बताया गया है कि उन्हें सूचना मिली थी कि अवैध रूप से बच्चों को बिहार के अररिया से सहारनपुर लाया जा रहा है. इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए हम लोगों ने बच्चों को कस्टडी में ले लिया है.कानूनी कार्रवाई की जा रही है. जिन लोगों को पकड़ा गया है, उनके पास इन बच्चों के अभिभावकों द्वारा किसी तरह का सुपुर्दगी पत्र नहीं मिला है. इसमें बहुत सारे ऐसे भी बच्चे शामिल हैं, जिनके मां-बाप नहीं हैं. बच्चों को फिलहाल शेल्टर होम में रखा जाएगा. उनके परिवार के लोगों से संपर्क किया जा रहा है. बाकी कर्रवाई की जा रही है।

**बिहार से यूपी के देवबंद के जिन दो मदरसे में इन बच्चों को ले जाया जा रहा था. उनमें एक मदरसे का रजिस्ट्रेशन भी नहीं है. एक मदरसे के प्रबंधक से हमने बात की. मदरसा संचालक रिजवान ने कहा कि यह बच्चे पहले भी हमारे यहां पढ़ते थे और इस बार भी पढ़ रहे हैं. उनके घरवालों ने कहा था कि आप आ जाएं, एक आदमी यहां से चला जाएगा छोड़ने. जैसे हमारे बच्चे पहले पढ़ रहे थे, वैसे ही आगे पढ़ेंगे ।रिजवान ने कहा कि हमारे यहां नर्सरी क्लास से कक्षा 5 तक पढ़ाई होती है।**

चाइल्ड वेलफेयर कमेटी अयोध्या के चेयरपर्सन सर्वेश अवस्थी ने कहा कि शनिवार सुबह बाल आयोग की सदस्य ने सूचना दी थी कि बस से अवैध तरीके से बच्चों को ले जाया जा रहा है. इसके बाद बच्चों को रेस्क्यू किया गया. उनकी काउंसलिंग जारी है. बच्चों का मेडिकल हो रहा है. उसके बाद इन्हें शेल्टर होम भेजा जाएगा। बच्चों के माता-पिता आएंगे तो उनको सुपुर्द किया जाएगा. फिलहाल बच्चों के साथ न तो माता-पिता हैं, न उनका सुपुर्दगी पत्र ही है. ऐसे बच्चे भी हैं, जो अनाथ हैं, जिनके माता-पिता नहीं हैं. यह बिहार के अररिया से सहारनपुर की तरफ जा रहे थे। इस मामले में बातचीत के बाद यह बात सामने आई है कि इन बच्चों को बिहार से उत्तर प्रदेश के देवबंद के दो अलग-अलग मदरसों में ले जाया जा रहा था. इसकी जानकारी राज्य बाल आयोग को लग गई और उसके बाद अयोध्या के चाइल्ड वेलफेयर कमेटी ने सूचना के आधार पर इन बच्चों को रेस्क्यू किया गया। सबसे ज्यादा हैरानी की बात यह है कि एक बस में इन 93 बच्चों को बैठाया गया था और साथ ही साथ दो दर्जन से अधिक पैसेंजर भी बैठ गए थे। जानवरों से भी बदतर स्थिति में बच्चों को बिहार से यूपी के देवबंद स्थित मदरसे तक ले जाया जा रहा था. एक न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार बस में सवार यात्री अनवार ने बताया कि हम लोग अररिया में सवार हुए और मुजफ्फरनगर जा रहे थे. हमने गाड़ी वाले से पूछा कि इसमें तो मदरसे के बच्चे हैं तो उसने कहा तुम्हें बच्चों से क्या मतलब, तुम पैसेंजर हो बैठो. एक अन्य यात्री राहुल सिंह ने कहा कि बच्चों से मेरा कोई लेना-देना नहीं है. मैं अररिया से लुधियाना जा रहा हूं. वह लोग अलग हैं. हम अलग हैं।

बिहार से यूपी के देवबंद के जिन दो मदरसे में इन बच्चों को ले जाया जा रहा था. उनमें एक मदरसे का रजिस्ट्रेशन भी नहीं है. एक मदरसे के प्रबंधक से हमने बात की. मदरसा संचालक रिजवान ने कहा कि यह बच्चे पहले भी हमारे यहां पढ़ते थे और इस बार भी पढ़ रहे हैं. उनके घरवालों ने कहा था कि आप आ जाएं, एक आदमी यहां से चला जाएगा छोड़ने. जैसे हमारे बच्चे पहले पढ़ रहे थे, वैसे ही आगे पढ़ेंगे।रिजवान ने कहा कि हमारे यहां नर्सरी क्लास से कक्षा 5 तक पढ़ाई होती है। हिंदी, इंग्लिश, उर्दू और दीन की तालीम दी जाती है. लेकिन बड़ा सवाल यह है कि ये बच्चे एक दूसरे को पहचान क्यों नहीं रहे हैं? बच्चे अपने ही स्कूल के मदरसा संचालक को कैसे नहीं पहचान रहे हैं? जिन बच्चों को आपस में भाई बताया जा रहा है, वह एक दूसरे को पहचानने तक से इनकार क्यों कर रहे हैं?दरअसल यह एक बड़ा खेल है इस के तहत छोटे बच्चों को उनके परिवार से दूर ले जाकर उनका माइंडवाश कर चरमपंथी बनाने और गजवा ए हिन्द के लिए तैयार करने की साजिश का भी हिस्सा हो सकता है। दरअसल बिहार के पिछड़े इलाकों के अशिक्षित गरीब मां-बाप के अधिक बच्चों वाले परिवारों से इन बच्चों को मदरसा पढ़ाई के नाम पर लाया जाता है इन बच्चों को अनाथ बता कर जकात में मोटी रकम उगाही जाती है इस के लिए विदेश से भी आर्थिक सहायता ली जाती है इस तरह इस धंधे को चलाया जा रहा है और चरमपंथियों की फसल तैयार की जा रही है।इन मासूमों को दीनी तालीम के साथ ही मजहबी कट्टरता की घुट्टी पिलायी जाती है फिर ये बच्चे जीवन भर राष्ट्र की मुख्य धारा से नहीं जुड़ पाते हैं और दारूल हरब के लिए मिशनरी वर्क करते हैं। इस प्रकरण की गहराई से जांच करने पर मासूमों के साथ की जा रही सहायता के नाम पर जीवन बर्बाद करने के षडयंत्र का बड़ा खुलासा हो सकता है। सरकार को इस मामले की उच्च जांच एजेंसियों के साथ गंभीरता से जांच करानी चाहिए।

# राशन दुकानों में खाद्यान्न भंडारण का शत-प्रतिशत सत्यापन करवाना करें सुनिश्चित:कलेक्टर

■ ई-केवाईसी कार्य को 31 मई तक शत-प्रतिशत करवाने के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**जगदलपुर, 30 अप्रैल।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के ने कहा कि जिले में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दूकानों में खाद्यान भंडारण का खाद्य विभाग शत-प्रतिशत सत्यापन करवाना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने पीडीएस दुकानों का प्रतिमाह निरीक्षण कर भंडारण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि पीडीएस दूकानों का सत्यापन हेतु आवश्यक मानव संसाधन खाद्य विभाग के सहयोगी अन्य विभागों से पूरा कर निरीक्षण कार्य को पूर्ण करें। उक्त निर्देश सोमवार को कलेक्टर ने जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित खाद्य, मार्फेड, नान और सहकारिता विभाग के कार्यों के समीक्षा बैठक में दिए। समीक्षा बैठक में खाद्य विभाग से 485 पीडीएस दुकानों मे खाद्यान्न भण्डारण का सत्यापन करवाने, ई-केवाएसी करवाने की प्रगति, कार्डो को आधार से सीडिंग करवाने की प्रगति,कार्ड का नवीनीकरण और निरस्तीकरण की स्थिति, मोबाइल नंबर सीडिंग, उचित मूल्य की दूकान में सामग्रियों का भौतिक सत्यापन, ऑफ लाइन खाद्य वितरण की स्थिति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने पीडीएस दुकानों में मिली अनियमितता के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए दुकानों का संचालन में प्राथमिकता महिला-समूहों को देने कहा। उन्होंने अंत्योदय कार्ड- प्राथमिकता कार्डो का नवीनीकरण की प्रगति और निरस्तीकरण की स्थिति व कारण का संज्ञान लिया। सातो ब्लॉको से निरस्तीकरण के प्रस्ताव पर आवश्यक कार्यवाही करने के लिए खाद्य नियंत्रक को निर्देशित किया। साथ ही पीडीएस की दुकानों में चना, गुड़, शक्कर, नमक की आपूर्ति की स्थिति ई-केवाएसी कार्य को प्राथमिकता से के अपडेट करवाने तथा जिन एकल खातों का एक भी बार केवाएसी नहीं हुआ उसे विशेष रूप से देखने के निर्देश दिए साथ ही ई-केवाईसी कार्य को 31 मई तक शत-प्रतिशत करवाने कहा। इस हेतु पंचायतों का डाटा लेकर कमियों को दूर करने के प्रयास किये जाए। कलेक्टर ने की भी समीक्षा की ।

कलेक्टर श्री विजय ने धान उपार्जन केन्द्र से धान उठाव की स्थिति की समीक्षा करते हुए इस कार्य पर विशेष फोकस देकर उठाव करवाने कहा। साथ ही चावल जमा करवाने की स्थिति का भी संज्ञान लिए। उन्होंने खरीफ विपणन वर्ष 2023-2024 मे उपार्जित धान की खरीदी और आगामी खरीफ वर्ष के लिए पंजीकृत किसानों का विवरण देने के निर्देश दिए। बैठक में वेयर हाउसिंग में चावल की स्थिति नान व एफसीआई के भण्डारण की समीक्षा किए। गोदामों में भंडारण की क्षमताओं के संबंध मे चर्चा भी की। सहकारिता विभाग से ऋण वितरण, सहकारी समितियों का पंजीयन और समितियों के पंजीयन निरस्तीकरण के कार्य, समितियों का आडिट करवाने जैसे कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# मोदी की गारंटी, विष्णु के सुशासन पर जनता जता रही विश्वास:रेणु

■ चुनाव नजदीक आते ही घर-घर संपर्क हुआ तेज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**पत्थलगांव 30 अप्रैल।** मोदी की गारंटी विष्णु का सुशासन पर जनता पूरी तरह विश्वास जता रही है। अबकी बार लोकसभा चुनाव मे 400 पार का नारा सार्थक होता दिखायी दे रहा है,यह बातें बूथ क्रमांक 174 एवं वार्ड क्रमांक 5 की बूथ प्रभारी रेणु विश्वास ने जनसंपर्क अभियान के दौरान बूथ लेबल के कार्यक्रर्ताओ को संबोधित करते हुये कही। दिन सोमवार को वार्डक्रमांक 5 एवं बूथ क्रमांक 174 मे जनसंपर्क कार्यक्रम की शुरूवात हुयी,इस दौरान भाजपा के कार्यक्रर्ताओ ने घर-घर पर्चे बांटकर लोकसभा प्रत्याशी को जीताने की अपिल की। साथ मे नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री की कमान संभलवाने की अपिल की,इस दौरान बूथ प्रभारी रेणु विश्वास,डॉ बी.एल.भगत,सतीश गर्ग,बसंत शर्मा,सुनील गर्ग,मनोज रोहिला,चंदन शर्मा,रेवा धीवर व अनेक महिलायें मौजुद थी। सभी ने लोकसभा प्रत्याशी के पक्ष मे वोट डालने की अपिल करते हुये अब की बार 400 पार के नारे को पूरा करने की अपिल की।

दरअसल 7 मई को रायगढ जशपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथी तय की गयी है,चुनाव की तारिख नजदीक आते देखकर भाजपा के कार्यक्रर्ता प्रचार प्रसार मे काफी तेजी लाये हुये है एक दिन पहले ही क्षेत्रिय विधायक गोमती साय ने भी लोकसभा प्रत्याशी के लिए वोट देने की घर-घर घुमकर अपिल की थी। वार्ड क्रमांक 5 की बूथ प्रभारी रेणू विश्वास का कहना था कि मोदी सरकार ने दस साल के कार्यकाल मे किसान,व्यापारी,महिला के साथ हर वर्ग के जरूरतमंद लोगो का जरूरत के अनुसार ख्याल रखा है। तीसरे बार उन्हे प्रधानमंत्री की कमान सौंपकर देश और अधिक समृद्ध एवं शक्तिशाली बनकर विश्व गुरू का दर्जा मिल सकेगा।

# कार्यशाला में परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने के उपाय बताए गए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर,30 अप्रैल।** परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने हेतु जिले के समस्त 247 हाई एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों तथा निजी विद्यालयों में ऑनलाईन दक्षता विकास प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में जिले के सभी प्राचार्य वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार जिले के सभी विद्यालयों के साथ-साथ जिला स्तर पर भी जिला पंचायत के सभाकक्ष में उक्त कार्यशाला का प्रसारण किया गया, जिसमें जिला मुख्यालय एवं आसपास के सभी विद्यालयों के प्राचार्यो एवं विषय विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यशाला में बताया गया कि आने वाले समय में विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम आने वाले हैं। परीक्षा परिणाम के पूर्व तनाव एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, किन्तु कई बार बच्चे उस तनाव के चलते अवसादग्रस्त हो जाते हैं। यह समय



बच्चों एवं पालकों के लिए बहुत संवेदनशील होता है तथा तनाव में रहने के कारण विद्यार्थी द्वारा कोई अप्रिय निर्णय लिए जाने की आशंका बढ़ जाती है। इस दौरान शिक्षकों एवं पालकों को विद्यार्थियों के तनाव को दूर करने के उपायों के बारे में बताया गया। वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा की अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु पिल्ले, सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी, संचालक एससीईआरटी श्री राजेन्द्र कटारा तथा मनोचिकित्सकों एवं काउंसलर द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल द्वारा सभी प्राचार्यो को बोर्ड परीक्षा परिणाम आने के पूर्व मई माह के प्रथम सप्ताह में पालक शिक्षक बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर दो सहायक शिक्षक निलंबित

**कोरबा 30 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु 16 अप्रेल को आयोजित मतदान अधिकारियों के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाये जाने पर दो सहायक शिक्षक एल.बी.क्रमश:राजेश कुमार तिवारी, शासकीय प्राथमिक शाला बासीनखार एवं कृपाल सिंह मरकाम शासकीय प्राथमिक शाला पुटुवा के विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा द्वारा जारी आदेश के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु मतदान अधिकारियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 16 अप्रेल को दोपहर 1.30 बजे से 5.30 बजे तक विद्युतगृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा में आयोजित किया गया था, जिसमें राजेश कुमार तिवारी सहायक शिक्षक एल.बी.शासकीय प्राथमिक शाला बासीनखार विकासखंड कोरबा को मतदान अधिकारी दो नियुक्त कर प्रशिक्षण में उपस्थित होने हेतु आदेशित किया गया था। किंतु राजेश कुमार तिवारी उक्त प्रशिक्षण से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाये गये। उक्त संबंध में उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिसका जवाब श्री तिवारी द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। श्री तिवारी के विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित करते हुए तत्काल प्रभाव से उन्हे निलंबित किया जाकर उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोरबा नियत किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। इसी तरह लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु मतदान अधिकारियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 16 अप्रेल को प्रातः 10 बजे से दोपहर एक बजे तक स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय पोड़ीउपरोड़ा में आयोजित किया गया था, जिसमें कृपाल सिंह मरकाम सहायक शिक्षक एल.बी.शासकीय प्राथमिक शाला पुटुवा विकासखंड पोड़ीउपरोड़ा को मतदान अधिकारी- दो नियुक्त कर प्रशिक्षण में उपस्थित होने हेतु आदेशित किया गया था।

# कलेक्टर एवं चेयरमैन मां दन्तेश्वरी एयरपोर्ट ने सुचारु विमान सेवा संचालन के लिए ली बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर,30 अप्रैल।** बस्तर के वासियों के लिए विमान सेवाओं का लाभ सतत मिलते रहने तथा एयरपोर्ट के आवश्यक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सोमवार को कलेक्टर एवं चेयरमैन मां दन्तेश्वरी एयरपोर्ट श्री विजय दयाराम के. ने संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में एयरपोर्ट से संबंधित नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, लोक निर्माण इ.एण्ड एम, वन विभाग और पुलिस विभाग के विषयों पर चर्चा की गई। एयरपोर्ट के समीप डीजीसीए के निर्देशों के अनुसार मोबाइल टॉवरों में रंग का पालन करने, एयरपोर्ट के अंदर आवश्यक सड़को का विकास, इंडिगो विमानन संस्था हेतु कक्ष का आबंटन, डीजीसीए के निर्देशों के अनुसार रनवे का विकास कार्य, पॉपी का सिफ्टिंग कार्य, यात्रियों के सुविधा हेतु रवानगी क्षेत्र में कन्वेयर बेल्ट का स्थापना, एयरपोर्ट के समीप स्थित चिन्हित पेड़ो का ट्रिमिंग करवाने, विसीबिलिटी के लिए निर्धारित मापदंड में कमी हेतु पत्राचार और सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था के संबंध में चर्चा किया गया। एयरपोर्ट में विकास कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश देते हुए अधिकारियों के साथ एयरपोर्ट में यात्रियों की सुविधाओं हेतु आवश्यक व्यवस्था का मौका निरीक्षण किया गया। इसके अलावा एयरपोर्ट में अधिक विमानन संचालन की स्थिति में विमानन संस्थाओं को सुविधा एवं आवश्यक व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री महेश्वर नाग, नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मंडावी, संयुक्त कलेक्टर व नोडल अधिकारी श्री ऋषिकेश तिवारी, लोनिवि कार्यपालन अभियंता श्री एके सिंह, डायरेक्टर एयरपोर्ट श्री विदेश गुप्ता, अधिकारी श्री राठौर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### प्राक्चयन परीक्षा 9 जून को

**धमतरी 30 अप्रैल।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रयास बालक एवं बालिका आवासीय विद्यालयों में कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा आगामी 9 जून को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक जिला स्तर पर आयोजित की जायेगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए इच्छुक विद्यार्थी 17 मई तक विभागीय वेबसाईट http://eklavya.cg.nic.in/PRMS/student-Admission-Detail पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति, निवास प्रमाण पत्र, कक्षा आठवीं की अंक सूची (60 प्रतिशत से अधिक अंक से उत्तीर्ण) अपलोड कराना अनिवार्य होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए सहायक आयुक्त, कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 85 में स्थित आदिवासी विकास विभाग के संबंधित शाखा से सम्पर्क किया जा सकता है।

### जन्म-मृत्यु पंजीयन के लिए कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

**जगदलपुर 30 अप्रैल।** अब जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र घर बैठे मिल जाएंगे। जन्म व मृत्य प्रमाण पत्र पंजीयन के लिए भारत के महापंजीयक कार्यालय ने नया ऑनलाइन पोर्टल सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम शुरू किया गया है। इस पोर्टल में बहुत सारे ऐसे फीचर्स हैं, जो कि आम जनता को सुविधा उपलब्ध कराते हैं। जैसे जन्म या मृत्यु का पंजीयन के लिए आवेदन कोई भी व्यक्ति घर बैठे कर सकते हैं। इसके लिए पोर्टल में साइनअप करके लॉगिन करने के बाद आवश्यक जानकारी को भरने और जरूरी दस्तावेज अपलोड करके आवेदन किया जा सकता है। नए पोर्टल में यदि आवेदक अपना मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी दर्ज कराते हैं तो उसमें रजिस्ट्रार द्वारा पंजीयन की प्रक्रिया का विवरण मोबाइल नंबर पर मैसेज के माध्यम से और ई-मेल आईडी में मेल के माध्यम से भेजा जाता है। रजिस्ट्रेशन पूरा होने के बाद जन्म अथवा मृत्यु प्रमाण पत्र सीधे ई-मेल आईडी पर पीडीएफ के रूप में पोर्टल के माध्यम से ही भेज दिया जा रहा है, जिससे कि आवेदकों को पंजीयन कार्यालयों के चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। पोर्टल नया होने की वजह से इसकी कार्यप्रणाली को समझाने के लिए प्रत्येक जिले के लिए मास्टर ट्रेनर्स बनाए गए हैं। केंद्र सरकार द्वारा जन्म व मृत्यु पंजीयन की प्रक्रिया को सरल करते हुए जन्म-मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 में आवश्यक संशोधन कर जन्म- मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 2023 बनाया गया है। इसके साथ ही ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया को सरल करते हुए यूजर फ्रेंडली बनाया गया है।

### पासपोर्ट कार्यालय अधर में, बंद भवन से लोगों में निराशा बढ़ी

**जगदलपुर 30 अप्रैल।** जिला मुख्यालय के कलेक्ट्रेट में पासपोर्ट कार्यालय बनकर तैयार है, लेकिन भारत सरकार की तरफ से अब तक अनुमति नहीं मिली है। जिसके चलते भवन में ताला जड़ा हुआ है। बस्तर के लोगों को पासपोर्ट बनवाने अब भी राजधानी रायपुर का लगभग 400 से 500 किमी का सफर तय करना पड़ता है, जिसके कारण खर्च बढ़ने के साथ ही समय भी लगता है। जगदलपुर में पासपोर्ट सेवा केंद्र खुलने की खबर ने लोगों को थोड़ी राहत जरूर दी थी लेकिन पिछले 4 महीने से बंद भवन को देखकर लोग फिर से निराश हो रहे हैं। बस्तर कलेक्टर विजय दयाराम ने बताया कि इन सभी तकनीकि आवश्यकताओं के साथ भवन निर्माण पूरा हो गया है। भारत सरकार से अनुमति मिलते ही पासपोर्ट कार्यालय शुरू हो जाएगा।

### मोहारा बसंतपुर सड़क जर्जर

**डोंगरगढ 30 अप्रैल।** ग्राम पंचायत मोहारा से बसंतपुर कसारी मार्ग के जर्जर होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ी है। पिछले 10 वर्षों में सड़क के डामरीकरण और मरम्मत के नाम से लोक निर्माण विभाग ने लाखों रूपए स्वीकृत किए है। इस सड़क पर ठेकेदार के माध्यम से 2018-19 में लाखों का निर्माण कराया गया था। ठेकेदार ने अधूरा कार्य करने के बाद पूरी राशि का आहरण कर लिया था। अब इस मार्ग पर 100 से अधिक गढडे हो चुके है। मार्ग में आए दिन हादसे होते रहते है। बरसात के दिनों में इस मार्ग पर वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। इस मार्ग पर धान परिवहन में लगी गाडियों के चलने के कारण हालत बदत्तर हो चुकी है।

### सिंधी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 11 मई से

**जगदलपुर 30 अप्रैल।** सिंधी पंचायत के मार्गदर्शन में सिंधी नवयुवक मंडल सिंधी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 11 मई से फ्लड नाईड हाथा मैदान में किया गया है। सिंधी समाज के अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी ने बताया कि सिंधी प्रीमियर लीग क्रिकेट आयोजन पहली बार सिंधी नवयुवक मंडल द्वारा करवाया जा रहा, 10 क्रिकेट टीम तैयार की गई, इन सभी सिंधी क्रिकेट टीम के नाम हम अपने ईष्ठ देव एवं पूज्य सन्तो के नाम से बनाए है। सिंधी नवयुवक मंडल अध्यक्ष शिवम बसन्तवानी ने बताया सिंधी प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच फ्लड नाईड हाथा मैदान में 11 मई से खेला जाएगा, इस सिंधी प्रीमियर लीग टूर्नामेंट में 10 टीमों में 14-14 खिलाड़ी होंगे सभी खिलाड़ी जर्सी में मैदान पर उतरेंगे। पहली बार सिंधी समाज मे करवाए जा रहे क्रिकेट मैच के लिए उम्र 16 से लेकर 60 वर्ष तक के खिलाड़ी प्रतिभागियों को लिया गया है।

## समाचार संक्षेप

### पोलिंग बूथ पर 17सी फॉर्म दिए बगैर निर्वाचन अधिकारी वापस लौट गए: सुरेश सिन्हा

**डोंगरगढ़ 30 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव 2024 संपन्न कराने आए पीठासीन अधिकारी एवं कर्मचारी जिसकी शिकायत घोटिया बुथ अध्यक्ष विश्वनाथ कंवर व छिपा बुथ अध्यक्ष छन्नू वर्मा ने अपने ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा से की थी। जिसे संज्ञान में लेकर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री सिन्हा ने डोंगरगढ एसडीएम से पीठासीन अधिकारियों की शिकायत की। शिकायत में कहा गया है कि, डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक की पोलिंग बूथ क्रमांक 125 घोटिया, छिपा पोलिंग बूथ क्रमांक 190 पर चुनाव संपन्न होने के बाद बीएलए के द्वारा 17सी फॉर्म मांगने के बावजूद किसी भी राजनीतिक पार्टी को नहीं दिए। जिसकी मांग करने डोंगरगढ़ निर्वाचन अधिकारी एसडीएम से मुलाकात कर जानकारी मंगा गया और ऐसे पीठासीन अधिकारियों के ऊपर कारवाई की मांग की गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेता विष्णु लोधी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### दुष्कर्म के फरार आरोपी को भेजा गया जेल



**बचेली 30 अप्रैल।** गौरव राय (भा.पु.से.), पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा, आर. के. बर्मन (रा.पु.से) अति. पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा के निर्देशन में एवं कपिल चंद्रा (रा.पु.से) पुलिस अनुविभागीय अधिकारी किरन्दुल के मार्ग दर्शन में थाना- किरन्दुल के अपराध क्रमांक 18/2024 धारा- 376(2)(ढ) भादवि. 3(2)(1) ST/SC ACT के घटना दिनांक से फरार आरोपी- राकेश के.आर. पिता के. पी. राजन उम्र 38 वर्ष साकिन- हृष्ट 47 टाइप - टू एन एम डी सी कॉलोनी किरन्दुल थाना जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा को पता तलाश कर उसके सकुनत दिनांक 29.04.2024 सोमवार को 12.35 बजे गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जिसका माननीय न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी करने पर जिला जेल दन्तेवाड़ा दाखिल कराया गया है। कार्यवाही में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कपिल चंद्रा, निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू (थाना प्रभारी किरन्दुल), उप निरीक्षक दीनानाथ वैष्णव, प्र.आर. हरीराम सिन्हा, प्र. आर. नरेश मंडल, आरक्षक भोजराम ध्रुव की विशेष भूमिका रही।

### मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों ने डाक मतपत्र से किया मतदान

**कोरबा 30 अप्रैल।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय क्षेत्र क्रमांक 04 कोरबा के तहत आने वाले सभी अधिकारी/कर्मचारी जो सामान्य निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात है के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने एवं अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवा के मतदाताओं हेतु जिला पंचायत संसाधन केंद्र परिसर में बनाए गए डाक मतपत्र मतदान सुविधा केंद्रस्थापित की गई है।डाक मतपत्र मतदान सुविधा केंद्र में मतदान की व्यवस्था होने पर ऐसे अधिकारियों-कर्मचारियों जिनकी ड्यूटी लोकसभा निर्वाचन हेतु मतदान दलों में लगाई गई है, उन्होंने उत्साह के साथ केंद्र में मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भूमिका अदा की।डाक मतपत्र से मतदान करने वाले पुलिस विभाग में पदस्थ श्री ओमकार साहू व श्री हबिल एक्का ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन कार्य में उनकी ड्यूटी लगी हुई है। मतदान दिवस 07 मई को निर्वाचन कार्य में व्यस्त रहने के कारण वे पोलिंग बूथ पर जाकर मतदान करने में असमर्थ हैं, इस हेतु उन्होंने डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने का विकल्प चयन कर आज सुविधा केंद्र में आकर मतदान किया है। इसी प्रकार नगर सेना में पदस्थ् श्री नागेन्द्र राजपूत व श्री रमेष कुमार कंवर ने बताया कि निर्वाचन ड्यूटी होने के कारण उन्होंने भी अपना महत्वपूर्ण वोट डाक मतपत्र के माध्यम से किया है।

### शत प्रतिशत मतदान के लिए सभी निकाय पूर्ण इच्छाशक्ति के साथ कार्य करें:आयुक्त

**कोरबा 30 अप्रैल।** आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों, निगम के जोन कमिश्नरों को दिशा निर्देश देते हुए कहा है कि निकाय क्षेत्रों में शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य पाने हेतु पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य करें, लगातार इवेन्ट्स का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक करें, स्वच्छता दीदियों व निकाय कर्मचारियों के माध्यम से घर-घर संपर्क कर मतदाताओं को अनिवार्य मतदान हेतु जागरूक, प्रेरित व आमंत्रित करें। मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दें तथा आदर्श मतदान केन्द्र स्थापित कराएं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने आज निगम कार्यालय साकेत में जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों व निगम के जोन कमिश्नरों की एक महत्वपूर्ण बैठक लेते हुए निकायों द्वारा किए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों, मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं, आदर्श मतदान केन्द्र की स्थापना सहित विभिन्न निर्वाचन से जुड़े कार्यो की कार्यप्रगति की बिन्दुवार व निकायवार विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने कहा कि विगत निर्वाचनों में जिन मतदान केन्द्रों एवं क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम रहा है, वहॉ पर विशेष फोकस रखकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित व जागरूक करें, उन्हे मतदान का महत्व बताएं। आयुक्त सुश्री ममगाई ने विभिन्न निकाय क्षेत्रांतर्गत स्थित मतदान केन्द्रों से जुड़ी आवश्यक व्यवस्थाओं व तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि मतदान केन्द्रों की तैयारियों को अंतिम रूप दें, जिन मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्र के रूप में बनाया जाना है, उनके चिन्हांकन करते हुए उन्हें सुसज्जित व व्यवस्थित करें, समस्त आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कराएं। आयुक्त सुश्री ममगाई ने बैठक के दौरान निर्वाचन संबंधी अन्य विभिन्न कार्यो की कार्यप्रगति व तैयारियों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

■ बस्तर में वनोपज के कुल संग्रहण में 80 प्रतिशत हिस्सेदारी तेंदूपत्ता की है:दुग्गा

# 75 समितियों से 2 लाख 70 हजार 600 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य

**जगदलपुर 30 अप्रैल।** बस्तर संभाग के 04 वन मंडल जगदलपुर, सुकमा, दंतेवाड़ा व बीजापुर वन मंडल में तेंदूपत्ता संग्रहण जारी है। तेंदूपत्ते के अलावा यहां साल बीज, इमली, आंवला, महुआ, हर्रा, बहेड़ा, चिरौंजी, धवई, भेलवा, सतावर, कालमेघ, लाख, गोंद, आदि का संग्रहण भी बहुतायत से होता हैं। यह ग्रामीणों के आर्थिक स्त्रोत का प्रमुख साधन है, सरकार 65 तरह के वनोपज की खरीदी करती है। वन विभाग ने बस्तर वृत्त के चारों वन मंडलों में 75 समितियों के माध्यम से तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य 02 लाख 70 हजार 600 मानक बोरा



तय किया है। लक्ष्य पूरा हुआ तो संग्राहकों को सिर्फ मजदूरी के एवज में ही 5500 के निर्धारित दर से 148 करोड़ 83 लाख रुपए मिल जाएंगे, सरकार से बोनस भी अलग से मिलेगा। मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा ने बताया कि बस्तर में वनोपजों के कुल संग्रहण में 80 प्रतिशत हिस्सेदारी तेंदूपत्ता का है, और ग्रामीणें को सबसे ज्यादा बोनस सहित आमदनी इसी से प्राप्त होती है। इसके बाद साल बीज हर्रा, बहेड़ा, आंवला व अन्य वनेंपज हैं। उन्होने बताया कि सबसे महंगा पत्ता बीजापुर के पुजारी कांकेर का 12199 प्रति मानक बोरा की दर पर बिका है। सुकमा वनमंडल में प्रति मानक बोरा की अधिकतम दर (एर्राबोर के पत्ते) 6309 रुपए आई है। वहीं सबसे कम दर का पत्ता भी सुकमा वन मंडल के जग्गावरम का बिका है, जिसकी बोली 2109 रुपए प्रति मानक बोरा आई है। उन्होने बताया कि अनुकूल मौसम में लक्ष्य पूरा हो जाएगा। एक मानक बोरा तेंदूपत्ता में कुल 1000 गड्डी होती है। प्रत्येक गड्डी में 100 पत्ते होते हैं। पत्ता जितना ज्यादा महंगा बिकेगा उतना ज्यादा बोनस ग्रामीणों के खाते में आएगा।

**एक नजर**

## जनपद पंचायत खरसिया व तहसील कार्यालय धरमजयगढ़ में बनाए गए अतिरिक्त सुविधा केन्द्र

**रायगढ़, 30 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत रायगढ़ संसदीय क्षेत्र क्रमांक 02 के लिए जिले में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान हेतु 2 सुविधा केन्द्र की स्थापना की गई है। जिनमें कलेक्टोरेट परिसर रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष एवं पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ शामिल है। इसके अतिरिक्त रायगढ़ जिले में पदस्थ पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु जिले के धरमजयगढ़ एवं खरसिया मुख्यालय में अतिरिक्त सुविधा केन्द्र की स्थापना की गई है। विधानसभा लैलूंगा, रायगढ़, खरसिया एवं धरमजयगढ़ हेतु सभाकक्ष कार्यालय जनपद पंचायत खरसिया एवं तहसील कार्यालय धरमजयगढ़ में डाकमत पत्र हेतु सुविधा केन्द्र बनाए गए है। दिनांक 01 मई 2024 को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक अधिकारी-कर्मचारी उक्त सुविधा केन्द्र में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते है। मतदान केंद्र पर ड्यूटी हेतु नियुक्त मतदान दल के सदस्य, सेक्टर ऑफिसर और माइक्रो ऑब्जवर्स को निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं, निर्वाचन ड्यूटी पर संलग्न अन्य सभी अधिकारी-कर्मचारियों को डाक मतपत्र जारी किए गए हैं। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न सभी अधिकारी-कर्मचारियों से यथास्थिति डाक मतपत्र या निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की है।

## निर्वाचन की प्रक्रिया का रखें विशेष ध्यानःकलेक्टर



**रायगढ़, 30 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने पालीटेक्निक कालेज में चल रहे जिला स्तरीय मतदान दलों के तृतीय प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। यहां लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र के पीठासीन अधिकारी मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2, 3 को जिला स्तरीय एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक नोडल अधिकारी प्रशिक्षण श्री शशिकांत कुर्रे तथा तहसीलदार तमनार श्रीमती रिचा सिंह उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल ने कक्षवार प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में सीआरसी महत्वपूर्ण होती है, मॉकपोल पश्चात सीआरसी करना न भूले। इस दौरान उन्होंने मशीनों के रख-रखाव एवं बचाव के संबंध में विशेष दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केन्द्र के संबंध में बताया कि कुल 543 मतदान केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे। इसके साथ ही आपकी सुविधा के लिए गर्मी के लिहाज से कूलर एवं पेयजल की व्यवस्था की जा रही है, ताकि आपको किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने मतदान दिवस पर की जाने वाली प्रक्रियाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सभी दल समय का विशेष ध्यान रखें, ताकि नियत समय पर वास्तविक मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सके। कलेक्टर श्री गोयल ने निर्देशित किया कि सभी टीम बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त करें, जिससे मतदान दिवस पर आपका कार्य आसान हो जाएगा। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से मशीन सीलिंग, मशीन रिप्लेस, मॉक पोल, मतदान समय, टेस्ट वोट, चैलेंज वोट जैसे मतदान प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में किसी भी प्रकार की शंका होने पर तत्काल प्रश्न कर दूर कर लें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण-पत्र के माध्यम से सभी प्रशिक्षणार्थी अवश्य मतदान करें।

## लू से बचाव के लिए नगरीय तथा ग्रामीण स्तर पर नोडल व सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

**रायगढ़, 30 अप्रैल।** रायगढ़ जिले में माह अप्रैल से जून 2024 के दौरान भीषण गर्मी लू-तापघात से उत्पन्न स्थिति से निपटने तथा जनसमुदाय को लू-तापघात से बचाव एवं तैयारी व प्रबंधन कार्य हेतु नगरीय तथा ग्रामीण स्तर पर नोडल अधिकारी/ सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### आवेदक अब सचिव की आयोग तक शिकायत की तैयारी में

# ग्राम पंचायत रजनकटा में सूचना के अधिकार को ठेंगा दिखाया सचिव ने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजिम-पांडुका, 30 अप्रैल।** समीप ग्राम पंचायत रजनकटा का विवादों से चोली दामन का साथ है और इसी को देखते हुए ग्रामीण वेद प्रकाश यादव ने 15 जनवरी 2024 को सूचना के अधिकार के तहत दो आवेदन ग्राम पंचायत के जन सूचना अधिकारी सचिव युवराज साहू को दिया पर जन सूचना अधिकारी ने इस आवेदन को ठेंगा दिखाते हुए सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की जानकारी देना अपने शान के खिलाफ समझा और महीना बीत जाने के बाद तय सीमा में जानकारी नहीं दी यह दो आवेदन दो अलग अलग बिंदु में मांगे गए थे ।पर पंचायत के विकास कार्यों में शायद गड़बड़ी के चलते जानकारी नहीं दी गई।इस अधिनियम की अगर जरा भी सम्मान करता तो तय समय सीमा में जानकारी ना सही देता तो पत्राचार जरूर करता पर सचिव साहब का अपना अलग ही रूवाब है। इसके बाद तय सीमा में जानकारी नहीं मिलने के बाद आवेदक ने जनपद पंचायत छुरा में प्रथम अपील अधिकारी जनपद पंचायत छूरा को अपना आवेदन सौपा आवेदन का निराकरण के लिए प्रथम अधिकारी अपीली अधिकारी जनपद पंचायत छुरा ने 9 अप्रैल 2024 का प्रथम अपील के तहत दोनों पक्षों को अपने केबिन में बुलाया जिस पर जन सूचना अधिकारी राजनकटा युवराज साहू को लताड़ लगाई और निराकरण में एक आवेदन का जिसमें 15 वे वित्त से संबंधित जानकारी एवं कैश बुक की जानकारी मांगी गई थी। उसको 7 दिवस के अंदर जानकारी देने की बात कही 7 दिवस से अधिक समय बित जाने के बाद भी जानकारी नहीं दी गई एवं दूसरे आवेदन को जिसमें वर्तमान सरपंच के कार्यकाल की विकास कार्यों की जानकारी चाहि गई थी। उसे पर जवाब न देना स्वीकार किया जिस पर प्रथम अपीलीय अधिकारी ने जन सूचना अधिकारी रजनकटा को नोटिस देने की बात कही थी । ऐसे में क्या विकासखंड छुरा के ग्राम पंचायतो मे भारी गड़बड़ी की गई है। जो सूचना का अधिकार के तहत जानकारी मांगने पर जानकारी ना देना आनाकानी करना व आवेदक एवं उनके आवेदन को ही गलत ठहरा कर तोर मरोड़ कर जवाब प्रस्तुत करना यह जनपद पंचायत छूरा सहित संबंधित ग्राम पंचायत का आदत बन गया है ।यही वजह है कि आम जनता के लिए पारदर्शी यह कानून को जन सूचना अधिकारी के रूप में कार्यरत पंचायत सचिवों द्वारा ठेंगा दिखाया जा रहा है इस बात से दुखी आवेदक अब द्वितीय अपील जिला पंचायत सीईओ सहित सचिव की शिकायत आयोग तक करने की बात कह रहा है।



## डिगेश्वरी साहू ने बाजी मारी

**राजिम।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फूलकर्रा में अध्यनरत नवमी की छात्रा कु डिगेश्वरी साहू ने 95 प्रतिशत अंक लेकर पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त की.वह व्याख्याता किशोर कुमार साहू की सुपुत्री एवं पूरनलाल साहू व्याख्याता की भतीजी है. उनके इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य गौतम बिझेकर व्याख्याता मीना मिश्रा, दीपक चंद्रवंशी,लुकेश्वर प्रधान,हेमंत कुमार साहू,संजीव साहू, कैलाश साहू,अजय पाल, नेहा ठाकुर, साधना साहू,काजल चंद्राकर, पन्नालाल देववंशी, गिरधर गजभिये, संतोष कुमार,दुर्गा नेताम, धर्मेंद्र सेन हरीश देवांगन, मनीष साहनी व शुभचिंतको ने उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

## घरेलू विद्युत उपकरण सेवा उद्यमी का निःशुल्क प्रशिक्षण 1 मई से

**महासमुंद 30 अप्रैल ।** बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जिले के युवकों के लिए घरेलू विद्युत उपकरण सेवा उद्यमी का निःशुल्क प्रशिक्षण 01 मई से प्रारम्भ किया जा रहा है। निदेशक बैंक ऑफ बड़ौदा (आरसेटी) श्री टुटु बेहरा ने बताया कि इच्छुक प्रतिभागियों द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए 03 मई 2024 तक पंजीयन करा सकते है। पंजीयन के लिए बी.पी.एल. राशन कार्ड की प्रतिलिपि, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज की 5 फोटो, दस्तावेज साथ लाना होगा। प्रतिभागी की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। निःशुल्क प्रशिक्षण पंजीयन के लिए एवं प्रशिक्षण की जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नम्बर 07723-299155, कमलेश पटेल के मोबाईल नम्बर 79997-00673, प्रतीक साहेब गुप्ता के मोबाईल नम्बर 93402-81974 पर प्रातः 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक संपर्क कर सकते है।

# खनिज विभाग की टीम रेत ले जाती हाईवा को पकड़ने में सफल रही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम, 30 अप्रैल।** कहावत है अगर अंधे के हाथ बटेर लग जाए तो उसे शेर नहीं कहा जाता ऐसा ही कुछ देखने को मिला जिले के खनिज विभाग टीम के साथ जो महीना भर से चल रहे राजिम आसपास के अवैध घाट चौबे बांधा, रावड, पिताईबंद परसौदा जोशी हथखोज ,जैसे आधा दर्जन भर अवैध रेत खदानें जब खुले आम दिन और रात चल रही थी तब सोया हुआ जिला का खनिज विभाग नहीं जगा और वही जब पोर्टल एवं दैनिक समाचार पत्रों में लगातार अवैध खनन की समाचार प्रकाशित की गई तो नींद से जागे खनिज विभाग की टीम ने राजिम आसपास दौरा किया तब जब रेत चोर अपना पूरा काम धाम समेट चुके थे तब कार्यवाही की गई जानकर बताते हैं कि कार्यवाही के लिए निकलने से पहले टीम इन रेत चोरों को बचाने सतर्क कर देते है जिस कारण रेत चोर अपनी गाडियां रेत खनन से निकाल लेते है और खनिज विभाग की टीम को कुछ हाथ नहीं लगता पर ,खाली हाथ लौटने से आम जनता के बीच में छबि धूमिल हो गया तो इस कारण कुछ नही तो मुश्किल से एक को बलि का बकरा बनाया जाए इस कारण रावड, बकली के पास एक रेत से भरा एक हाईवा गाड़ी मिला जिसे पड़कर सीना तान अपने कार्यवाही का डिंडोरा पीट रहा है ।जब हजारों की संख्या में रोज चैन माउंटेन और हाईवा गाड़ी नदियों का सीना छेद रहा था तब क्या सोया हुआ विभाग को खबर नहीं थी खनिज विभाग और रेत चोरों की यह पत्तेदारी से ये कार्यक्रम सालों से चलते आ रहा है चाहे वह शासन कांग्रेस का हो या फिर भाजपा का रेत चोर सभी सत्ताधारियों से साठ गाठ कर अपना रास्ता बना लेते हैं और सबके साथ सबके विकास के तर्ज पर रेत खनन करते चले आ रहे हैं ऐसे में कुछ दिनों तक कार्रवाई की असर रहेगा । जैसे माहौल ठंडा होगा फिर रेत चोर सक्रिय हो जाएंगे जब तक आम जनता सड़क पर नही उतरेगा तब तक ऐसा अवैध रेत खनन चलता रहेगा।

## 229 बटालियन ने स्थापना दिवस पर शहीद स्मारक के अनावरण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया



**बीजापुर, 30 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** 229वीं वाहिनी, बीजापुर छत्तीसगढ़ द्वारा 12वें स्थापना दिवस का आयोजन दिनांक 29/04/2024 को किया गया। इस समारोह पर श्री चन्दम बॉबी सिंह, कमाण्डेंट बटालियन के द्वारा बटालियन स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। बटालियन स्थापना दिवस के आयोजन के अंतर्गत 229 बटालियन के सभी अधिकारीगण एवं जवान उपस्थित हुए जिसके उपरांत इस बटालियन के चन्दम बॉबी सिंह, कमाण्डेंट 229 बटालियन द्वारा सभी को सम्बोधित किया गया । स्थापना दिवस के उपलक्ष में वाहिनी में पिछले एक सप्ताह से मनाये जा रहे कार्यक्रमों को समाप्न दिनांक 29/04/2024 को सांस्कृतिक संध्या से हुआ। जिसके मुख्य अतिथि श्री सुशील कुमार मिश्रा, पुलिस उप महानिरीक्षक, (परिचालन) रेंज, केरिपुबल, बीजापुर एवं विशेष अतिथि श्री अनुराग पांडे, (भा.पु.से.), जिला मजिस्ट्रेट बीजापुर एवं जितेन्द्र कुमार यादव, (भा.पु.से.), पुलिस अधीक्षक बीजापुर सम्मिलित हुए। इस पूरी अवधि के दौरान रक्तदान, खेल-कूद प्रतियोगिता, शहीद स्मारक का अनावरण व बड़ा खाना इत्यादि का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त इस वाहिनी के अधीन दूर दराज के ईलाकों में तैनात समवायों में भी 12वें स्थापना दिवस के अवसर पर खेल-कूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।इस अवसर पर श्री चन्दम बॉबी सिंह, कमाण्डेंट 229 द्वारा वाहिनी के अभी तक के गौरवशाली इतिहास एवं परिचालनिक गतिविधियों व उपलब्धियों के संबंध में अवगत करवाया गया। इसके अतिरिक्त उन्होंने वाहिनी द्वारा ग्रामीणों के चहोमुखी विकास, जैस गरीबी, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पीने को योग्य पानी व युवाओं के कौशल सुधार के क्षेत्र में भी अहम भूमिका निभाई है व उनके जीवन को बेहतर बनाया है, अपने स्थापना दिवस पर वाहिनी के Motto "Second to None" का आत्मसात करते हुए भविष्य में इस क्षेत्र को नक्सल मुक्त करने व इस क्षेत्र के विकास के प्रति प्रतिबद्ध रहने के अपने लक्ष्य को पुनः दौहराया ।

## विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ नवोदय विद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव







**बीजापुर, 30 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** बीजापुर के ज्ञानगुड़ी परिसर में स्थित नवोदय विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ विविध सांस्कृतिक गतिविधियों की मनमोहक प्रस्तुति के साथ वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया, विद्यार्थी जीवन में शिक्षा का महत्व, बेहतर शिक्षा से बेहतर समाज के निर्माण में अपना योगदान देने शिक्षा, खेल सहित अन्य गतिविधियों में पूरी क्षमता के साथ भाग लेकर अपने सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कक्षा 6वीं, 7वीं, 9वीं एवं 11वीं में वर्तमान परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सीजीएम ताजुद्दीन आसिफ सहित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश निषाद एवं नवोदय विद्यालय बीजापुर के प्राचार्य श्री अरूण कुमार उपस्थित थे।

## बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम का दिखा सकारात्मक परिणाम

**बीजापुर, 30 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देशन पर जिले में बाल विवाह रोकथाम हेतु व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान जिले महिला एवं बाल विकास विभाग ने नागरिकों से अपील की गई है कि जिले में बाल विवाह कराए जाने की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल उसकी सूचना जिला बाल संरक्षण इकाई, परियोजना अधिकारी, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 महिला एवं बाल विकास विभाग तथा थाना चौकी प्रभारी, आपातकालीन नम्बर 112 पर सूचना देकर बाल विवाह की रोकथाम में अपना सहयोग प्रदान करें। जिले में कुटरू क्षेत्र से एक किशोरी बालिका को माँ-बाप के द्वारा जबरदस्ती शादी कराये जाने की सूचना विभाग को दी गई इस पर विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही कर सखी वन स्टॉप सेंटर पर बालिका को आश्रय देखकर बालक कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया और बालिका के सर्वोत्महित को ध्यान में रखकर बालिका को आगे की शिक्षा हेतु प्रेरित किया गया है। वर्तमान में बालिका आगे की पढ़ाई जारी रखना चाह रही है।

इस पर बालिका के परिजन को बालक कल्याण समिति में बुलाया गया है।बाल विवाह को रोकने के लिए विभाग द्वारा समय-समय पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। लोगों को कम उम्र में बच्चों की शादी करने से रोकने अपील करता है। बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर विभाग संबंधितों के खिलाफ जेल एवं जुर्माना जैसी कार्यवाही कर सकता है। वर्तमान में अक्षय तृतीया पर होने वाले ऐसे समस्त विवाहों पर नजर रखें एवं सजग रहें, जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने में अपना योगदान दे।

### 'चला रइगढ़िया, वोट देवईया' का नारा गूंजा,सीईओ जिला पंचायत ने दिखाई हरी झंडी

# 7 मई को मतदान का संदेश देते निकाली स्वीप साइकिल रैली






रायगढ़, 30 अप्रैल। लोकसभा निर्वाचन-2024 के अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया। साथ ही यह आव्हान किया गया कि 7 मई को होने वाले मतदान में वे शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में साइकिल रैली का नेतृत्व सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री जितेन्द्र यादव कर रहे थे। इस दौरान आयुक्त नगर निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी भी साथ उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि 7 मई को जिले में होने वाले मतदान में सौ फीसदी भागीदारी के लिए चलाये जा रहे स्वीप अभियान के तहत आज स्वीप साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली को सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने कहा कि सभी मतदाताओं को 7 मई को होने वाले मतदान में अवश्य भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर एक वोट बेहद कीमती है। इसका उपयोग हमें स्वयं कर दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। साइकिल रैली प्रातः 7 बजे से कलेक्टोरेट रायगढ़ से शुरू होकर केलो विहार कालोनी, रोज गार्डन, डिग्री कालेज के पास से होते हुए पुनः कलेक्टोरेट में संपन्न हुई। साइकल रैली में सीईओ जनपद रायगढ़ श्री राजेश साहू, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बी.बाखला, डीएमसी श्री नरेन्द्र चौधरी सहित नगर निगम, शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनसामान्य शामिल हुए। सीईओ श्री यादव सहित जिला प्रशासन की टीम ने साइकिल चलाते हुए 'चला रइगढ़िया, वोट देवईयां', जागो-जागो हे मतदाता, तुम हो भारत के भाग्य विधाता, लोकतंत्र का यह आधार वोट न कोई हो बेकार, आपका मतदान लोकतंत्र की जान, छोड़ के अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान के नारों के साथ शहरवासियों को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

## 2 मई को चलेगा 'जानें अपना बूथ' अभियान



**रायगढ़, 30 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए रायगढ़ जिले में 07 मई को मतदान होना है। मतदाताओं को वोटिंग के लिए प्रेरित करने स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता के कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में कम मतदान वाले 175 केंद्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 'जाने अपना बूथ' कार्यक्रम 02 मई को आयोजित होने जा रहा है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने कहा कि बीएलओ के माध्यम से मतदाता पर्ची का वितरण हो रहा है। बीएलओ लोगों को मतदान की तिथि 07 मई और मतदान के समय सुबह 07 से शाम 06 बजे के बारे में जानकारी दे रहे हैं। इसके साथ ही मतदाताओं को उनके मतदान केंद्र के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। इसी के उद्देश्य से 'जानें अपना बूथ' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। ग्रामीण इलाकों में सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव और रायगढ़ शहरी क्षेत्र में कार्यक्रम की जिम्मेदारी नगर निगम आयुक्त श्री सुनील चंद्रवंशी को दी गई है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने इस संबंध में बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया।

जिसमें अपर कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय, एसडीएम रायगढ़ श्री प्रवीण तिवारी सहित सभी एसडीएम और तहसीलदार, सीईओ जनपद व सीएमओ नगर पालिका व नगर पंचायत शामिल हुए।इसके बारे में अधिक जानकारी देते हुए आयुक्त नगर निगम श्री सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि कम मतदान प्रतिशत वाले सभी बूथ में विभिन्न कार्यक्रम जैसे पेंटिंग, क्विज, रंगोली प्रतियोगिता आयोजित किए जाएंगे। सांस्कृतिक संध्या आयोजित करने की भी कार्ययोजना है। जिससे लोगों के बीच में अपने मतदान केंद्र को लेकर जागरूकता बढ़े और मतदान के दिन वहां उपलब्ध सुविधाओं के बारे में वे जान सकें।

## कार्यालय कलेक्टर के विभिन्न कक्षों के नामकरण के लिए सुझाव 6 मई तक आमंत्रित

**बीजापुर, 30 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** जिला कार्यालय में स्थित सभाकक्ष क्रमांक 01 एवं 02 प्रतिक्षा कक्ष तथा विडियो कांफ्रेस कक्ष क्रमांक 01 एवं 02 का नामकरण करना प्रस्तावित है जिसके लिए जिले के आम नागरिकों सहित अधिकारी-कर्मचारियों से नामकरण हेतु सुझाव 6 मई 2024 तक आमंत्रित किया गया है।

नामकरण के सुझाव जिले के भौगोलिक संरचना, प्रेरणादायक शब्द हो सकता है। प्रस्तावित नाम को समिति के समक्ष रखा जाएगा जिस नाम का चयन होगा उसे भेजने वाले आम नागरिक अथवा अधिकारी-कर्मचारी को सम्मानित किया जाएगा। नामकरण से संबंधित अपना सुझाव कार्यालय जिला जनसंपर्क अधिकारी प्रथम तल जिला कार्यालय कक्ष क्रमांक सी-8 में कार्यालयीन समय तक दिया जा सकता है।

## उपाध्याय घर-घर मांग रहे जनता से समर्थन





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 30 अप्रैल।** रायपुर लोकसभा कांग्रेस के उम्मीदवार पूर्व विधायक विकास उपाध्याय का चुनाव प्रचार के लिय अब धीरे धीरे कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय नेता घरों से बाहर निकलना शुरू किया है। कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता ग्रामीण महिलाओं के बीच जा रहे है।

तिल्दा नगर के वार्डो सहित ग्रामीण अंचल में पूर्व राज्य सभा सदस्य छाया वर्मा पूर्व विधायक जनक राम वर्मा सहित पार्टी के पुराने कार्यकर्ता अचानक सक्रिय हो चुके हैं।

## ग्रामीण अंचल में बृजमोहन अग्रवाल का धुआंधार प्रचार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 30 अप्रैल।** बलौदा बाजार विधान सभा के तिल्दा विकास खंड के गांव संकरा में ग्रामीणों की भिड़ एक तारीफ भिड़ उमड़ रही है। तिल्दा विकासखण्ड के ग्राम सांकरा में जनसभा कार्यक्रम के तहत ग्रामवासियों को सम्बोधित किया एवं उनसे आग्रह किया कि हमें साथ मिलकर देश में तीसरी बार मोदी की सरकार बनानी है। जिस तरह विधानसभा चुनाव में आपने भाजपा को अपना आशीर्वाद दिया है उसी प्रकार एक बार फिर लोकसभा चुनाव में भी आपको अपने आशीर्वाद से एक बार फिर नरेंद्र मोदी को भारत का प्रधानमंत्री बनाना है क्योंकि मोदी के नेतृत्व में ही भारत की माताओं बहनों को उनका उचित



सम्मान और सुरक्षा मिली है, मोदी जी की संवेदनशील सोच का परिणाम है कि आज हमारी माताओं बहनों को चूल्हे का धुआँ नहीं सहना पड़ता, सभी के लिए पक्के घर, खुले में शौच से मुक्ति आदि अभूतपूर्व कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, समेत अनेकों भाजपा पदाधिकारियों, परिश्रमी कार्यकर्ता बंधुओं एवं देवतुल्य ग्रामजनों की उपस्थिति रही।

### वीणा ने बृजमोहन के समर्थन में मांगा वोट

**तिल्दा-नेवरा, 30 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी के रायपुर लोकसभा प्रत्याशी कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के समर्थन में भारतीय जनता पार्टी नेत्री वीणा वर्मा के नेतृत्व में तिल्दा शहर के विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क किया गया भारतीय जनता पार्टी की नेत्री अनुराधा वर्मा नंदिनी खिचारिया देवकी बाघमार भी उनके साथ मौजूद थी और वह घर-घर पहुंच करके भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को कमल फूल में बटन दबाकर के विजय बनाने की अपील की।



### घर से मतदान करने वाले बुजुर्ग व दिव्यांगों का पुष्पगुछ भेंटकर एवं केक कटवाकर किया अभिनंदन

# बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग कर लोकतंत्र में निभाई अपनी सहभागिता

- लोकसभा चुनाव में पहली बार 85 वर्ष से अधिक उम्र एवं दिव्यांग मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से घर में ही किया मतदान
- 100 वर्षीय बिसाहिन साव ने खुशी से डाला अपना वोट और कहा- 'मोला बने लागत हे'
- दिव्यांग विशेश्वर प्रसाद मिश्रा ने कहा कि होम वोटिंग एक अच्छी एवं संवेदनशील पहल
- आयोग को बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने दिया धन्यवाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 30 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 85 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग बुजुर्ग एवं दिव्यांगजनों से होम वोटिंग की नई पहल की गई है। लोकतंत्र के पर्व में आज से दोनों लोकसभा क्षेत्र के चारों विधानसभा में पोस्टल बैलेट के माध्यम से होम वोटिंग के लिए चिन्हांकित बुजुर्ग और दिव्यांगजनों के घरों में मतदान दल ने पहुंचकर मतदान करवाया। दोनों लोकसभा क्षेत्र के चारों विधानसभा क्षेत्र के चिन्हांकित 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग और दिव्यांगजनों के घर-घर जाकर मतदान कराया गया। मतदान दल के घर में पहुंचते ही घरवाले और मतदाताओं के चेहरे पर मुस्कान आ गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के.एल चौहान के मार्गदर्शन में जिले के दोनों लोकसभा क्षेत्र के चारों विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चिन्हांकित 85 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग और 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगजन होम वोटिंग कर रहे है। जिले के सबसे अधिक उम्र की महिला मतदाता 100 वर्षीय रामसागर पारा भाटापारा निवासी बिसाहिन साव ने वोट डालकर लोकतंत्र में अपना अमूल्य सहभागिता प्रदान करते हुए सभी लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने वोट डालकर कहा कि घर में ही वोट डालने से मोला बने लागत हे पर ऐ दारी बैलेट पेपर में बहुत झन प्रत्याशी हावे। उसी तरह ग्राम अमेरा निवासी 88 वर्षीय जानकी बाई पटेल ने होम वोटिंग कराने के लिए मतदान दल को घर में पहुंचने पर प्रसन्नता जाहिर की। इसी तरह ही जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के कसडोल विधानसभा अंतर्गत ग्राम सर्वा निवासी दिव्यांग विशेश्वर प्रसाद मिश्रा ने बताया कि पहले मतदान करने के लिए उनके परिवार के सदस्य मतदान केन्द्र ले जाते थे। उन्होंने कहा कि मतदान दल घर में आने से बहुत अच्छा लगा। जिससे बिना किसी असुविधा के लोकतंत्र का हिस्सा बनने का मौका मिला। उनके परिवारजनों ने भारत निर्वाचन आयोग की इस अनूठी पहल के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी प्रकार कसडोल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सेल निवासी दिव्यांग मिलन कलार ने पहली बार पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि अगर मतदान केन्द्र के माध्यम से वोट देने जाता तो मतदान केन्द्र तक घर के किसी सदस्य के सहयोग से ही जा पाता। निश्चित ही इससे अन्य लोगों को कठिनाई महसूस होती है एवं लाईन लगाकर लम्बे इंतजार करना पड़ता है। भारत निर्वाचन आयोग की इस पहल से मुझे घर पर ही मतदान कर बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। इसी तरह ग्राम बाघमाड़ा सोनाखान निवासी 75 वर्षीय दिव्यांग निलाम्बर पटेल ने घर में होम वोटिंग के लिए मतदान दल पहुंचा तो उन्होंने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि घर पर मतदान करना बहुत सुविधाजनक रहा और सुखद अनुभूति रही।

**85 वर्षीय रामप्यारी ठाकुर ने पोस्टल बैलेट के जरिए किया पहला मतदान, उत्साहवर्धन के लिए कलेक्टर रहे उपस्थित :** जिला मुख्यालय स्थित आजाद चौक निवासी 85 वर्षीय रामप्यारी ठाकुर ने पोस्टल बैलेट के जरिए पहली बार मतदान किया। उनके बेटे भोला ठाकुर ने कहा ये अच्छी व्यवस्था है उम्र के साथ ही मां अब कमजोर हो गई है। पहले मतदान केंद्र में जाने से लंबी लाइन में भी लगना होता है और समय भी अधिक लगता है। निर्वाचन आयोग द्वारा यह व्यवस्था बहुत ही सराहनीय है। इसी तरह जिला मुख्यालय के ही वॉर्ड नंबर 6 निवासी 95 वर्षीय बुजुर्ग हमीद बैग ने उत्साह के साथ मताधिकार का प्रयोग किया। इस मौके पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान स्वयं दोनो के घर में उपस्थित रहे है। साथ ही रामप्यारी ठाकुर एवं हमीद बेग को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। इसी तरह अन्य टीमों द्वारा कही पर पुष्पगुछ भेंटकर केक काटकर, फल भेंटकर एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर मतदाताओं का अभिनंदन किया। साथ ही लोकतंत्र के उत्साह में भाग लेने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

गौरतलब है कि ज़िले के 178 मतदाताओं ने फार्म 12 घ भरकर डाक मतपत्र के विकल्प का चयन कर होम वोटिंग की सुविधा ली है जिसमें 85 वर्ष से अधिक आयु के 115 एवं 63 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। जिसमें जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के उप क्षेत्र बिलाईगढ़ विधानसभा अंतर्गत में 85 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग के 18 तथा 7 दिव्यांग मतदाता 25, कसडोल विधानसभा में 85 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग के 44 तथा 22 दिव्यांग मतदाता 66, बलौदाबाजार विधानसभा में 85 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग के 27 तथा 10 दिव्यांग मतदाता 37 एवं भाटापारा विधानसभा में 85 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग के 26 तथा 24 दिव्यांग मतदाता 50 मतदाताओं द्वारा होम वोटिंग हेतु पंजीबध्द है।

### कलेक्टर ने हरी झण्डी दिखाकर टीम को किया रवाना

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के.एल.चौहान ने सुबह 7 बजे संयुक्त जिला कार्यालय परिसर से सभी मतदान दलों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर.आर. दुबे, नोडल अधिकारी अंशुल वर्मा, एसडीएम बलौदाबाजार अमित गुप्ता, पलारी श्यामा पटेल, भाटापारा नितिन तिवारी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### टीमों की हुई सकुशल वापसी

निर्वाचन कार्यालय प्राप्त जानकारी अनुसार मतदान दलों के लिए रवाना हुए 30 टीम सकुशल वापस लौट चुकी है। दिव्यांग एवं बुजुर्ग 2 मतदाताओं आकस्मिक मृत्यु होने के चलते अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाए है। इस तरह 178 मतदाताओं में से 176 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किए है।

## विजय शर्मा बनाए गए आदित्य वाहिनी के राष्ट्रीय महामंत्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 30 अप्रैल।** नगर के लिए बहुत ही गौरव को बात है की पूरे भारतवर्ष में हिंदू राष्ट्र की अलख जगाने वाले और भारत जल्द ही हिंदू राष्ट्र के रूप में उद्घाषित होगा यह घोषणा करने वाले ऋग्वैदिय पूर्वामनाय गोवर्धन मठ पूरी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाभाग के द्वारा संचालित संगठन पीठ परिषद आदित्यवाहिनी, आनंदवाहिनी में बलोदा-बाजार-भाटापारा जिले में आदित्यवाहिनी जिलाध्यक्ष का पद संभाल रहे विजय शर्मा को उनकी कार्य क्षमता को देखते हुए श्रीशंकराचार्य महाभाग ने विजय शर्मा को राष्ट्रीय महामंत्री का पद सौंपा है यह विषय पूरे नगर, जिले एवं हमारे पूरे प्रदेश के लिए बहुत ही गर्व का विषय है शंकराचार्य महाभाग जी के चाहे जिले स्तर का कार्यक्रम हो या प्रदेश स्तर का हो या राष्ट्रीय स्तर का हो विजय शर्मा की महत्वपूर्ण सहभागिता सभी कार्यक्रमों में होती है और नगर में भी विजय के नेतृत्व में बहुत से विशेष आयोजन होते रहते है।

**समक्ष :- न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1, डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

**उत्तराधिकार प्रकरण में उपस्थिति हेतु**

उत्तराधिकार प्र.क्र. 04/2024
श्रवण तिथि 19/06/2024

**दुर्गा प्रसाद** आवेदक
//विरूद्ध//
**तलेश्वर वगैरह** अनावेदकगण

प्रति,
आम जनता, जिस किसी का हित हो

आवेदक दुर्गा प्रसाद के द्वारा एक आवेदन स्व. रविलाल वर्मा के द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव शाखा मोहारा के बचत खाते में जमा राशि मय ब्याज प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने बाबत् तलेश्वर प्रसाद वर्मा एवं अन्य के विरूद्ध पेश किया गया है। आवेदक के पिता रविलाल वर्मा की मृत्यु हो चुकी है, इस कारण आवेदक दुर्गा प्रसाद को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। अतः उक्त प्रकरण में आम जनता हेतु आपत्ती इस्तहार का प्रकाशन किया जा रहा है, तथा अपेक्षा की जा रही है कि उक्त प्रकरण में हित रखने वाला कोई भी व्यक्ति न्यायालय में पेशी दिनांक 19/06/2024 को प्रातः 11:00 बजे आवेदन का उत्तर देने के लिए समंस दिया जाता है, आप संबंधित इस न्यायालय में स्वंय या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा हाजिर हो सकते है जिन्हें सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस दावे संबंधित सारवान तथ्यों का उत्तर दे सकें, या जिसके साथ कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सकें, आप लोगों को यह भी निर्देश दिया है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजों को पेश करे जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

आप लोगों को सूचित किया जाता है कि आप अथवा आपका प्लीडर उपर बताई तारिख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका अवधारण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा, यदि किसी कारण वश उक्त पेशी तारीख को सार्वजानिक अवकाश घोषित किया जाता है या यदि किसी कारणवश कार्य स्थगित किया जाता है तो अगले कार्यदिवस पर प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।

अतः आज तारिख 29/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

(मुहर) **व्यवहार न्यायाधीश वर्ग -1**
**डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं DEEPA M.U. W/O JACOB JOSEPH निवासी मकान न. 68, वार्ड नं. 02 शांति नगर दल्ली राजहरा तह. डौंडी, जिला बालोद छग यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम DEEPA JACOB W/O JACOB JOSEPH रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम DEEPA JACOB W/O JACOB JOSEPH से ही जाना पहचाना जावे।

**DEEPA JACOB**
**निवासी मकान न. 68,**
**वार्ड नं. 02, शांति नगर,**
**दल्ली राजहरा तह. डौंडी,**
**जिला बालोद (छ.ग.)**

## मधुसूदन दास जयंती मनाई गई

**रायपुर, 30 अप्रैल।** मधुसूदन दास फाउण्डेशन के अध्यक्ष गोपाल बाघ एवं सचिव संतोष हियाल ने कर बताया कि स्वतत्रंता संग्राम सेनानी उत्कल गौरव मधुसूदन दास की जयंती मधुसूदन दास प्रतिमा स्थल बैरन बाजार में मनाई गई। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक पुरन्दर मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ सर्व उडिया समाज रायपुर-छ.ग. एवं विशेष अतिथि किशोर महानपंद (प्रदेश मंत्री भाजपा) थे। इस अवसर पर पुरन्दर मिश्रा ने कहा कि 'मधु बाबू' ने उड़िया समाज को भाषाई आजादी दिलायी एवं महात्मा गांधी ने मधुसूदन दास को सच्चा देश भक्त बताया। जयंती समारोह में गुणनिधि मिश्रा एवं दुर्योधन पनका, संतोष हियाल, वेणु चौहान, सत्यानंद ताण्डी, राज कुमार बाघ, राजाराम बाघ, नवीन नायक, बलमत महानंद, गुड्डू वैष्णव, महेश बघेल, सुधीर बाघ, गंगाधर बघेल, पिंकी निहाल, बिंदिया नाग, गंगाधर बघेल आदि अनेक उत्कलवासी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने सुविधा केंद्र का लिया जायजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 30 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के. एल. चौहान ने सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय में मतदानकर्मियों के लिए डाक मतपत्र हेतु स्थापित सुविधा केन्द्र का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कक्ष क्रमांक 03 में बनाये गए रायपुर व जांजगीर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मतदाताओं के लिए सुविधा केंद्र में मतदाताओं की अधिक संख्या होने पर उनके सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल कक्ष क्रमांक 58 में लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 3 जांजगीर-चाम्पा अन्तर्गत आने वाले मतदाताओं के लिए सुविधा केन्द्र को शिफ्ट कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पोस्टल बैलट के सहायक नोडल अधिकारी को दोनों कक्षों में सरल व सहज रुप से मतदान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान अधिकारियों से मतपत्र, आरओ की सील, फॉर्म 12, डाक मतपत्र लिफाफा आदि की ठीक से जांच करने व सावधानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान के लिए कतार में लगे



मतदानकर्मियों को भी अनुशासन व संयम बनाये रखते हुए कक्ष में 2- 2 की संख्या में प्रवेश करने कहा ताकि कक्ष में अनावश्यक भीड़ न हो। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर.आर. दुबे, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टी.के. जाटवर, तहसीलदार राजू पटेल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## कांग्रेस नेता प्रदीप शर्मा को मिली बलौदाबाजार विस की जिम्मेदारी

**डोंगरगढ़, 30 अप्रैल।** छत्तीसगढ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को लोकसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार हेतु विधानसभावार जवाबदारी दी गई है। जिसके तहत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव नेता प्रदीप शर्मा को रायपुर लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले बलौदा बाजार विधानसभा का संयुक्त रूप से प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश पदाधिकारीयों को जारी किये गये पत्र में कहा गया है कि अविलंब अपने-अपने प्रभार विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर पार्टी प्रत्याशी, स्थानीय कांग्रेस संगठन के पदाधिकारीयों से सम्पर्क एवं समन्वय स्थापित कर चुनाव प्रचार-प्रसार को गति प्रदान करते हुए पार्टी की जीत सुनिश्चत करने की दिशा में समुचित आवश्यक कार्यवाही करें। पत्र की प्रति प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट सहित संबधित पदाधिकारी को प्रेषित की गई है।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202404092100002**

विषयः- अ-6 अ
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्:- 2023-2024

**मुरमुंदा (प.ह.नं.00031),**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-तिलक**
**अनावेदक पक्षकार- मिलंतीन,**

### ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तिलक पिता भागचंद जाति सतनामी अन्य 5 निवासी ग्राम मुरमुन्दा कृषक ग्राम मुरमुन्दा प.ह.नं. 30, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि:- आवेदक/अनावेदिका उपरोक्त वर्णित पते पर निवास करते है एवं ग्राम मुरमुन्दा के कास्तकारगण हैं। आवेदक के पिता भागचंद गायकवाड़ वल्द बनउदास सतनामी निवासी मुरमुन्दा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव के द्वारा विक्रेता अनावेदिका मिलन्तीन जौजे जिवराखन सतनामी नि. मुरमुन्दा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव से उसके भूमिस्वामी हक वो आधिपत्य की ग्राम मुरमुन्दा स्थित भूमि खसरा नंबर 180/4, 181/3 रकबा 0.0600 हे., 0.2240 हे. लगान 0.85 रूपै की भूमि को मुब 40,000/- चालिस हजार रूपै में क्रय किया था। था। जिसका विधिवत् पंजीयन उप पंजीयन कार्यालय डोंगरगढ़ में दिनांक 02/04/2002 को हुआ है। जिसके बयनामा की छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न है। आवेदक के पिता भागचंद गायकवाड़ आ. बनउदास सतनामी के द्वारा विधिवत् अपने पक्ष में प्रमाणिकरण करवा चुका है। जिसका ना.क्र. 250 दिनांक 17/06/2002 है। तथा परचा भी बन चुका है। जिसका पुस्तिका नंबर पी. 118286 है। आवेदक के पिता भागचंद आ. बनउदास सतनामी की मृत्यु दिनांक 25/05/17 को हो चुकी है। पिता की मृत्यु होने के कारण आवेदक द्वारा अपने स्व. पिता भागचंद की फौती दर्ज करवा चुका है। तथा मृतक के वारिसानों तिलक, देवकुंवर, खेमिनबाई, रूपाबाई, पिंकी पिता भागचंद एवं जेठिया बाई बेवा भागचंद का नाम दर्ज करवा चुका है जिसका नामांतरण क्रमांक 23 ग्रा. पं. मुरमुन्दा के प्र.क्र. 07 पारित आ. दिनांक 29/04/2019 है। आवेदक के द्वारा अपनी उपरोक्त भूमि का नकल निकाला गया तो उक्त भूमि पर अभी भी विक्रेता/अनावेदिका मिलंतीन पति जीवराखन सतनामी का नाम दर्ज बताया जा रहा है। ग्राम मुरमुन्दा प.ह.नं. 31 स्थित भूमि खसरा नंबर 180/4, 181/3 रकबा 0.0600 हे. एवं 0.2240 हे. को आवेदक तिलक, देवकुंवर, खेमिनबाई, रूपाबाई, पिंकी पिता भागचंद जेठियाबाई बेवा भागचंद के नाम से ऑनलाईन रिकार्ड में दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 06.05.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/04/2024 को जारी किया जाता है।

(मुहर) **तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202404092100001**

विषयः- अ-6 अ
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2023-2024

**बछेराभाठा (प.ह.न. 00026), चौथना (प.ह.न. 00026),**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-चतरू-बहेकर,**
**अनावेदक पक्षकार-**

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चतरु बहेकर पिता स्व. काशीराम जाति कुनबी निवासी ग्राम- चौथना, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि:- आवेदक उपरोक्त पते का स्थाई निवासी है। आवेदक के एकल नाम से भूमि स्वामी हक व आधिपत्य में ग्राम चौथना, प.ह.नं. 26 तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. में कृषि भूमि स्थित है जिसका खसरा नंबर 122/20 रकबा 0.0400 हे. भूमि स्थित है जो कि मेरे ऋण पुस्तिका में भी दर्ज है पूर्णतः सत्य व सही है। आवेदक की उक्त वर्णित भूमि खसरा नंबर 122/20 का रकबा 0.0400 हे. भूमि का राजस्व ऑनलाईन रिकार्ड बी-1. खसरा एवं रकबा नक्शा, अज्ञात पिता अंजान नाम से दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है। उक्त वर्णित भूमि के ऑनलाईन रिकार्ड मुझ आवेदक के नाम पर दर्ज ना होकर अज्ञात पिता अंजान नाम से दर्ज हो जाने के कारण मुझ आवेदक को अपनी भूमि से संबंधित शासकीय व अर्धशासकीय, धान विक्रय, बैंकिंग एवं कृषि कार्य एवं भूमि विक्रय करने में अत्यंत परेशानियां हो रही है। आवेदक की उक्त भूमि खसरा नंबर 122/20 का रकबा 0.0400 हेक्टेयर के ऑनलाईन रिकार्ड बी-1, खसरा एवं नक्शा में मुझ आवेदक का नाम दर्ज किया जाना न्यायसंगत होगा। आवेदक की उक्त भूमि खसरा नंबर 122/20 का रकबा 0.0400 हेक्टेयर भूमि के राजस्व ऑनलाईन रिकार्ड बी-1, खसरा नक्शा में से अज्ञात पिता अंजान का नाम विलोपित कर मुझ आवेदक चतुर बहेकर पिता स्व. काशीराम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 06.05.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/04/2024 को जारी किया जाता है।

(मुहर) **तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

### छीपा सोसायटी के समिति प्रबंधक गोवर्धन वर्मा की मौत का मामला

# समिति प्रबंधक खुदकुशी मामले में नवाज खान की भूमिका संदिग्ध?

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 30 अप्रैल।** छीपा सोसायटी के समिति प्रबंधक गोवर्धन वर्मा की मौत के बाद विभागीय स्तर पर चल रही जांच को लेकर पूरे मामले की विवेचना कर रहे जांच अधिकारी ने स्थानीय पुलिस प्रशासन के माध्यम से जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव के अध्यक्ष नवाज खान को इस मामले में कथन के लिए नोटिस जारी किया है।

बताया जा रहा है कि स्थानीय पुलिस अधिकारियों द्वारा बयान के लिए नवाज खान को थाने भी बुलाया गया था। हालांकि इस मामले में एक सप्ताह बीतने के बावजूद नवाज खान का कथन दर्ज करने में जांच अधिकारी असफल रहे है।

**मृतक की पत्नी ने की पुनः जांच की मांग:** इधर समिति प्रबंधकों की बैठक में मेढ़ा सोसायटी के प्रबंधक कुलदीप विश्वकर्मा द्वारा फर्जीवाड़ा करने के अपराधिक मामले को लेकर उनकी धर्मपत्नी ने इस मामले की गंभीरता से जांच कर अपने पति को निर्दोष बताते हुए बैंक से जुड़े अधिकारी व जनप्रतिनिधियों के खिलाफ आरोप लगाते हुए पूरे मामले की फिर से जांच करने की बात कही है। वर्तमान में कांग्रेस शासन काल में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज खान के कार्यकाल के दौरान कुछ चेहेते समिति प्रबंधकों के माध्यम समिति में फर्जी तरीके से नौकरी लगाने के अलावा नवनिर्मित समिति की व्यवस्था, भूसा खरीदी, तालपत्री खरीदी एवं अन्य सामाग्री की खरीदी के नाम से जिला सहकारी बैंक में लाखों रूपये की फर्जीवाड़ा करने का मामला भी सामने आ रहा है। के अलावा पुलिस ने सफलता हासिल नहीं की है। इधर शहर में चर्चा है कि इस पूरे मामले में जिलाध्यक्ष नवाज खान की भूमिका संदिग्ध है, जिसके कारण वे इस मामले से बचने डोंगरगढ़ क्षेत्र में भी नहीं है। इधर इस पूरे मामले में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष कुंजाम ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष के खिलाफ किसी प्रकार का एफआईआर एवं मामला दर्ज नही होने की बात कही। छिपा सोसायटी के प्रबंधक के धान के शार्टेज व गबन के मामले में विवेचना कर रहे विभागीय अधिकारी द्वारा नियमतः थाने में जानकारी देकर कथन लिये जाने का हवाला दिया गया है।

**दूसरे राज्य के धान को भी खपाया गया :** बताया जाता है कि कई समितियों में बड़े पैमाने में दूसरे राज्य का धान फर्जी तरीके से खपाने की बात भी सामने आयी है। डोंगरगढ़ विकासखंड के करेला भंडारपुर, कोलिहापुरी, रेंगाकठेरा, पनियाजोब, मुढीपार, चारभाठा, सोसायटियों के माध्यम से बैंक प्रबंधकों के साठगांठ से लाखों रूपये की राशि फर्जी तरीके

से आहरण करने की बात सामने आ रही है। जिला सहकारी बैंक के वर्तमान अध्यक्ष सचिन बघेल व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने पूर्व जिलाध्यक्ष नवाज खान के कार्यकाल में लाखो रूपये की शासकीय राशि के दुरूपयोग का आरोप लगाते हुए बैंक में हुए भ्रष्टाचार को उजागर भी किया है। बताया जा रहा है कि कई सोसायटियों में फर्जी तरीके से केसीसी लोन, के माध्यम से भी शासकीय राशि के दुरूपयोग के और मामले भी सामने आ सकते है। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के बाद पूर्व जिलाध्यक्ष नवाज खान के कार्यकाल में धान खरीदी केन्द्र से लेकर जिला सहकारी बैंक से शासन के नियमतः विभिन्न योजनाओं में की गई गड़बड़ी की जांच भी होगी और भी बड़े भ्रष्टाचार उजागर होने की संभावना जतायी जा रही है, जिसमें जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक, सुपरवाईजर एवं सोसायटी से जुड़े शासन के नोडल अधिकारी, मार्कफेड के डीएमओ एवं कर्मचारियों की भी मिलीभगत उजागर होगी।

# स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने आयोग की तीसरी आंख सक्रिय

## आयोग को मिल रही सीधी शिकायतों का त्वरित निराकरण

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 30 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की तीसरी आंख सक्रिय हो गई है। आयोग के आंख-कान माने जाने वाले पर्यवेक्षक छत्तीसगढ़ के सभी सात लोकसभा क्षेत्रों में आय-व्यय, सामान्य शिकायतों, ईमेल तथा सोशल मीडिया पर तीव्र दृष्टि रखे हुए है। जिसके चलते अब अभ्यर्थियों व कार्यकर्ताओं को काफी परेशानी हो रही है।

छत्तीसगढ़ में सात लोकसभा क्षेत्रों में 7 मई को मतदान होना है। सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर, राजनांदगांव, दुर्ग में चुनाव को स्वतंत्रतापूर्वक कराने के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए गए हैं। बिलासपुर में सामान्य प्रेक्षक के रूप में अभय महाजन व लेखा प्रेक्षक श्रीकांत नामदेव अभ्यर्थियों के आय-व्यय, सोशल मीडिया एवं ईमेल को खंगाल रहे हैं। यहां अवैध शराब तथा मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए पुलिस प्रेक्षक भी नियुक्त कर दिया गया है। बिलासपुर में भाजपा के तोखन साहू और कांग्रेस के देवेन्द्र यादव के बीच सीधा मुकाबला है। देवेन्द्र यादव द्वारा यहां पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को एक बड़ी राशि देने की शिकायत भी आयोग को मिली है। देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी को लेकर ईडी कोर्ट की शरण में है। वे भिलाई के विधायक हैं और बिलासपुर से चुनाव लड़ रहे हैं जिसके कारण यहां के कार्यकर्ताओं में रोष है।

### रायगढ़ में शिकायतों की भरमार

रायगढ़ में सामान्य प्रेक्षक के रूप में अंशज सिंह, व्यय प्रेक्षक सेंशल कुमार वी. एवं सुरक्षा प्रेक्षक मुख्तार मोहसीन नियुक्त किए गए हैं। यहां पर भी सामान्य शिकायतें आ रही है। चूंकि मुख्यमंत्री की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है इसलिए यहां पर पार्टी द्वारा भारी खर्च किया जा रहा है। आयोग को निरंतर शिकायतें मिल रही है। अतिक्रमण, भ्रष्टाचार, पदस्थापना एवं शराब वितरण को लेकर शिकायतें है।

### दीदी बनाम भाभी का रोचक मुकाबला

कोरबा लोकसभा क्षेत्र भौगोलिक स्थिति एवं जातिगत समीकरण पर आधारित है। यहां पर्यवेक्षक के रूप में स्वयं सिंह मीणा, मुकेश कुमार एवं व्यय प्रेक्षक कैलाश सुखदेवे नियुक्त किए गए हैं। भिलाई की रहने वाली भाजपा की सरोज पांडेय दीदी और कांग्रेस की ज्योत्सना महंत भाभी के बीच कड़ा मुकाबला है। दोनों एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। भारी ज्योत्सना महंत का कहना है कि दीदी की शादी हो जाएगी तो वह ससुराल चली जाएगी। कोरबा में कुल 16 लाख मतदाता हैं जिनमें से सिर्फ कोरबा के कोरबा, पाली, तानाखार एवं रामपुर में 9 लाख मतदाता है। ये मतदाता ही निर्णायक होंगे। यह लोकसभा क्षेत्र चार जिलों के अंतर्गत आता है। औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण यहां चुनावी चंदे को लेकर काफी शिकवा शिकायतें आई है। भाजपा के अलावा कांग्रेस के खर्चों एवं अन्य कार्यों पर भी आयोग की नजर है।

राजधानी में चुनाव कार्य में लगे कर्मचारी छुट्टी मांग रहे हैं। प्रेक्षकों के पास इस समय शराब, ड्रग एवं कीमती धातुओं की जब्ती सहित अन्य शिकायतें आ रही है। यहां पर सामान्य प्रेक्षक के रूप में संजय कुमार एवं मोहन सिंह ठाकुर तथा व्यय प्रेक्षक के रूप में आस्थानंद पाठक नियुक्त किए गए हैं। माइक्रोआब्जर्वर भी चुनावी खर्च पर नजर रखे हुए है। आयोग द्वारा खर्च की सीमा तय की गई है। यहां पर बृजमोहन अग्रवाल और विकास उपाध्याय के बीच टक्कर है। विकास उपाध्याय सभी विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर चुके हैं। सभी सामान्य प्रेक्षकों के मोबाइल नंबर उपलब्ध करा दिए गए हैं। आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रशासन अनेक स्थानों पर चेकिंग कर रहा है। सरगुजा एवं दुर्ग में भी प्रेक्षकों को मिली शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। आयोग के अनुसार सी-विजिल में अभी तक अनेक शिकायतें मिल चुकी है। कुल 1114 शिकायतें प्राप्त हुई है जिनमें से 777 पर कार्रवाई की गई है। 334 शिकायतें ड्रॉप की गई है। तीसरे चरण के लिए ईवीएम और रायगढ़ लोकसभा क्षेत्रों के लिए ईवीएम-वीवीपैट की की कमिशनिंग का काम पूरा हो चुका है।

## महतारी वंदन में 75 प्रतिशत महिलाओं को दूसरी किश्त नहीं मिली: बैज



**रायपुर 30 अप्रैल।** महतारी वंदन में 75 प्रतिशत महिलाओं को दूसरी किश्त की राशि अभी तक नहीं मिली है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि वोट लेने के लिये मुख्यमंत्री तीसरी किश्त की राशि के संबंध बयान दे रहे है। कांग्रेस ने मांग किया है कि सरकार बतायें महतारी वंदन योजना की दूसरी किश्त कितने महिलाओं के खाते में डाला गया। जिन महिलाओं को पहली किश्त मिली थी उनमें से अधिकांश महिलाओं को अभी तक दूसरी किश्त नहीं मिली है। भाजपा सरकार पहली किश्त देने के बाद महिलाओं को दूसरी किश्त नहीं दे रही है। सरकार तीसरी किश्त देने का केवल बयानबाजी कर रही है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि सरकार जिन महिलाओं के खाते में दूसरी किश्त डाली गयी है उनका नाम सार्वजनिक करें। भाजपा की नीयत में खोट आ गया है, जब लोकसभा चुनाव के पहले महिलाओं के खाते में पैसा नहीं आ रहा तब लोकसभा चुनाव के बाद महतारी वंदन योजना बंद हो जायेगी इसकी गारंटी है। विष्णुदेव साय की सरकार ने साबित किया है कि झूठ, लफ्फ़ाज़ी और वादाखिलाफी ही मोदी की गारंटी है।

डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ का केवल शोषण कर रही है। महतारी वंदन के नाम पर प्रदेश के 1 करोड़ 4 लाख महिला मतदाताओं में से अधिसंख्यक महिलाओं का इंतजार अब तक खत्म नही हुआ है। 18 से 21 वर्ष की विवाहित महिलायें पूरी तरह से ठगी गई, यही नहीं जिन्हे पात्र बताया उनका पैसा भी खातों में अब तक नही आये। ऐसे हितग्राहियों की बड़ी संख्या है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने सरकार बनते ही महिलाओं के खाता में 1 हजार रु. महीना ट्रांसफर करने का वादा किया था, दिसंबर माह में साय सरकार का गठन हो गया है और अभी जनवरी-फरवरी, मार्च और अप्रैल 4 माह हो चुका है और मात्र एक महीने की 1000 रु. राशि महिलाओं को दी गई है. यह महिलाओं के साथ धोखा और छल हैं. प्रदेश के 70 प्रतिशत महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। साय सरकार महतारी वंदन योजना में छल कपट खेल बंद करे।

## एक नजर

### छात्रों ने जेईई मेन में हासिल की सफलता



**रायपुर 30 अप्रैल।** नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी ने जॉइंट एंट्रेन्स एक्ज़ाम मेन 2024 के परिणामों की घोषणा कर दी है। जेईई मेल का आयोजन 2 सत्रों में हुआ। पहले सत्र 28 जनवरी 2024 से 1 फरवरी 2024 के बीच हुआ और दूसरा सत्र 4 अप्रैल, 5 अप्रैल, 6 अप्रैल, 8 अप्रैल और 9 अप्रैल 2024 को हुआ। दोनों सत्रों में सर्वश्रेष्ठ दो एनटीए स्कोर्स के अधार पर उम्मीदवारों की रैंकिंग जारी की गई है। एनटीए द्वारा घोषित जेईई मेन 2024 के परिणामों के साथ इंजीनियरिंग एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में भारत के प्रमुख संस्थान फिटजी अपने छात्रों की शानदार सफलता का जश्न मनाने के लिए तैयार है। आर एल त्रिखा, डायरेक्टर, फिटजी ग्रुप ने कहा यह वास्तव में फिटजी के लिए गर्व का समय है। हम अपने छात्रों के परफोर्मेन्स को लेकर उत्सुक हैं तथा छात्रों, उनके अभिभावकों एवं फिटजी के फैकल्टी और स्टाफ को बधाई देते हैं। यह उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का ही परिणाम है। हमारे देश में सैकण्डरी एजुकेशन छात्रों के एनालिटिकल स्किल्स को बेहतर बनाने में सक्षम नहीं है, यही कारण है कि स्कूल में अच्छा परफोर्मेन्स देने वाले छात्र अक्सर प्रतियोगी परीक्षा में पिछड़ जाते हैं। इसलिए छात्रों में एनालिटिकल क्षमता को विकसित करना ज़रूरी है, फिटजी कुछ ऐसा ही करता है।

### लस्सी पीने के बाद क्रेन ऑपरेटर की मौत

**रायपुर 30 अप्रैल।** उरला इलाके में एक कंपनी में ठेकेदार के जरिये क्रेन चलाने वाले ऑपरेटर की पेट दर्द के बाद एम्स में मौत हो गई. चूंकि डॉक्टरों ने संदिग्ध मौत बताई, इसलिए पुलिस ने शव का पीएम कराया. हालांकि रिपोर्ट अभी नहीं मिली है. पुलिस का कहना है कि मृतक सहेन्द्र शर्मा पिता वकील शर्मा 39 वर्ष गोगांव में किराए का मकान लेकर पत्नी व दो बच्चों के साथ रहता था. वह मूलतः आरा, बिहार का रहने वाला था. उसने काम करने के दौरान एक दिन पहले गर्मी में फैक्ट्री के बाहर किसी ठेले में जाकर लस्सी पीया था. फिर पेट दर्द की शिकायत की. उसे नींबू पानी पिलाया गया. क्रेन ऑपरेटर की मौत की वजह पीएम रिपोर्ट से ही पता चलेगी. घर के पास के डॉक्टर ने दिया था इंजेक्शन पुलिस के मुताबिक ठेकेदार व अन्य सहकर्मियों ने उसे अस्पताल ले जाने की बात कही तो उसने घर ले चलने कहा. घर के पास के किसी डॉक्टर ने कोई इंजेक्शन भी लगाया, जिसके बाद भी उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ. अब पुलिस उक्त डॉक्टर से भी पूछताछ करने की तैयारी कर रही है कि उसने उक्त मरीज को कौन सा इंजेक्शन लगाया था।

### सुधर्म धार्मिक शिक्षण शिविर 2 मई से

**रायपुर 30 अप्रैल।** श्री सुधर्म स्थानकवासी जैन श्रीसंघ के तत्वावधान में सुधर्म परिवार रायपुर व्दारा धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन 2 मई से 8 मई तक सुधर्म जैन विहार, भैरव सोसायटी, रायपुर में किया जा रहा है। संघ के अध्यक्ष प्रेमचंद गोलछा, सचिव कमल बोहरा, नवयुवक मंडल के संरक्षक अजय जैन व अध्यक्ष जयेश बोहरा, महिला मंडल अध्यक्षा ने बच्चों, युवाओं, महिलाओं सभी से निवेदन किया है कि शिविर का अधिकाधिक लाभ लेकर अपने जीवन में सद्गुणों एवं संस्कारों का विकास करें। विगत 41 वर्षों से निरंतर जारी श्री सुधर्म परिवार-रायपुर व्दारा ग्रीष्मकालीन धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन पूज्य पिताश्री स्व. श्री उमेदचंद जी एवं मातुश्री स्व. श्रीमति विमला देवी गोलछा की स्मृति में गौतमचंद, स्वरूपचंद, संजय विनेश गोलछा व परिवार के सौजन्य से किया जा रहा है। इस शिविर में न्यूनतम 5 वर्ष के बच्चों से लेकर 100 वर्ष तक के पुरूष-महिला भाग ले सकते है। शिविर में अध्यापन हेतु बाहर व शहर के सहयोगी अपनी सेवाएं देंगे। उक्त जानकारी देते हुए अजय गोलछा ने बताया कि शिविर का समय श्रावक-श्राविकाओं हेतु प्रातः 6.15 बजे से 7.30 बजे तक (विषय- जिनशासन की बोलती तस्वीरें), बच्चों की क्लास प्रथम सत्र प्रातः 8.30 बजे से दोपहर 11.30 बजे तक एवं व्दितीय सत्र दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक, दोपहर 1.30 से 4 बजे तक श्राविका शिविर एवं रात्रि 8.30 बजे से सामूहिक पारिवारिक सत्र एवं प्रश्नोत्तर (विषय- जैन धर्म के माध्यम से तनाव प्रबंधन) रखा गया है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 30 अप्रैल।** शांति विहार कालोनी डगनिया में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी चंद्रशेखर रहंगडाले 35 वर्ष शांति विहार कालोनी डगनिया का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल शाम वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनक्यू 3272 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

### रियलमी नार्ज़ो 70 सीरीज 5जी पेश किया

**रायपुर 30 अप्रैल।** सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज रियलमी नार्ज़ो श्रृंखला में रियलमी नार्ज़ो 70 सीरीज़ 5जी का लॉन्च किया। इस सीरीज़ में दो अत्याधुनिक स्मार्टफोनः रियलमी नार्ज़ो 70एक्स 5जी और रियलमी नार्ज़ो 70 5जी पेश किए गए हैं। रियलमी नार्ज़ो स्टाईलिश स्मार्टफोंस की सीरीज़ है, जो यूज़र्स को विस्तृत अनुभव प्रदान करती है।

## वयस्क टीकाकरण समय की मांग: केडिया

**रायपुर 30 अप्रैल।** संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की इंडिया एजिंग रिपोर्ट 2023 के अनुसार भारत में वर्ष 2036 तक 50 साल से ऊपर के लोगों की संख्या बढ़कर 40.4 करोड़ होने की उम्मीद है। वर्ष 2020 में यह संख्या 26 करोड़ थी। वर्ष 2050 तक हर पांच में से एक व्यक्ति 50 वर्ष से अधिक उम्र का होगा। ऐसे में भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को बढ़ती उम्र की इस आबादी की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहना होगा। बढ़ती उम्र के साथ आने वाली प्रमुख चुनौतियों में निमोनिया, इन्फ्लूएंजा और शिंगल्स जैसी संक्रामक बीमारियों के प्रति बढ़ती संवेदनशीलता है ये संक्रमण बुजुर्गों पर व्यापक शारीरिक, मानसिक और आर्थिक दुष्प्रभाव डाल सकते हैं शिंगल्स मूलतः पुराने चिकनपॉक्स वायरस की पुनः सक्रियता से होने वाला दर्दनाक संक्रमण है। यह संक्रमण पोस्टहेरपेटिक न्यूराल्जिया नाम की एक दर्दनाक जटिलता का कारण भी बन सकता है। लाइफवर्थ हॉस्पिटल, रायपुर के एमडी एवं सीनियर कंसल्टेंट फिजिशियन डॉ. अरुण कुमार केडिया कहते हैं वैसे तो बचपन में होने वाले टीकाकरण से बीमारी की व्यापकता में काफी कमी आई है लेकिन वयस्कों के टीकाकरण के महत्व को कम नहीं आंका जा सकता है। यह गलत धारणा है कि टीकाकरण केवल बच्चों के लिए है। 50 वर्ष और उससे अधिक आयु के वयस्कों को शिंगल्स, न्यूमोकोकल डिजीज और इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियों एवं उनकी गंभीर जटिलताओं से बचाने में टीकाकरण से बहुत लाभ हो सकता है। टीकाकरण द्वारा इन बीमारियों से बचाव संभव है। ये संक्रमण न केवल जीवन की गुणवत्ता पर दुष्प्रभाव डालते हैं बल्कि इनसे भारत के हेल्थकेयर सिस्टम पर भी बोझ पड़ता है हृदय रोग सांस की बीमारी और डायबिटीज जैसी पुरानी बीमारियों से पीड़ित उम्रदराज वयस्क संक्रामक रोगों के प्रति और भी अधिक संवेदनशील होते हैं। 2017 की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में संक्रामक रोग से संबंधित मौतों में 95प्रतिशत से अधिक मौतें बड़ी उम्र के लोगों की होती हैं। ये बीमारियाँ न केवल कमजोर करती हैं, बल्कि इनसे एनसीडी से जुड़े लक्षण भी बढ़ते हैं।

## शोध अध्ययन की तकनीक में आमूलचूल परिवर्तन



**रायपुर 30 अप्रैल।** अग्रसेन महाविद्यालय (पुरानी बस्ती रायपुर) एवं महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में न्यू मेथोडोलॉजी इन रिसर्च प्रजेंटेशन विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला आज संपन्न हुई. समापन समारोह में पंडित सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. बंशगोपाल सिंह वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से कार्यक्रम में स्शामिल हुए. वहीँ, हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ अरुणा पल्टा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं. शिक्षा प्रचारक समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की. पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में प्रबंध संस्थान के अध्यक्ष एवं प्रोफ़ेसर डॉ ए.के. श्रीवास्तव तथा महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति के अध्यक्ष एवं अग्रसेन महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ वी.के. अग्रवाल, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे.

इस कार्यशाला को एक महत्वपूर्ण प्रयास बताते हुए प्रो. सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में शोध अध्ययन की तकनीक में आमूलचूल परिवर्तन हुआ है. उन्होंने कहा कि सूचना तकनीक (आई-टी) और कृत्रिम बुद्धि (ए-आई) के उपयोग से श्रेष्ठ स्तर का शोध पत्र लिखने में निश्चित ही मदद मिलती है. उन्होंने कहा कि शोध प्रबंध (थीसिस) एवं शोध पत्र (रिसर्च पेपर) की प्रस्तुति में अंतर होता है. क्योंकि दोनों में अंतर-वस्तु का विस्तार अलग-अलग विधि से किया जाता है. हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ अरुणा पल्टा ने कहा कि समय के साथ शोध की प्रस्तुति के लिए नई प्रविधियों और तकनीकों की उपयोगिता बहुत अधिक हो गई है. लेकिन प्रस्तुति में बहुत ज्यादा तकनीक पर ध्यान देने से कई बार शोध का विषय गौण हो सकता है. पंडित रविशंकर शुक्ल में प्रबंध अध्ययनशाला के अध्यक्ष डॉ ए.के. श्रीवास्तव ने कहा कि आजकल शोध की मौलिकता को परखने के लिए अनेक सॉफ्टवेयर इस्तेमाल किये जा रहे हैं. महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष अजय तिवारी ने कहा कि महाविद्यालय के द्वारा ऐसे अकादमिक कार्यक्रम के लिए जब भी प्रयासरत हो उन्हें स्वतन्त्र निर्णय लेकर ऐसे कार्यक्रम करना चाहिए जिससे कि महाविद्यालय के प्राध्यापक एवम शोधकर्ताओं को अधिकतम लाभ पहुंचे। आभार प्रदर्शन महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ देवाशीष मुखर्जी ने की। डॉ श्रुति तिवारी ने इस पांच दिवसीय कार्यशाला पर आधारित समग्र रिपोर्ट प्रस्तुत की. कार्यक्रम के अन्त में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए. कार्यक्रम का संचालन महंत कॉलेज की प्राध्यापिका प्रो अपूर्वा शर्मा एवं डॉ जया चंद्रा ने किया।

## भगवान परशुराम शोभायात्रा की तैयारी प्रारंभ

**रायपुर 30 अप्रैल।** भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव एवं सर्व ब्राह्मण शोभा यात्रा के आयोजन को लेकर जगन्नाथ मंदिर गायत्री नगर में समाज प्रमुखों की बैठक आहूत की गई।



विधायक पुरन्दर मिश्रा तथा समाज प्रमुखों की उपस्थिति में आयोजित बैठक में 11 मई, शनिवार को सायं 4:00 बजे धरना स्थल, बुढ़ापारा में भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव तथा शोभा यात्रा का भव्य आयोजन का निर्णय लिया गया। उपस्थित समाज प्रमुखो ने आयोजन की सफलता के लिए अपने विचार व्यक्त किये। विधायक पुरन्दर मिश्रा ने शोभायात्रा को भव्य स्वरूप देने के लिए अधिक से अधिक उपस्थिति की अपील की। शोभायात्रा में झांकियों की संख्या बढ़ाने, लोक नृत्य दल के साथ-साथ बग्गी पर सवार परशुराम के भेष में विप्र जन शामिल होंगे। सर्वसम्मति से संरक्षक मंडल तथा संचालन समिति गठन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से विधायक पुरन्दर मिश्रा, अरुण शुक्ला, ललित मिश्रा, दिनेश शुक्ला, गुणनिधि मिश्रा, अमृतलाल बिल्थरे, रज्जन अग्निहोत्री, स्वामी राजेश्वरानंद, लव कुश पांडे, उमाकांत मिश्रा, बृजेश सतपथी, मुकेश मिश्रा, लक्ष्मण सतपथी, निवेदिता मिश्रा, राजकुमार शर्मा, अनिल चतुर्वेदी, राजेंद्र दुबे, विशाल पांडे, आरके तिवारी, वैभव शर्मा बाजारी, सुनील पांडे, दुर्गा प्रसाद पांडे, कपिल ओझा, हरिशंकर मिश्रा, वीरमणि चौबे, कृष्ण नारायण तिवारी, लाल जी पांडे, राजेश तिवारी ,वीर अजीत शर्मा, रविंद्र नाथ शास्त्री, एस के पंडा,अ पाणी , रामनिवास शुक्ला, सच्चिदानंद होता, सुधीर चौबे शामिल हुए। संचालक ललित मिश्रा तथा आभार अरुण शुक्ला ने किया।

## महालक्ष्मी योजना के नाम पर ठगने का काम कर रही कांग्रेस:भाजपा



**रायपुर,30 अप्रैल.** एकात्म परिसर में भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने प्रेसवार्ता लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा. उन्होंने कहा, लोकसभा चुनाव प्रदेश में अंतिम चरण में है. 7 मई को चुनाव है. जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहा वैसे-वैसे नेताओं का दौरा हो रहा, लेकिन कांग्रेस का मामला दूसरा है. कांग्रेस अपनी स्थिति को नाकाम देखते हुए जनता को दिग्भ्रमित करने की कोशिश कर रहे. श्रीवास्तव ने कहा, आज कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष आज आ रहे. उनकी प्रेस कांफ्रेस थी वह रद्द हुई है. कांग्रेस के अंदर से सूचना आ रही. जिस तरह से अमित शाह का वीडियो आ रहा उसी जवाब से बचने कांग्रेस को प्रेस कांफ्रेस रद्द करना पड़ा. इससे कांग्रेस की स्थिति समझा जा सकता है. संजय श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस हार की बौखलाहट में है. ये केवल झूठ बोलकर आम जनता के बीच प्रस्तुत कर रहे, वीडियो को एडिट कर डाला जा रहा. संविधान के बारे में भी मिथ्या प्रचार किया जा रहा. लोकतंत्र खतरे में होने की बात कांग्रेस करती है, जबकि कांग्रेस खतरे में है. कांग्रेस की महालक्ष्मी योजना को लेकर संजय श्रीवास्तव ने कहा, महालक्ष्मी योजना के नाम पर कांग्रेस ठगने का काम कर रही. इनकी 15 हजार वाली योजना को महिलाओं ने ठुकराया और हमारी 12 हजार वाली योजना को स्वीकारा. जनता जानती है कांग्रेस केवल झूठ की राजनीति करती है. आरक्षण को लेकर श्रीवास्तव ने कहा, धर्म के आधार पर कोई आरक्षण नहीं है. बावजूद कांग्रेस ने गैर मुस्लिमों को आरक्षण देने का काम किया.

## वंदना तिवारी श्रेष्ठ गायन के लिए पुरस्कृत



**रायपुर 30 अप्रैल।** सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय 30 से 60 वर्ष के महिला गायन प्रतियोगिता में वंदना तिवारी को श्रेष्ठ गायन पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। उक्त पुरस्कार समाज द्वारा वृंदावन हाल सिविल लाइंस में आयोजित प्रांतीय सम्मेलन अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी, विधायक पुरंदर मिश्रा कथा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने स्मृति चिन्ह ,श्रीफल व प्रशस्ति पत्र भेंट कर प्रदत्त किया।

## दिव्यांग कवियित्री ने जीता श्रोताओं का दिल



**रायपुर 30 अप्रैल।** वेंकटेश साहित्य मंच द्वारा कवियों की प्रतियोगिता का स्वयं को स्वयं से प्रेरणा थीम पर वृंदावन हॉल में रविवार को आयोजन किया गया जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक शामिल किए गएद्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम बैस, बीज विकास निगम एवं आरडीए के पूर्व अध्यक्ष समाजसेवी एवं विशिष्ट अतिथि/निर्णायक कवि, चिंतक, लेखक संजीव ठाकुर कवि डॉ जगदीश कुमार डागर थे, कार्यक्रम का संयोजन मुकेश गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लगभग 30 प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया। नवोदित कवि तथा कवित्रियों ने भाव विभोर करने वाली कविताओं का पाठ किया। कविता पाठ में युवा वर्ग में पुजाली पटले,प्रौढ़ वर्ग में कु,रश्मि शकुंतला मिश्रा, बुजुर्ग वर्ग मे बी,आर,डोमने विजेता रहे। कार्यक्रम में उल्लेखनीय बात यह रही कि दिव्यांग कवित्री सुषमा बग्गा ने काव्य पाठ कर सबको भावुक, संवेदनशील कर सदन का दिल जीत लिया, उन्होंने अपनी कविता पाठ इस तरह किया-

मंजिल चाहे जितनी दूर हो, राहें भी हो काटों भरी,0 है विश्वास अपने परों पर,0 ऊंची सदा उड़ान भरें, चलना खुद ही गिरना खुद ही मंजिल को पा कर दम लें। युवा वर्ग की विजेता प्रतिभागी पुजाली पटले ने पढ़ा - परेशान थी कि उन्होंने मुझे समझा क्यूँ नहीं। मैं फिर परेशान हुई कि आखिर उन्होंने मुझे गलत क्यूँ समझा। अरे जब उन्होंने तुम्हें समझा ही नहीं तो उनके गलत समझ या न समझने की आखिर यह कश्मकश क्यों ? प्रौढ़ वर्ग की विजेता कु रश्मि शकुंतला मिश्रा ने पढ़ा- स्वयं मे स्वयं से स्वयं को यह प्रश्न बारम्बार हो.. या परिस्थितियों की बेड़ीयों का विखंडन हो या हार सहज़ स्वीकार हो। बुजुर्ग वर्ग में बी,आर डोमने को पुरस्कृत किया गया, सभी प्रतिभागियों को संस्था की तरफ से उत्कृष्टता का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। डॉ कमल वर्मा,प्रभात शुक्ला, भिलाई से मनीष श्रीवास्तव एवं अन्य प्रतिभागी कवियों ने महत्वपूर्ण रचनाएं पढ़ी।

मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागी कवियों को बधाई तथा शुभकामनाएं दी। कवि संजीव ठाकुर तथा जेपी डागर द्वारा भी काव्य पाठ किया गया। संचालन एवं आभार प्रदर्शन संस्था के संयोजक मुकेश गुप्ता द्वारा किया गया।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26